



हरिभूमि

छत्तीसगढ़ | मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



320 भारतीय लापता, 21 काठमांडू से पहुंचे दिल्ली

मलबे में जिंदगी की तलाश छत्तीसगढ़ से दो लापता

- त्रिशूली साइट से 350 मजदूरों का रेस्क्यू, 63 भारतीय शामिल
- आपदा के 3 दिन बाद भी निकल रहीं लाशें
- भीषण बाढ़ की दूसरी लहर का खतरा, नई चेतावनी जारी

नेपाल और तिब्बत की सीमा पर आई भीषण बाढ़ की तबाही को तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन मलबे से अब भी शव निकलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। मरने वालों की संख्या शुक्रवार को बढ़कर 587 हो गई। इस बीच, तलाश और बचाव अभियान सतर्कता के साथ जारी है। त्रिशूली साइट से 350 मजदूरों का रेस्क्यू किया गया है, जिनमें 63 भारतीय शामिल हैं। हालांकि, अब भी 320 भारतीयों सहित दुनियाभर के 2000 लोग लापता हैं। छत्तीसगढ़ के दो लोगों को भी लापता बताया जा रहा है।

एजेंसी ▶▶| काठमांडू/नई दिल्ली

एनडीआरआरएमए ने तलाश और बचाव कार्य तेज कर दिया है। बचाव अभियान में 7,451 सुरक्षाकर्मी जुटे हुए हैं जिनमें नेपाल सेना के 2,391 जवान शामिल हैं। नेपाल पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि इस हिमालयी देश के आठ जिलों से 547 शव बरामद किए गए हैं, जबकि हजारों लोग अब भी लापता हैं। पुलिस के अनुसार, नवलपरासी पूर्व से 134, चितवन से 221, गोरखा से 44 और नुवाकोट से 38 शव बरामद किए गए। इसी तरह, धादिंग से 40, तनाहू से 29, नवलपरासी पश्चिम से 28 और रसुवा से 13 शव बरामद किए गए हैं। नेपाल पर्यटन बोर्ड ने शुक्रवार को बताया कि इस त्रासदी के बाद बाढ़-प्रभावित अलग-अलग इलाकों से कम से कम 121 विदेशी पर्यटकों को बचाया गया है, जिनमें 85 ▶▶|शेष पेज 7 पर





जलस्तर बढ़ा, दूसरी लहर का खतरा, नई चेतावनी जारी

काठमांडू। नेपाल के भोटेकोशी नदी क्षेत्र में जलस्तर बढ़ने के कारण अधिकारियों द्वारा शुक्रवार को जारी नई चेतावनी के साथ ही इस हिमालयी देश में भीषण बाढ़ की दूसरी लहर का खतरा मंडराने लगा है। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन ▶▶|शेष पेज 7 पर



320 भारतीय लापता, 400 चीन में फंसे, 21 पहुंचे दिल्ली

नेपाल में फ्लैश फ्लड के बाद राहत और बचाव अभियान जारी है। इस बीच नेपाल में फंसे 21 भारतीय नागरिक सुरक्षित दिल्ली लौट आए हैं। ये सभी लोग इंडिगो की फ्लाइट से दिल्ली पहुंचे। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इन लोगों से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि नेपाल में अब भी करीब 315 भारतीयों से संपर्क नहीं हो पाया है।

इंग्लैंड में रहती हैं, ईशा योगा फाउंडेशन सतगुरु ग्रुप के साथ आई थीं भारत

वरिष्ठ भाजपा नेता की डॉक्टर पुत्री मीना गुप्ता भी लापता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अम्बिकापुर

नेपाल-तिब्बत की सीमा पर आई बाढ़ के बाद शहर के भाजपा नेता और एल्डरमेन करताराम गुप्ता की पुत्री डॉ. मीना गुप्ता के लापता होने की खबर आई है। डॉ. मीना गुप्ता वर्तमान में इंग्लैण्ड में निवासरत थी और ईशा योगा फाउंडेशन सतगुरु ग्रुप के साथ भारत आई हुई थी। घटना के समय वे नेपाल के इमिग्रेशन सेंटर में थी। घटना के बाद से ही डॉ. मीना गुप्ता से परिजन का सम्पर्क नहीं हो पा रहा है जिसके बाद परिवार बेचैन है। इधर इस मामले में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने इंडियन एंबेसी, विदेश मंत्रालय से संपर्क कर मदद का प्रयास कर रहे हैं। परिजन के साथ ही नगरवासी उनके सकुशल वापस लौटने की कामना कर रहे हैं। शहर के वरिष्ठ भाजपा नेता करता राम गुप्ता की पुत्री डॉ. मीना गुप्ता ▶▶|शेष पेज 7 पर



बेटी से मिलने दिल्ली गए थे पिता

बताया जा रहा है कि इंग्लैण्ड से भारत आई बेटी ने अपने पिता करताराम गुप्ता को भी कैलाश मानसरोवर यात्रा पर चलने के लिए कहा था लेकिन उन्होंने मना कर दिया था। इसके बाद वे रक्षा बंधन पर्व के मद्देनजर अपनी बेटी से मिलने के लिए सरगुजा से दिल्ली रवाना हो गए ▶▶|शेष पेज 7 पर

कैबिनेट मंत्री ने किया सम्पर्क

डॉ. मीना गुप्ता के भीषण त्रासदी के बाद लापता से परिवार परेशान है। इस बीच प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल लगातार केंद्र सरकार के सम्पर्क में हैं। उन्होंने कहा कि नेपाल से अत्यंत पीड़ा दायक खबर आई है। इस घटना में करता राम गुप्ता की पुत्री डॉ. मीना गुप्ता भी लापता हैं। वे ब्रिटेन में अपनी सेवाएं दे रही थी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

आपदा में अवसर

पत्नी नेपाल भागी, पति ने त्रासदी में लापता बताया, जांच में दूसरे युवक के साथ मिली



इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी मुलाकात
शादी के सात महीने बाद फरार हुई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नेपाल में रह रही पत्नी को तलाश करने एक युवक ने अनोखा तरीका अपनाया। उसने नेपाल में आई त्रासदी की आड़ लेकर थाने में अपनी पत्नी की मिसिंग की शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के माध्यम से नेपाल संपर्क कर युवती की खोजबीन की। पतासाजी करने पर युवती नेपाल के जनकपुर में किसी दूसरे युवक के साथ सुरक्षित मिली। वीडियोकॉल के माध्यम से पुलिस ने युवती से युवक की बात कराई। अपनी 24 वर्षीय पत्नी के मिसिंग होने की डीडीनगर निवासी डिगेश्वर यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। ▶▶|शेष पेज 7 पर

नेपाल में सुरक्षित है युवती

युवती का पता चल गया है। वह नेपाल में सुरक्षित है। उनसे वीडियो कॉल के माध्यम से बात भी की गई है। युवती के लापता होने की टोल-फ्री नंबर पर सूचना दी गई थी। युवती के गुमशुदा का मामला डीडीनगर थाने में पहले से पंजीबद्ध था।

- देवांश राठौर, एसीपी, पुरानी बस्ती

टोल-फ्री पर शिकायत, दूसरे दिन बात

नेपाल में बुधवार को भयंकर तबाही हुई। इससे लापता लोगों की तलाश के लिए केंद्र के साथ ही छत्तीसगढ़ सरकार ने भी टोल-फ्री नंबर जारी किया था। युवक ने टोल-फ्री नंबर 1070 और कंट्रोल रूम नंबर 0771-2223471 में कॉल करके युवती को नेपाल के बाढ़ में लापता होना बताया। इसके बाद शासन स्तर पर नेपाल सरकार से संपर्क किया गया। वहां युवती की तलाश शुरू हुई। युवती नेपाल के जनकपुर में सही सलामत मिली। गुरुवार रात को डीडीनगर पुलिस ने युवती से वीडियो कॉल पर बात की।

कश्मीर में रेड अलर्ट

5 हाइब्रिड आतंकियों समेत 13 पर शिकंजा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर पुलिस, भारतीय सेना और सीआरपीएफ ने पूरे कश्मीर में आतंकी नेटवर्क और उनके मददगारों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एक निर्णायक और खुफिया जानकारी पर आधारित अभियान में संयुक्त टीमों ने 5 हाइब्रिड आतंकियों, ओवरग्राउंड वर्करों और आतंकियों के साथियों समेत 13 लोगों को पकड़ा है। साथ ही, शोपियां, पुलवामा, सोपोर (बारामूला) और कुलगाम जिलों में की गई संयुक्त कार्रवाई में भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद, हैंड ग्रेनेड और देश-विरोधी दस्तावेज/पोस्टर बरामद किए गए हैं।

ये होते हैं हाइब्रिड आतंकी

हाइब्रिड आतंकी वे लोग होते हैं जिनके नाम सुरक्षा बलों की लिस्ट या डेटाबेस में नहीं होते। वे आम नागरिकों की तरह जिंदगी जीते हैं- जैसे छात्र, मजदूर या कर्मचारी- लेकिन साथ ही इतने कट्टर हो जाते हैं कि आकाओं के कहने पर अक्सर पिस्तौल या ग्रेनेड से टारगेटेड हमले कर सकें। हमले के बाद वे हथियार फेंक देते हैं और वापस समाज में घुल-मिल जाते हैं।

शांति भंग करने की साजिश

जम्मू-कश्मीर में ये सफलताएं खुफिया एजेंसियों द्वारा इंटरसेप्ट की गई खास जानकारी की वजह से मिली हैं, जिनसे संदिग्ध गतिविधियों, संभावित आतंकी साजिशों, युद्ध जैसे सामान के भंडारण और हाइब्रिड तत्वों की हरकतों का पता चला था। नियंत्रण रेखा से लेकर कस्बों, शहरों और हाईवे तक, सुरक्षा बलों ने आतंकी नेटवर्क को तोड़ने के लिए चौबीसों घंटे निगरानी, अतिरिक्त तैनाती, अचानक जाँच और मोबाइल चेकपॉइंट्स के जरिए चौकसी बरती है।

बिलासपुर एयरपोर्ट पर दिल्ली से आए विमान का टायर फटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

चकरभाठा स्थित बिलासा देवी केवट हवाई अड्डे पर शुक्रवार को उस समय बड़ा हादसा टल गया, जब दिल्ली से बिलासपुर पहुंची अलायंस एयर की फ्लाइट (9I693) की रन वे पर लैंडिंग के दौरान टायर फट गया। अचानक हुए इस हादसे से एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों में अफरा-तफरी मच गई।

- हादसे की वजह से प्रयागराज की फ्लाइट कैंसिल

पायलट की सूझबूझ और तत्परता से स्थिति पर तुरंत नियंत्रण पा लिया गया और विमान को सुरक्षित रूप से रन वे पर रोक लिया गया। राहत की बात यह रही कि विमान में सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई है। सभी यात्रियों एवं क्रु मेंबर को रन वे पर उतारकर सुरक्षित टर्मिनल बिल्डिंग तक पहुंचाया गया। घटना के ▶▶|शेष पेज 7 पर

रनवे पर घिसटता रहा



लैंडिंग के बाद विमान दौड़ रहा था

जानकारी के अनुसार, एलाइंस एयर की फ्लाइट ने शुक्रवार सुबह करीब 10:55 बजे दिल्ली से बिलासपुर के लिए उड़ान भरी थी। करीब ढाई घंटे के सफर के बाद विमान बिलासा एयरपोर्ट पर लैंड कर चुका था। इसी दौरान विमान का पहिया बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एयरपोर्ट प्रबंधन ने जानकारी दी है कि विमान के लेफ्ट (बाएं) साइड का टायर पंचर हुआ था। रनवे पर लैंडिंग के बाद विमान दौड़ रहा था, तभी टायर फटने की आवाज सुनकर यात्री दहशत में ▶▶|शेष पेज 7 पर

दूर तक घिसटता रहा विमान

लैंडिंग के दौरान पहिया फटने के बाद विमान के पहिए में आग लगने की भी जानकारी सामने आई है। इसके बाद विमान रनवे पर काफी दूर तक घिसटता चला गया। स्थिति बिगड़ते देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, पायलट ने समय रहते विमान को नियंत्रित कर लिया और एक बड़ा हादसा टल गया। फ्लाइट में कुल 37 यात्री सवार थे। हादसे के बाद कुछ देर के लिए यात्रियों में दहशत का माहौल रहा, लेकिन ▶▶|शेष पेज 7 पर



बीते दिनों योगगुरु व भाजपा सांसद के बीच हुआ था विवाद

रामदेव ने कंगना को भेजी राखी, एक्ट्रेस ने कहा- धन्यवाद

हरिभूमिर ▶▶| नई दिल्ली

योग गुरु बाबा रामदेव ने अभिनेत्री और बीजेपी सांसद कंगना रनौत को राखी भेजी है। बीते दिनों बाबा रामदेव और कंगना रनौत के बीच जुबानी जंग सामने आई थी। दोनों ने एक दूसरे पर आरोप लगाए थे। इस बीच बाबा रामदेव ने कहा कि अगर दोनों के बीच विवाद है तो वह संवाद के माध्यम से खत्म करना चाहते हैं। इस बीच कंगना ने भी बाबा रामदेव को धन्यवाद कहा है। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा, 'मैं यह गिफ्ट और ये मिठाइयां हमारी बहन कंगना रनौत को पोस्ट से भेज रहा हूं। देश में किसी भी वजह से नफरत नहीं होनी चाहिए, और एक-दूसरे के प्रति कोई दुश्मनी नहीं होनी ▶▶|शेष पेज 7 पर

एक-दूसरे पर चलाए गए थे जमकर जुबानी तीर



'रिश्तों में मिठास बनी रहे'

बाबा रामदेव ने कहा कि मैं बहन कंगना को गिफ्ट और मिठाई भेज रहा हूं ताकि रिश्तों में मिठास बनी रहे। उन्होंने कहा कि बहुत सी ऐसी बातें होती हैं जो फ्लो-फ्लो में हम बोल देते हैं, लेकिन मैं आज उन सबको खत्म कर रहा हूं, ताकि हम आगे प्रेम से आगे बढ़े।

'ईश्वर आपको लंबी उम्र दे'

इसके बाद कंगना ने जवाब देते हुए कहा, 'त्यौहार का दिन ही होता है भूल चूक माफ करने के लिए। मेरे भाई बाबा रामदेव जी ने बहुत अच्छा कहा कि विवाद नहीं संवाद होना चाहिए। आज रक्षाबंधन के दिन मैं उनकी मिठाई और बड़े भाई का प्रेम दोनों स्वीकार करती हूं। बहुत धन्यवाद ईश्वर आपको लंबी उम्र दे।

यह हुआ था विवाद

हाल ही में बाबा रामदेव पर कंगना रनौत ने पलटवार किया था। दरअसल बाबा रामदेव ने कंगना रनौत के गटरछाप वाले बयान पर आपत्ति जताई थी। इसके बाद कंगना रनौत ने इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'बाबा जी, दिन में मेरी जवानी या बेडरूम के सपने मत देखिए। कोई सिर्फ अफवाह और चुगली के आधार पर सिर्फ अंदाजा लगा सकता है। कम से कम मुझे कभी सुप्रीम कोर्ट से झूठे और धोखाधड़ी वाले मेडिकल असर के दावों के लिए फटकार नहीं लगी, जो पक्के तथ्य आधारित है न कि अंदाजे पर। तो चरित्र को लेकर मुझे मत सिखाइए, तुमसे को बहुत बेहतर है मेरा चरित्र, मुझ पर कोई धोखाधड़ी का ▶▶|शेष पेज 7 पर

मौसम विभाग का अलर्ट

21 राज्यों में होगी भारी बारिश 85 की स्पीड से चलेगी हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

देश में मानसून की खतरनाक रफ्तार के बीच मौसम विभाग ने एक बार फिर से टेंशन भरा अलर्ट जारी कर दिया है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक आज यानी 29 अगस्त को यूपी, बिहार, दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान समेत 21 राज्यों में मूसलाधार बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार तक की आंधी चल सकती है। विभाग ने किसानों, मछुआरों और आम लोगों को बेहद सावधान रहने की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, इस तूफानी हवा के चलते बड़े-बड़े वृक्ष जड़ से धाराशायी हो सकते हैं। वहीं, पूर्वी भारत के राज्यों में अगले कुछ घंटे भारी रहने वाले हैं। यहां के कई जिलों में आकाशीय बिजली और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। वहीं, 6 से अधिक राज्यों में ओले गिरने की भी चेतावनी है।

किसानों, मछुआरों और आम लोगों को बेहद सावधान रहने की चेतावनी



राजस्थान में बारिश-आंधी की चेतावनी

राजस्थान के जयपुर, झुंझुनू, टोंक, अजमेर, अलवर, जैसलमेर, बाड़मेर, भरतपुर, सीकर, कोटा, भीलवाड़ा, पाली और जोधपुर में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है।

इन 21 राज्यों में भारी बारिश-आंधी की चेतावनी

मौसम विभाग की भविष्यवाणी के मुताबिक आज 29 अगस्त को देश के 21 राज्यों यूपी, बिहार, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा, मध्य प्रदेश, केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना में भारी बारिश-आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 80 से 85 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से तेज हवा चलने की चेतावनी है।

छत्तीसगढ़ के 11 जिलों में बारिश-आंधी की चेतावनी

छत्तीसगढ़ के धमतरी, कोरबा, गरियाबंद, सूरजपुर, रायपुर, बिलासपुर, बेमेतरा, जांजगीर, महासमुंद, दुर्ग और रायगढ़ में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा के झोंके चल सकते हैं।

मप्र में भारी बारिश व तूफान का अलर्ट

मध्य प्रदेश के विदिशा, छिंदवाड़ा, होशंगाबाद, सिवनी, देवास, बेतुल, हर्दा, धार, बालाघाट, गुना, उज्जैन, उमरिया और जबलपुर में मध्यम से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान 60 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान चलने की चेतावनी है।

ओडिशा में बारिश के साथ चलेगी आंधी

ओडिशा के पुरी, बलांगिर, नौपाड़ा, भुवनेश्वर, सुंदरगढ़, मयूरभंज और संबलपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का अलर्ट है।

मप्र के राजगढ़ में हुआ हादसा

पुल से गिरी बस, बेंगलुरु साइबर टीम के टीआई समेत 5 की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश के राजगढ़ जिले में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। ब्यावरा शहर के भोपाल बाईपास पर एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में बस में सवार 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 यात्री घायल हो गए। इनमें से चार की हालत गंभीर बनी हुई है। एडिशनल एसपी केएल बंजारे ने बताया कि बेंगलुरु से साइबर की टीम आरोपी की तलाश में बस में सवार होकर इंदौर जा रही थी। इस हादसे में इंस्पेक्टर रवि केवि पिता बस्सपा की मौत हो गई, जबकि सब इंस्पेक्टर रमेश नायक एएसआई श्रीनिवास और टेक्निकल स्टाफ विश्वनाथ घायल हो गए।

कानपुर से इंदौर जा रही थी बस

दुर्घटना सुबह करीब 7 बजे ब्यावरा में भोपाल बाईपास पुल पर हुई। उन्होंने कहा कि बस उत्तर प्रदेश के कानपुर से इंदौर जा रही थी और पुल पर मोड़ लेते समय उसका नियंत्रण खो गया और वह सुरक्षा दीवार से टकरा गई और लगभग 30 फुट नीचे गिर गई।

मोदी का उज्बेकिस्तान-किर्गिस्तान दौरा आज से

एससीओ में आतंकवाद समेत कई अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो अहम विदेश यात्राओं पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बताया कि प्रधानमंत्री 29 से 30 अगस्त तक उज्बेकिस्तान की यात्रा करेंगे। इसके बाद 31 अगस्त से 1 सितंबर तक वह किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में रहेंगे जहां एससीओ में भाग लेंगे। सिबी जॉर्ज के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 29 और 30 अगस्त को उज्बेकिस्तान जाएंगे। भारत और उज्बेकिस्तान के बीच पिछले कई वर्षों से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय स्तर पर व्यापक और सार्थक संवाद रहा है। एससीओ सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात होने की संभावना भी जताई जा रही है।





राज्य खेल
अलंकरण समारोह
2026



29 अगस्त 2026 | अपराह्न 04:00 बजे

पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर

पुरस्कार वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के खिलाड़ियों को सम्मान

पुरस्कार एवं सम्मान

- शहीद राजीव पाण्डेय पुरस्कार
- शहीद कौशल यादव पुरस्कार
- वीर हनुमान सिंह पुरस्कार
- शहीद विनोद चौबे पुरस्कार
- शहीद पंकज विक्रम सम्मान
- मुख्यमंत्री ट्रॉफी



राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं...

आप सादर आमंत्रित हैं...



खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

रायपुर, शनिवार 29 अगस्त 2026 | भाद्रपद कृष्ण पक्ष प्रतिपदा | वर्ष : 25, अंक : 39 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00** | haribhoomi.com

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

देश के खाद्य सचिवों की दिल्ली में 1 सितंबर को बैठक नई व्यवस्था पर मंथन



एआई रोकेगा धान खरीदी में घपला, सब कुछ होगा ऑनलाइन, भौतिक सत्यापन भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में साल-दर-साल होने वाले घपले-घोटालों पर अब पूरी तरह रोक लगने की संभावना है। यह काम अकेले नहीं, देश के उन सभी राज्यों में किया जाएगा, जहां एमएसपी पर धान खरीदा जाता है। इस काम के लिए 'इम्प्रूव्ड राइस मॉनिटरिंग डैशबोर्ड', पीसीएसएपी ⏭शेष पेज 7 पर



बैठक का मुख्य एजेंडा

बैठक के एजेंडे के अनुसार, खरीफ फसल (केएमएस 2026-27) के दौरान धान, चावल और सुधरे हुए चावल (इम्प्रूव्ड राइस) की खरीद के लिए व्यवस्थाओं, अनुमानों के निर्धारण, खरीद अवधि और मिलिंग अवधि पर विस्तार से चर्चा होगी। छत्तीसगढ़ चूंकि देश के प्रमुख धान उत्पादक राज्यों में से एक है, इसलिए यहां खरीद के लक्ष्य और प्रबंध इस चर्चा के केंद्र में होंगे। इसके अलावा, ⏭शेष पेज 7 पर

भंडारण और आपूर्ति श्रृंखला

भंडारण विभाग के सत्र के दौरान प्रोक्योरमेंट ऑपरेशंस की सप्लाई चेन को ऑप्टिमाइज करने, 'अन्ना चक्र' को एसएसीएमएस और वीएलटीएस के साथ एकीकृत करने, और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में खाद्यान्न की आवाजाही के लिए वीएलटीएस लागू करने पर चर्चा की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य में खाद्यान्न भंडारण और डिपो प्रबंधन (डिपो दर्पण) से जुड़े दिशा-निर्देशों का पालन भी इस एजेंडे का अहम हिस्सा है।

छत्तीसगढ़ में अरबों के घोटाले

छत्तीसगढ़ में राज्य गठन के बाद से लगातार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी हो रही है। हजारों करोड़ के इस सौदे में प्रायः हर साल अरबों रुपयों के घपले-घोटाले सामने आते हैं। पिछले खरीफ सीजन में ही खरीदे गए धान में से साढ़े 68 हजार मीट्रिक टन धान कम पाया गया है। यह धान सूखत या अन्य कारणों से कम हुआ है। राज्य सरकार किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान खरीदती है। इसमें केंद्र द्वारा तय एमएसपी और राज्य सरकार द्वारा दी जाती वाली प्रोत्साहन की राशि शामिल होती है, लेकिन हर साल अरबों रुपयों के घोटाले हो जाते हैं। राज्य सरकार इन घोटालों की भरपाई करने के लिए अपने खजाने से राशि अदा करती है, लेकिन अब नया सिस्टम लागू होने से ये संभावना बन सकती है कि ये घपले-घोटाले रुक पाएंगे।

पशुपालक दूध देने वाली गायों को ही देते हैं चारा और आश्रय

1460 गोधामों में 68 ही खुल पाए, कई जगह पेंच, इसलिए सड़कों पर गोवंश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में बारिश के सीजन में गोवंश गाय, बैल, सांड सड़कों पर बड़ी संख्या में नजर आ रहे हैं। इसकी वजह से आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। मवेशियों के साथ इंसान भी हादसों का शिकार बन रहे हैं। खास बात ये है कि राज्य सरकार ने सड़कों पर घूमने वाले आवारा मवेशियों के लिए गोधाम योजना शुरू की है, लेकिन इसके क्रियान्वयन में काफी बाधाएं हैं। हालत ये है कि राज्य में 68 गोधाम व्यवस्थापन के बाद केवल साढ़े 8 हजार गोवंश को आश्रय मिल पाया है, इसके बावजूद अगर गोवंश सड़कों पर मंडराता दिख रहा है तो इसकी सीधी जिम्मेदारी प्रशासन या सरकार की नहीं, बल्कि उन पशुपालकों की है, जो गाय को तभी तक पालते और चारा देते हैं, जब तक वह दूध देती है। साथ ही खेती के काम से गोवंश पहले ही बाहर हो चुका है।

राज्य में सड़क हादसों में गायों की मौत, गोशाला में गायों की मौत की खबरें आए दिन देखने को मिल रही हैं। बारिश के इस सीजन में गोवंश सड़कों पर बैठे नजर आते हैं। राज्य में पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में मवेशियों के लिए गोठान योजना बनाई गई थी, लेकिन अब उसकी जगह मौजूदा सरकार की गोधाम योजना संचालित है। शासन की इस योजना के क्रियान्वयन में देरी की वजह से भी गोवंश को संरक्षण और आश्रय नहीं मिल पा रहा है।

गोधाम योजना अच्छी, लेकिन क्रियान्वयन में कई बाधाएं



खास खबर

गोधाम खोलने में कई दिक्कतें

बताया गया है कि गोधाम खोलने के मामले में ग्राम पंचायतें आड़े आ रही हैं। किसी भी गांव में गोधाम खोलने के लिए पंचायतों से एनओसी लेने का नियम है, लेकिन पंचायतें एनओसी नहीं दे रही हैं, या देने में दिक्कत पैदा कर रहीं है। इसमें एक और परेशानी ये है कि जो लोग गोधाम खोलना चाहते हैं, उन्हें पहले अपनी जेब से रकम लगानी पड़ती है, यह राशि जमीन पर फेंसिंग करने, टेंपरेरी शेड बनाने और पानी बिजली की व्यवस्था करने में लगती है। यह सब करने के बाद गोधाम का पंजीयन गौसेवा आयोग में होता है। गोधाम खुलने के बाद पहले साल में एक गाय के लिए 10 रुपए रोज, दूसरे साल 20 और तीसरे साल में 35 रुपए रोज के हिसाब से राशि और कुल मिलाकर साल में 20 लाख तक देने का प्रावधान है।

गोधाम योजना का हाल

राज्य में सरकार ने 1460 गोधाम खोलने की योजना पर काम शुरू किया है। मार्च में 29 गोधाम एक साथ शुरू किए गए। इसके बाद से लेकर अब तक 151 गोधाम की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। 160 का पंजीयन गोसेवा आयोग में चुका है। 62 गौधाम में गोवंश का व्यवस्थापन किया गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार करीब साढ़े 8 हजार गोवंश को सड़क से उठाकर गोधामों में रखा गया है। इससे अलग गौसेवा आयोग की 2025-26 की रिपोर्ट के अनुसार कुल 119 गोशालाएं संचालित हैं, इनमें 37 हजार 632 गोवंशीय पशुओं का संरक्षण किया जा रहा है।

पशुपालकों की लापरवाही

गोवंश की सड़क पर अफरा-तफरी और आवारा पशु के रूप में घूमने के पूरे मामले का एक सार ये भी है कि पशुपालक गायों को तब तक अपने घरों में रखकर पालते हैं जब तक वह दूध देती है। दूध न देने वाली गायों को बाहर विचरण के लिए छोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में अब राज्य में खेती के काम में गोवंश, खासकर बैलों का कोई काम नहीं रह गया है। बारिश के सीजन में खेतों में फसल लगी होने के कारण पशुओं को वहां जाने से रोका जाता है। जगह-जगह पानी भरा होने के कारण गायें सड़कों पर सूखी जगह पाकर वहीं बैठ जाती हैं, यह हाल शहरों, गांवों से लेकर मोहल्लों, पारा-बस्ती में नजर आता है। जानकारों का मानना है कि कोई गोवंश आवारा नहीं है, ये पालतू पशु हैं, लेकिन जब इन्हें घर या बाड़े से बाहर किया जाता है तो ये आवारा हो जाते हैं।

गायों को घर पर रखकर पालना जरूरी

बारिश के मौसम में गोवंश सड़कों पर इसलिए आते हैं कि उन्हें सूखी जगह की जरूरत होती है, लेकिन जरूरत इस बात की है कि गायों को घरों में रखकर पाला जाए और उनकी सेवा की जाए। सड़कों पर घूमने वाले गोवंश को पकड़कर गोधामों में संरक्षित किया जा रहा है, लेकिन गोवंश पालन के मामले में जागरूकता की जरूरत है।

- डॉ समीर शर्मा, पंजीयक, गौसेवा आयोग, छग

चार साल के मासूम को ट्रैक्टर ने रौंदा, गुस्साई भीड़ ने लगा दी आग

मार-मारकर चालक को अधमरा किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरौं (कुरुद)

शुक्रवार को जहां पूरे क्षेत्र में भाई बहन के पवित्र प्रेम का पर्व रक्षाबंधन मनाया जा रहा था वहीं ग्राम नारी में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही ने एक ऐसे घटना को अंजाम दे दिया, जिसमें नारी निवासी सोनी परिवार के कुल का इकलौता चिराग बुझ गया। त्योहार की खुशी मातम में बदल गई। नारी के बस स्टैंड में सुबह 8 बजे रेत से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली ने 4 साल के मासूम को कुचल दिया। दुर्घटना के बाद गुस्साए लोगों ने ट्रैक्टर चालक को मार-मारकर अधमरा कर दिया और ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया।

जानकारी के मुताबिक रेत से भरे बिना नंबर प्लेट वाली ट्रैक्टर को चालक शराब पीकर चला रहा था और ग्राम कोकड़ी की तरफ जाने के लिए मुड़ रहा था। उसी दम्यान ट्रैक्टर ने 4 साल के फ़नीश सोनी को कुचल दिया। बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। इस ट्रैक्टर को ग्राम नारी निवासी रूपेश साहू पिता चंद्रहास साहू उम्र 28 वर्ष चला रहा था। घटना को देख पास खड़े ग्रामीण दौड़े। समीप में घर होने से मासूम बच्चे के परिजन भी ⏭शेष पेज 7 पर

ट्रैक्टर को किया आग के हवाले

दुर्घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ ने ट्रैक्टर को आग के हवाले कर दिया और चालक की ताबड़तोड़ पिटाई कर दी। वह मौके पर घायल होकर गिर पड़ा और 3 घंटे तक रास्ते में ही पड़ा रहा। ग्रामीणों ने 3 घंटे तक जमकर हंगामा किया। मासूम बच्चे की पहचान फ़नीश सोनी पिता नागमणी सोनी उम्र 4 वर्ष के रूप में की गई। पिता अपने इकलौते बेटे की लाश पकड़ कर रोड में ही बैठा रहा। सूचना पर कुरूद पुलिस मौके पर अपने दलबल के साथ पहुंची और गुस्साई भीड़ को काबू करने का प्रयास किया। लेकिन ग्रामीणों ने लगभग 3 घंटे तक रोड जाम किया। इससे आने-जाने वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



धमतरी जिले के कुरूद ब्लाक के ग्राम नारी की घटना

रक्षाबंधन के दिन सोनी परिवार का इकलौता चिराग बुझा

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky | airtel
चैनल नं. 1155 | चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

ग्रैंड शतरंज टूर जीतने वाले पहले भारतीय



सेंट लुई। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने इतिहास रचते हुए ग्रैंड शतरंज टूर फाइनल का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को 15-13 से हराया। इसके साथ ही वह इस प्रतिष्ठित खिताब को जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

भाजपा ने किया चुनाव 'हाईजैक' : ममता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि



भाजपा ने चुनाव आयोग का इस्तेमाल कर पिछले विधानसभा चुनावों को हाइजैक कर लिया था। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने मतदाता सूची से लाखों नाम अवैध रूप से हटाकर वोट लूटने के लिए एसआईआर का इस्तेमाल किया।

बिजली कनेक्शनों के लिए भी अब ई-केवाईसी जरूरी

1 सितंबर से प्रारंभ होगी प्रक्रिया



■ मोर बिजली एप में भी रहेगी सुविधा, मीटर रीडर भी घर-घर जाकर करेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं के लिए भी अब ई-केवाईसी जरूरी कर दिया गया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने तैयारी प्रारंभ पूरी कर ली है। राजधानी के डीडीनगर जोन में इसका ट्रायल भी चल रहा है। 1 सितंबर से मोर बिजली एप के माध्यम से भी ई-केवाईसी किया जा सकेगा। इसी के साथ मीटर रीडरों की भी हर माह 15 दिनों के लिए ड्यूटी लगाई गई है। प्रदेश के सभी बिजली दफ्तरों में भी एक अलग से काउंटर की व्यवस्था की जा रही है। ई-केवाईसी के लिए सिर्फ आधारकार्ड ⏭शेष पेज 7 पर

रीडर भी जाएंगे घर-घर

पॉवर कंपनी ने प्रदेशभर में मीटर रीडिंग करने वाले पांच हजार से ज्यादा रीडरों को भी इस काम में लगाने का फैसला किया है। मीटर रीडर हर माह 15 दिनों कर अपनी रीडिंग का काम करेंगे, इसके बाद के 15 दिनों तक वे उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर उनके कनेक्शनों का ई-केवाईसी कराने में मदद करेंगे।

दफ्तरों में भी सुविधा

प्रदेश में पॉवर कंपनी के जितने भी डीसी सेंटर हैं, वहां पर भी ई-केवाईसी के लिए अलग से काउंटर बनाए जा रहे हैं। इन काउंटरों में चेहरे के साथ ही थंब इंप्रेशन का भी ऑप्शन रहेगा। उपभोक्ता अपने क्षेत्र के डीसी सेंटर में भी जाकर ई-केवाईसी करा सकते हैं। उपभोक्ताओं को बस अपना आधारकार्ड ले जाना होगा, साथ ही बिजली बिल भी ले जाना होगा, ताकि उससे बीपी नंबर लिया जा सके।

नाम सुधारा जाएगा और नाम परिवर्तन भी

अगर किसी उपभोक्ता का नाम बिजली कनेक्शन में अलग और आधारकार्ड में अलग होगा तो पहले बिजली कनेक्शन में उनका नाम सुधारा जाएगा। इसके बाद ई-केवाईसी किया ⏭शेष पेज 7 पर

मोर बिजली एप में ऐसी होगी प्रक्रिया

मोर बिजली एप के माध्यम से उपभोक्ता खुद भी ई-केवाईसी कर पाएंगे। इसके लिए मोर बिजली एप में विशेष व्यवस्था की गई है। मोर बिजली एप में जैसे ही आधार नंबर डालेंगे तो सॉफ्टवेयर आधार का नाम और बिजली कनेक्शन के नाम का मिलान करेगा। नाम एक ही होने पर आगे की प्रक्रिया जारी रहेगी। इसमें आधार नंबर डालने पर ओटीपी आएगी, ओटीपी डालने पर चेहरे की फोटो खींचने का ऑप्शन आएगा और अपनी सेल्फी खींचकर उपभोक्ता जैसे ही उसको अपलोड करेंगे, ई-केवाईसी पूरा हो जाएगा।

अंकित बालियान हत्याकांड

4 शूटर, ताबड़तोड़ फायरिंग नया वीडियो आया सामने



नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के शामली में मशहूर हरियाणवी सिंगर अंकित बालियान की हत्या के मामले में एक बहुत बड़ा अपडेट सामने आया है। बुधवार शाम मोहल्ला आर्यपुरी की नाल पटरी पर सिंगर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद पूरे ⏭शेष पेज 7 पर

हमलावरों की पहचान में जुटी पुलिस

यह सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद पुलिस की जांच में तेजी आ गई है। अब पुलिस चारों हमलावरों की पहचान करने में जुट गई है। फुटेज की मदद से पुलिस उनके चेहरे, कपड़े और भागने के रास्ते का पता लगाने की कोशिश कर रही है।

विष्णुदेव साय बोले- बहनों का यह स्नेह उनके लिए अनमोल

राखी पर सीएम हाउस गुलजार बहनों ने साय को बांधी राखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री निवास में आज रक्षाबंधन का पर्व आत्मीयता, स्नेह और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। समाज के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचीं माताओं-बहनों ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की कलाई पर राखी बांधकर उन्हें अपना स्नेह और आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने सभी बहनों का आत्मीय स्वागत करते हुए कहा, बहनों का यह स्नेह उनके लिए अनमोल है और ⏭शेष पेज 7 पर

खास खबर





जवानों की कलाई पर सजी राखी में राष्ट्र के प्रति सम्मान का भाव

मुख्यमंत्री श्री साय ने राजधानी रायपुर में आयोजित 'स्नेह की डोर' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा, रक्षाबंधन के पर्व को देश और प्रदेश की सुरक्षा में समर्पित जवानों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के भाव से जोड़ना अत्यंत सुखद अनुभव रहा। उन्होंने कहा, स्व-सहायता समूहों की बहनों, दिव्यांग बहनों और शहीद जवानों के परिवारों की महिलाओं ने सीआरपीएफ, बीएसएफ, सीआईएसएफ और आईटीबीपी सहित विभिन्न ⏭शेष पेज 7 पर

सेबी की मंजूरी, 27 करोड़ नए शेयर जारी करेगी कंपनी

जियो को हरी झंडी, आएगा सबसे बड़ा आईपीओ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सेवा इकाई को शेयर बाजार में उतरने के लिए नियामक से हरी झंडी मिल गई है। कंपनी 27 करोड़ नए इक्विटी शेयर जारी कर करीब चार अरब डॉलर जुटाने की योजना बना रही है। इस राशि का इस्तेमाल सामान्य कार्यों के साथ रिलायंस जियो इन्फोकॉम के कर्ज भुगतान में किया जाएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज की डिजिटल सेवा इकाई जियो प्लेटफॉर्म्स लि. को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। कंपनी इस आईपीओ के जरिए करीब चार अरब डॉलर (लगभग 37,700 करोड़ रुपये) जुटाने की उम्मीद कर रही है।

37700 करोड़ रुपये जुटाने का रखा गया है लक्ष्य

सेबी की अंतिम टिप्पणियां

जियो प्लेटफॉर्म्स ने प्रस्तावित सार्वजनिक निर्गम के लिए जून में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास मसौदा दस्तावेज दाखिल किए थे। सेबी के पास उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जियो प्लेटफॉर्म्स को 28 अगस्त को सेबी की अंतिम टिप्पणियां मिल गईं। आईपीओ प्रक्रिया में सेबी की टिप्पणियां एक महत्वपूर्ण चरण होती हैं। इसके बाद कंपनी नियामकीय प्रावधानों का पालन करते हुए सार्वजनिक निर्गम लाने के लिए आगे की तैयारियां कर सकती है।



यहां किया जाएगा आय का उपयोग

सूत्रों ने कहा कि कंपनी करीब 137 अरब डॉलर के मूल्यांकन पर आईपीओ के जरिए लगभग 37,700 करोड़ रुपये जुटा सकती है, जिससे यह देश के इतिहास का सबसे बड़ा आईपीओ बन जाएगा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का प्रस्तावित आईपीओ लगभग 30,000 करोड़ रुपये का रहने का अनुमान है।

बाजार की रहेगी कड़ी नजर

जियो प्लेटफॉर्म्स के बड़े पैमाने और प्रमुख निवेशक आधार को देखते हुए, प्रस्तावित आईपीओ पर निवेशकों और बाजार की कड़ी नजर रहेगी। जियो प्लेटफॉर्म्स ने इससे पहले दुनिया के कुछ सबसे बड़े प्रौद्योगिकी और निजी इक्विटी निवेशकों को आकर्षित किया है। वर्ष 2020 में, कंपनी ने फेसबुक के प्रवर्तक मेटा से 9.99 प्रतिशत हिस्सेदारी के लिए 43,574 करोड़ रुपये जुटाए थे। मेटा और गूगल के पास कुल मिलाकर 17.71 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि शेष हिस्सेदारी अन्य निवेशकों के पास है।

खबर संक्षेप

कोरोना की दस्तक एक मरीज मिला

बिलासपुर। रेलवे क्षेत्र में कोरोना का मरीज पाजिटीव पाया गया है। दो दिन इलाज कराने के बाद अस्पताल से छुट्टी लेकर घर गया है। लेकिन इसकी भनक स्वास्थ्य विभाग को नहीं हो पाई है। ऐसे कोराना संदिग्ध एक मरीज को महादेव अस्पताल में भर्ती किया गया है। जिसका आरटीपीसीआर सेंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया है। 23 अगस्त को रेलवे क्षेत्र के एक 35 वर्षीय युवक सर्दी खांसी होने पर वेयर हाउस रोड स्थित संजीवनी हास्पिटल में इलाज कराने पहुँच। तेज सर्दी खांसी होने पर खंखार की जांच के लिए सिम्स के लैब भेजा गया था। रिपोर्ट में कोरोना पाजिटीव आने के बाद दो दिन तक संजीवनी में इलाज कराने के बाद 25 अगस्त छुट्टी लेकर चला गया। इस मामले में महादेव अस्पताल के डा. आशुतोष तिवारी का कहना है एक मरीज की हालत संदिग्ध है लेकिन रिपोर्ट नहीं है। वहीं सिम्स के डीन डाक्टर रमनेश मूर्ति का कहना है कोरोना के मरीज आने की सूचना मिलने पर एक वार्ड तैयार कर रखा गया है लेकिन मरीज नहीं आया है। सीएमएचओ शुभा गरेवाल ने बताया कि एक मरीज महादेव में भर्ती है लेकिन उसकी जांच रिपोर्ट नहीं आई है। रेलवे क्षेत्र के कोरोना के मरीज के बारे में जानकारी नहीं है।

महिला समूहों की किस्तों की राशि में किया गबन

भानुप्रतापपुर। महिला समूहों के भरोसे और मेहनत की कमाई से जुड़ी ऋण की किस्तों की राशि पर कथित तौर पर रिकवरी कर्मचारी की नीयत बिगड़ गई। स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस लिमिटेड में महिला समूहों से ऋण की किस्तों की रकम वसूलने वाले कर्मचारी पर 3.41 लाख से अधिक की राशि कंपनी में जमा नहीं करने और धोखाधड़ी एवं गबन करने का आरोप लगा है। शिकायत सामने आने के बाद भानुप्रतापपुर पुलिस ने तेजी दिखाते हुए आरोपी रिकवरी कर्मचारी को गिरफ्तार कर लिया है। भानुप्रतापपुर पुलिस के अनुसार स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस लिमिटेड, भानुप्रतापपुर में विभिन्न महिला समूहों के सदस्यों को ऋण उपलब्ध कराया जाता है। ऋण की निर्धारित मासिक किस्तें ग्राहकों से वसूलकर कंपनी में जमा कराने की जिम्मेदारी वर्ष 2025-26 में आरोपी 23 वर्षीय सुमन विश्वास को रिकवरी कर्मचारी के रूप में दी गई थी।

नक्सली रहीं महिलाओं ने अपने जीवन में पहली बार भाइयों को बांधा रक्षासूत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानुप्रतापपुर

हथियार से हुनर और संघर्ष से विश्वास के साथ बदलाव की दिखी शानदार तस्वीर

कभी जंगलों में बंदूक के साए में एक-दूसरे के सामने खड़े रहने वाले हाथ आज भाईचारे और विश्वास के पवित्र धागे से जुड़ गए। भानुप्रतापपुर क्षेत्र के ग्राम चौगेल मुल्ला स्थित पुनर्वास केंद्र में रक्षाबंधन के अवसर पर ऐसा भावुक दृश्य देखने को मिला, जिसने संघर्ष से शांति और हिंसा से मुख्यधारा की ओर बढ़ते बदलाव की कहानी बयां की। आत्मसमर्पित माओवादियों ने डीआरजी के जवानों की कलाई पर राखी बांधकर भाई-बहन के स्नेह का रिश्ता कायम किया। आत्मसमर्पित माओवादी शांति कवाची ने बताया कि वह पहली बार रक्षाबंधन का पर्व मना रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से उन्होंने राखी बनाना सीखा और अपने हाथों से तैयार की गई राखी जब पुलिस जवानों की कलाई पर बांधी तो यह उनके लिए बेहद खास और भावुक क्षण था। उन्होंने कहा कि आत्मसमर्पण के बाद अब उन्हें महसूस हो रहा है कि वे वास्तव में समाज की मुख्यधारा में लौट आई हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पुनर्वास केंद्र में उन्हें सिलाई, काष्ठ शिल्प कला, राखी निर्माण सहित विभिन्न कौशलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन हुनरों के जरिए वे आजीविका हासिल कर परिवार के साथ सामान्य जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ना चाहती हैं।

अलग खबर

बंदूक से राखी तक का सफर

कभी जिन हाथों में बंदूक हुआ करती थी, उन्हीं हाथों ने रक्षाबंधन पर विश्वास और भाईचारे का पवित्र धागा बांधा। आत्मसमर्पित माओवादियों और डीआरजी जवानों के बीच मनाया गया रक्षाबंधन संघर्ष से शांति की ओर बढ़ते बदलाव का प्रतीक बना। पुनर्वास और कौशल विकास प्रशिक्षण से आत्मसमर्पित माओवादी अब हथियार छोड़कर हुनर को अपना रहे हैं। बंदूक से राखी तक का यह सफर नई जिंदगी और नई उम्मीद की कहानी कह रहा है।



मई में कोचिंग सेंटरों से मंगाए गए थे टेंडर, अब तक फाइनल नहीं

4 महीने पहले 2200 सीटों पर एडमिशन ले लिया प्रदेश के 18 प्रयास स्कूलों में पढ़ाई शुरू नहीं!

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रदेशभर में संचालित प्रयास आवासीय विद्यालय की पढ़ाई पर अब सवाल उठने शुरू हो गए हैं। नए सत्र के तीन महीना गुजर जाने के बाद भी प्रदेश भर में चल रहे 18 इन प्रयास आवासीय विद्यालयों में नवमीं की पढ़ाई शुरू ही नहीं हो पाई है। करीब 2200 सीटों पर एडमिशन तो ले लिया गया है, लेकिन शिक्षकों की व्यवस्था नहीं हो सकी है क्योंकि 4 महीने से टेंडर नहीं हो सका है। किसी भी कोचिंग एजेंसी को पढ़ाने का जिम्मा नहीं मिला है, इसलिए क्लास 9 वीं की एक भी कक्षाएं नहीं लग सकी हैं।इधर बच्चे पढ़ाई के इंतजार में हैं और अभिभावक विभाग से सवाल पूछते हुए चक्कर काट रहे हैं। कहा जा रहा है कि अगले महीने टेंडर पूरा कर लिया जाएगा। ऐसा होता भी है तो 10 महीने की पढ़ाई में चार महीने निकल जाएंगे और 6 महीने में ही कोर्स पूरा कराने के साथ ही रिवीजन भी कराना होगा।

दरअसल आदिवासी विकास विभाग प्रदेश भर में 18 प्रयास विश्वविद्यालय संचालित करता है। प्रतिवर्ष यहां 16 जून से कक्षाएं लगनी शुरू हो जाती हैं। इन प्रयास आवासीय विद्यालयों में ध्यान रहे कि 9 वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित की जाती हैं। अब इस साल 10वीं, 11वीं और 12वीं की कक्षाएं तो ले देकर लग रहीं हैं लेकिन 9 वीं कक्षाओं की एक भी क्लास प्रदेश भर में नहीं लग सकी है। विभागीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हर साल आदिवासी विकास विभाग यहां पढ़ने के लिए किसी एक कोचिंग सेंटर को जिम्मा सौंपता है। इसके लिए बकायदा प्रदेश और जिले स्तर पर टेंडर की प्रक्रिया पूरी की जाती है। इस साल भी चार महीना पहले हर जिले में टेंडर की प्रक्रिया शुरू तो की गई लेकिन अभी तक उसको फाइनल नहीं किया गया है।

खास खबर

एक महीने में पूरी करनी थी प्रक्रिया

नौवीं कक्षा में पढ़ाई के लिए आदिवासी विकास विभाग द्वारा मई महीने में टेंडर जारी किया गया था। इसमें हर जिले के हिसाब से अपनी प्रक्रिया पूरी करनी थी। जिलों द्वारा जारी निविदा प्रक्रिया में प्रवेश भर के कोचिंग सेंटरों ने अपनी निविदा डाली थी। इसके बाद लेकिन टेंडर की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी है।

इन जिलों में संचालित है प्रयास विद्यालय

रायपुर में 4, बिलासपुर में 2, दुर्ग, पाटन,राजनंदगांव, कांकेर, बीजापुर, बालोद , जगदलपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा और बलरामपुर में एक-एक विद्यालय।



जल्द शुरू होगी पढ़ाई

कोचिंग सेंटरों से आवेदन मंगाने के साथ ही उनका प्रेजेंटेशन भी हो गया है। जल्द ही टेंडर प्रक्रिया को फाइनल कर लिया जाएगा और पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

हर साल 9 वीं के लिए नया टेंडर

दरअसल नवमीं की पढ़ाई के लिए विभाग द्वारा हर साल एक नया टेंडर जारी किया जाता है। जिस भी कोचिंग सेंटर को पढ़ाने का जिम्मा मिलता है वह अगले साल दसवीं फिर 11वीं और फिर 12वीं की कक्षाएं लेता है। इसलिए ही हर साल बाकी तीन कक्षाओं की क्लासेस समय पर शुरू हो जाती हैं लेकिन 9 वीं के लिए हर बार परेशानी होती है। इस साल भी प्रदेश के सभी जिलों में चल रहे प्रयास विद्यालयों में कई सीटें खाली रह गईं हैं। सबसे बड़ी बात की इन स्कूलों में एडमिशन के लिए जो 100 सीटों की लिस्ट जारी की गई थी उसमें वेटिंग लिस्ट भी नहीं था। इसलिए अब नई लिस्ट जारी करने की बात कही जा रही है मतलब कि इसमें भी देरी होगी।

यूएसटीआर ने लिया एक्शन

बड़ी मात्रा में अवैध इमारती लकड़ी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ ओडिशा सीमा में अवैध लकड़ी के परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ अंतर्राज्यीय तस्करी विरोधी कार्रवाई की गई है। इस मामले में रायघर वन परिक्षेत्र ओडिशा में अनियमितताओं का आधार सामने आया है। यह कार्रवाई ओडिशा पुलिस एवं नवरंगपुर वन विभाग के समन्वय से हुई है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 24 अगस्त को ओडिशा वन विभाग से आवश्यक तलाशी वारंट की औपचारिकता पूर्ण किए जाने के बाद तलाशी एवं कार्रवाई प्रारंभ की गई।

जब्त वनोपज की मात्रा

सागौन स्लीपर 67 नग, सागौन राफ्टर 39 नग, साल स्लीपर 6 नग, कटहल स्लीपर 3 नग, साल लट्ठा 6 नग कुल 2.921 घनमीटर के अलावा सागौन लकड़ी स्टेट 1 नग, पलंग साइज पाटा 2 नग, साइड पाटा 1 नग, बाक्स 1 नग, शिकंजा 5 नग, साटा 3 नग, मोटर 1 नग, बढ़ाई सामान 1 बैग, त्रिपाल 1 नग तथा सागौन लकड़ी 1 नग जब्त की गई है।

आरोपी फरार: खुफिया सूचना एवं ड्रोन से प्राप्त निगरानी इनपुट के आधार पर तीन संदिग्ध व्यक्तियों के परिसर की तलाशी ली गई। तीनों व्यक्ति रायघर वन परिक्षेत्र के गांव दासपुर निवासी हैं। इस मामले के आरोपी कृष्णकांत हलधर उर्फ किश्नो हलार फरार हैं।

मिनी ट्रक से 170 किलो गांजा बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद। बिरकोनी में ढाबा के सामने एक मिनी ट्रक से महासमुंद पुलिस ने 85 लाख रुपए का 170 किलो गांजा बरामद किया गया है। मामले में उत्तरप्रदेश निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि पेट्रोलिंग के दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि वाहन क्रमांक डीडी 01 एम 9023 का चालक अपने वाहन के पीछे डाला में अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चालक से पूछताछ की, जिस पर उसने अपना नाम अंकित कुमार यादव पिता रामशरण यादव (25 वर्ष) ग्राम गणेश कपर्वा थाना उच्चाहार जिला रायबरेली (उप्र) का निवासी होना बताया। मिनी ट्रक के डाला की तलाशी लेने पर कांच के टुकड़ों के नीचे 07 नग बोरियों में गांजा मिला।



रजिस्ट्रार जनरल ने नियुक्ति आदेश जारी किया

प्रदेश के 20 जिला न्यायालय में कोर्ट मैनेजर की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के पूर्व रजिस्ट्रार जनरल ने 20 कोर्ट मैनेजर एवं अकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों की नियुक्ति आदेश जारी किया है। रिक्त पदों के लिए कुछ माह पूर्व आवेदन आमंत्रित कर परीक्षा आयोजित किया गया था। इस संबंध में हाईकोर्ट वेबसाइट में नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। सभी नियुक्तियां 3 वर्ष की प रि वी क्ष ा अवधि के अधीन है।



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने कोर्ट मैनेजर, अकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारी के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया था। आवेदनों की जांच उपरांत पात्र उम्मीदवारों की परीक्षा आयोजित किया गया। इसमें सफल होने वाले उम्मीदवारों की चयन सूची जारी की गई। भर्ती प्रक्रिया पूरी होने के बाद छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्टार जनरल रजनीश श्रीवास्तव ने 25 अगस्त को नियुक्ति आदेश जारी किया है। जारी आदेश में हाईकोर्ट स्थापना पर कोर्ट मैनेजर के पद में अंकित कुमार झा को हाईकोर्ट में पदस्थ किया गया है। इसके साथ ही उदयन दुबे को दुर्ग जिला न्यायालय, संयोगिता सिंह को कमर्शियल कोर्ट रायपुर, रमाकांत पटेल को अंबिकापुर जिला कोर्ट, विरज कुमार देवांगन को कोरबा जिला कोर्ट, राहुल वर्मा को कोरिया जिला कोर्ट, अभिजीत रथ को महासमुंद जिला कोर्ट, प्रवीण कुमार को रामानुजगंज जिला कोर्ट, आशुतोष कुमार को बेमेतरा जिला कोर्ट, निधि नागवंशी को बिलासपुर जिला कोर्ट, रिचा पाठक को धमतरी जिला कोर्ट, विजय कुमार साहू को कवर्धा जिला कोर्ट, मनोज कुमार सिंह को रायपुर जिला कोर्ट, प्रतिभा लकड़ा को कांकेर जिला कोर्ट, बाम्पी दुबे को राजनांदगांव जिला कोर्ट, कोमल भोई को जगदलपुर जिला कोर्ट, शैलेन्द्र सिंह भास्कर को दंतेवाड़ा जिला कोर्ट, कमलेश कुमार गोरकर को कोंडागांव जिला कोर्ट, देवेंद्र भगत को सूरजपुर जिला कोर्ट एवं गोपाल सिंह नेताम को जशपुर जिला कोर्ट में कोर्ट मैनेजर के पद में पदस्थ किया गया है। इसके अलावा अकास्मिकता निधि से भर्ती होने वाले दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के रिक्त पदों के लिए 19 आवेदकों का प्यून के पद पर नियुक्ति आदेश जारी किया गया है। नियुक्त उम्मीदवारों को पदभारग्रहण करने का निर्देश दिया गया है। हाईकोर्ट के वेब साइट में नियुक्ति से संबंधित सभी जानकारी दी गई है।

हरिभूमि HEALTH CARE छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172



मनोज की लास्ट मैन इन टावर का टीजर आउट

मुंबई। मनोज बाजपेयी की अगली फिल्म 'लास्ट मैन इन टावर' का टीजर रिलीज हो गया है। ये फिल्म बस कुछ ही दिनों में सिनेमाघरों में रिलीज होनेवाली है। बेन रेखी के निर्देशन में बनी इस फिल्म को राणा दग्गुबाती की 'स्प्रिट मीडिया' ने प्रड्यूस किया है। फिल्म की ये कहानी मनोज बाजपेयी की झलकियों से शुरू होती है जो एक स्कूल मास्टरजी, रिटायर्ड टीचर हैं, जो अपनी कम्यूनिटी के लोगों की इच्छाओं के विरुद्ध खड़ा है। यही वजह है कि उन्हें कोई पसंद नहीं करता। टीजर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की कांपती आवाजों से होती है जिसमें वो कहते हैं, 'इंसान सिर्फ उतना ही तो नहीं हो सकता न जितना उन्हें समाज ये उसके आस-पड़ोस के लोग जानते हैं।' इसके बाद एक लाइन में कहा जा रहा है- रिश्तों को तो रिस्पेक्ट मिल ही जाती है, पर वो हैं भी क्या इस रिस्पेक्ट लायक? इसके बाद मनोज बाजपेयी के किरदार को लेकर कोई कहता है- मुझे तो नहीं लगता कि उसका पढ़ाया कभी कोई पास भी होता है। वहीं महिलाएं उनके बारे में आपस में बात करती हैं- बाहर तो गांधी जी बने फिरते हैं, घर में तो बिल्कुल तानाशाह हैं।

लाइफ Style

दीया

किरदार की सच्चाई को समझना जरूरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में हम अक्सर सुनते हैं कि एक्ट्रेसेस से कई बार शूट के दौरान मेकर्स कुछ ऐसी डिमांड करते हैं, जिसे पूरा करना पाना उनके लिए बेहद मुश्किल होता है। कुछ ऐसा ही बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा के साथ भी हुआ। हाल ही में दीया ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर और फिल्मों में काम करने के दौरान सामने आई चुनौतियों को लेकर खुलकर बात की है।

दीया ने साल 2004 में आई फिल्म 'तुमसा नहीं देखा' के गाने 'मुझे तुमसे मोहब्बत है' से जुड़ा एक एक्सपीरियंस शेयर किया। दीया ने बताया इस फिल्म के एक गाने की शूटिंग की दौरान उन्होंने 100 लोगों के सामने 'कपड़े उतारने' पड़े थे। दीया ने बताया, 'इसने मुझे ऐसे आजाद किया जैसा मैंने कभी सोचा भी नहीं था। इसके बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ मैं इस गाने को परफॉर्म कर पाई, उसकी वजह यह थी कि वैभवी मर्चेंट इस गाने की कोरियोग्राफर थीं। वहीं, इस पर काम करने वाले सभी लोगों ने मुझे बहुत सुरक्षित महसूस कराया।'

दीया ने आगे बातचीत में बताया, 'लेकिन एक लड़की के तौर पर यह शायद मेरे लिए सबसे मुश्किल कामों में से एक था। क्योंकि, मुझे सेट पर मौजूद सैकड़ों पुरुषों के सामने लगभग निर्वस्त्र होना पड़ा। बस अंडरवियर और ब्रा में शूट करना पड़ा।' उन्होंने आगे कहा, 'उस वक्त तक मैं ये समझ चुकी थीं कि एक एक्टर के लिए किरदार की सच्चाई को समझना सबसे ज्यादा जरूरी है। मैं इसे कैसे समझाऊं? ऐसा लगा तो सही, लेकिन असल में वैसा महसूस नहीं हुआ, क्योंकि तब तक यानी जब हमने गाना शूट किया मैं यह अच्छी तरह समझ चुकी थी कि एक एक्टर के तौर पर किरदार की सच्चाई को तलाशना और अपने रोल के जरिए आप क्या संदेश दे रहे हैं, यह कितना जरूरी है।



हॉलीवुड मसाला



16 साल में इस हॉरर फिल्म के आए 6 पार्ट

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड की मशहूर हॉरर फ्रैंचाइजी इनसीडियस का छठा पार्ट 'इनसीडियसः आउट ऑफ फर्दर' थिएटर्स में रिलीज हो चुका है। सिर्फ 171 करोड़ रुपए (करीब 18 मिलियन डॉलर) के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर में अब तक लगभग 610 करोड़ रुपए (64.7 मिलियन डॉलर) कमा लिए हैं। भारत में भी ये फिल्म दर्शकों को डराने और सिनेमाघरों तक खींच लाने में कामयाब रही है। इस हॉरर फ्रैंचाइजी की खास बात यह है कि इनसीडियस 6 से पहले इसके पांच पार्ट रिलीज हो चुके हैं और ये सारी फिल्में सुपरहिट रही हैं। 21 अगस्त 2026 को अमेरिका और भारत समेत कई देशों में रिलीज हुई इस फिल्म ने ओपनिंग वीकेंड में ही दुनियाभर में 60 मिलियन डॉलर से ज्यादा की कमाई कर ली थी।



गॉड ऑफ वॉर सीरीज में क्रेटोस बनेंगे डेव बटिस्टा

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड एक्टर डेव बटिस्टा की एंट्री पॉपुलर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी 'गॉड ऑफ वॉर' की लाइव-एक्शन टीवी सीरीज में हो गई है। वह एक्टर रयान हर्स्ट को रिप्लेस कर रहे हैं। अमेजन प्राइम वीडियो और सोनी की इस सीरीज में डेव बटिस्टा को क्रेटोस के रोल के लिए आधिकारिक तौर पर फाइनल कर लिया गया है। डेव बटिस्टा को ड्यून और गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी जैसी फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। रयान हर्स्ट को जनवरी 2026 में क्रेटोस के तौर पर अनाउंस किया गया था। लेकिन जून में शूटिंग के दौरान उनके बाइसेप में गंभीर चोट लग गई। उन्हें सर्जरी करानी पड़ी और उनकी वजह से प्रोडक्शन को दोबारा शुरू करने में काफी देरी होने वाली थी। ऐसे में अमेजन और सोनी ने क्रेटोस के रोल के लिए नए एक्टर की तलाश शुरू की। कुछ समय पहले खबर आई थी कि डेव बटिस्टा इस किरदार को निभाने के लिए बातचीत कर रहे हैं। अब उन्हें आधिकारिक तौर पर इस रोल के लिए चुन लिया गया है।



कृति ने बहन नुपुर संग मनाया रक्षा बंधन

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने रक्षा बंधन के मौके पर त्योहार मनाते हुए नया पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने बहन नुपूर के साथ राखी का पर्व मनाया है और दोनों बहनों ने अपनी कलाइयों की तस्वीर साझा की है। लेकिन लगे हाथ उन्होंने उन आलोचकों पर भी तंज कसा है, जो उनके विवादित रक्षा बंधन विज्ञापन में कपड़ों को लेकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। हालांकि, अब ज्वेलरी कंपनी ने वह विज्ञापन हटा लिया है और इसी बीच कृति ने अपने लेटेस्ट पोस्ट में लिखा है- जब तक राखी फैशन कमेटी की मीटिंग चल रही है, हम उन चीजों पर ध्यान दे रहे हैं , जो सच में मायने रखती हैं। कृति सेनन के साथ ही उनकी छोटी बहन नूपुर सेनन ने भी रक्षा बंधन पर एक जैसी तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें दोनों बहनों के हाथों की एक तस्वीर है, जिसमें कलाई पर राखी बंधी हुई है। जाहिर तौर पर, 'राखी फैशन कमेटी'का जिक्र सीधे-सीधे उन आलोचकों के लिए है, जिन्होंने विज्ञापन में एक्ट्रेस के कपड़ों को लेकर टीका-टिप्पणी की थी।



प्रेम कीटाणु का गाना 'कहो तो' हुआ रिलीज

नई दिल्ली। फिल्म 'प्रेम कीटाणु'का नया रोमांटिक गाना 'कहो तो' मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। इस गाने में अरमान मलिक की सुरीली आवाज फैंस को फिर सुनने मिल रही हैं। फिल्म कॉलेज लाइफ पर आधारित है और उसी दौरान होने वाले रोमांस पर आधारित है। फिल्म 'प्रेम कीटाणु'में वीर पहाड़िया को दर्शक एक रोमांटिक अंदाज में देखने वाले हैं। इस फिल्म में उनके साथ आफिया सैयद भी नजर आने वाली हैं। फिल्म 'प्रेम कीटाणु'का गाना 'कहो तो' रोमांस में डूबा हुआ गाना है। गानें में इश्क में डूबने तड़पने और तलाशने के एहसास को दिखाता है। इस गाने को अरमान मलिक ने गाया है। वहीं इसके लिरिक्स सचिन उर्मतोष ने लिखे हैं। 'कहो तो' को अन्नकुर आर पाठक ने कंपोज किया है। इस गाने में कव्वाली का तारतम्य को अल्तमश फरीदी ने गया है। अमाल ने एक्स पर आपनी वापसी की जानकारी देते हुए एक पोस्ट में लिखा, 'मैं बिल्कुल ठीक हूं और इस बार मैं पूरी तरह से कोशिश करूंगा।

टीवी मसाला



घमासान का ट्रेलर रिलीज, खूंखार डाकू बने नजर आए अरशद

नई दिल्ली। तिग्मांशु धूलिया निर्देशित दमदार ड्रामा 'घमासान' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी और अरशद वारसी आमने-सामने नजर आएंगे। यह सीरीज सत्ता, राजनीति, वफादारी और अस्तित्व के संघर्षों को उजागर करती है, जहां एक दृढ़ निश्चयी पुलिस अधिकारी एक कुख्यात अपराधी से भिड़ता है और नैतिकता के विभिन्न पहलुओं को एक साथ समेटे हुए है। तिग्मांशु धूलिया द्वारा निर्देशित,'घमासान' का ट्रेलर दर्शकों को सत्ता, संघर्ष और अस्तित्व की कसौटी पर आधारित एक कठोर दुनिया की पहली झलक दिखाता है। हिंदी भाषी क्षेत्र की पृष्ठभूमि पर आधारित, 'घमासान' धूलिया की विशिष्ट कहानी कहने की शैली को दर्शाता है, जो नैतिक रूप से जटिल दुनिया में रची-बसी है, जहां सत्ता और अस्तित्व के लिए आसान समाधान की गुंजाइश नहीं रहती। महाराज के रूप में अरशद वारसी और आदित्य के रूप में प्रतीक गांधी के बीच फिल्म में टकराव दिखाया जाएगा जो पारंपरिक पुलिस-बनाम-अपराधी संघर्ष से कहीं आगे बढ़कर सत्ता, वफादारी, राजनीति और अस्तित्व से ग्रस्त एक संपूर्ण व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए एक उच्च दांव वाली लड़ाई में बदल जाता है। घमासान को एमएएमआई मुंबई फिल्म फेस्टिवल, सिनेवेस्टर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और शिकागो साउथ एशियन फिल्म फेस्टिवल सहित कई प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में दिखाया जा चुका है। घमासान 11 सितंबर से जी5 पर प्रसारित होगी। तिमांशु धूलिया को एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ-साथ शानदार डायरेक्टर भी माना जाता है। हमने उनकी 'हासिल', 'चरस' और 'साहब बीवी और गैंगस्टर फ्रेंचाइजी' जैसी फिल्में देखी हैं जिनमें जमीन से जुड़ी कहानियां और सत्ता का गंदा खेल दिखाया गया है।

चुंबकः 5 पड़ोसी, 10 दोस्त और हजार हंगामे की कहानी



मुंबई। क्या होगा जब आपके पड़ोसी ही आपका परिवार बन जाएं? एक ऐसा परिवार जो चुंबक की तरह साथ चिपका ही रहे, फिर चाहे लाख हंगामे हों? आने वाली सीरीज 'चुंबक' कुछ इसी ताने-बाने पर बुनी गई है, जिसका ट्रेलर हाल ही रिलीज किया गया और खूब पसंद किया जा रहा है। यह एक फैमिली कॉमेडी है, जिसमें पांच पड़ोसी, 10 दोस्त और उनके हजार हंगामों की कहानी है। इन हंगामों के बीच फिर ऐसा बम फटता है कि सबकी दुनिया ही पलट जाती है और मजेदार ट्विस्ट देखने को मिलते हैं। 'चुंबक' को 'साराभाई वर्सेस साराभाई' और 'खिचड़ी' जैसे शोज बनाने वाले हैट्स ऑफ प्रोडक्शन ने बनाया है। जेडी मजीठिया और आतिश कपाड़िया ने प्रोड्यूस किया है। आतिश कपाड़िया ही इसके डायरेक्टर हैं। यह सीरीज आज के दौर के भारतीय मोहल्लों पर आधारित है और यह दिखाती है कि जब पड़ोसी परिवार का ही हिस्सा बन जाते हैं, तो क्या होता है। तब घर की कोई छोटी-सी बात भी जल्द ही पूरे मोहल्ले में चर्चा का विषय बन सकती है।

हर्ष को ट्रोल करने वालों पर बरसी भारती



मुंबई। शो खतरा खतरा खतरा तथा हम तुम और क्वारंटाइन के बाद कामेडियन भारती सिंह ने एक बार फिर अपने पति और लेखक हर्ष लिंबाचिया के साथ बतौर प्रोड्यूसर इंडियन गेम शो बनाया है। अक्सर यह देखा जाता है कि अगर पत्नी ज्यादा कमाई या प्रसिद्ध वाली हो तो लोग उसका मजाक उड़ाते हैं, इस पर भारती ने कहा कि फिलहाल तो मैं उसकी कमाई पर बैठी हूं। हमने कभी इस चीज पर ध्यान ही नहीं दिया। मैं पहले भी बोल चुकी हूं कि हम पति-पत्नी कम, उससे कहीं ज्यादा अच्छे दोस्त हैं।

रक्षा बंधनः प्रिया हुईं इमोशनल, प्रीति जिनिलया, रिद्धिमा ने लुटाया दुलार

एजेंसी ⏭ मुंबई

भाई और बहन के पवित्र प्रेम, स्नेह और एक-दूसरे की रक्षा के अटूट संकल्प का त्योहार रक्षा बंधन। शुक्रवार, 28 अगस्त को देशभर में बहनों अपनी भाइयों की कलाइयों पर राखी बांधीं। सोशल मीडिया पर आम जनता से लेकर सेलिब्रिटीज तक त्योहार के उमंग और उत्साह की झलक दिखा रहे हैं। किसी को अपना बचपन याद आ रहा है, तो कोई भावुक हो रहा है। कंगना रनौत ने जहां अपने भाई के साथ त्योहार मनाने की तस्वीरें शेयर की हैं, वहीं प्रीति जिंटा को भी पूजा की थाल के साथ बचपन की शरारतें याद आ गईं। रिद्धिमा कपूर साहनी ने भाई रणबीर कपूर और मां नीतू कपूर के साथ पुरानी तस्वीर शेयर की, जबकि प्रिया दत्त ने इस खास मौके पर संजय दत्त के साथ एक बेहद पुरानी तस्वीर शेयर कर इमोशनल पोस्ट लिखा है। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने भी शुक्रवार को बहन अलका भाटिया के साथ एक तस्वीरें शेयर की। राखी की बधाई देते हुए उन्होंने लिखा, 'रिश्ता वो, जिसमें नोकझोंक भी है, प्यार भी है और हर मुश्किल में साथ भी। हर भाई-बहन को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं।'

शरारतें, खुशियां और प्यार



इसी तरह प्रीति जिंटा ने अपने दोनों भाइयों मनीष और दीपांकर के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने तीन तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'आप सभी को रक्षाबंधन की बधाई जो आज इसे मना रहे हैं, और मेरे उन दोनों साथियों को भी, जिनके साथ मैंने शरारतें कीं, खुशियां बांटीं और जिंदगी के हर पल को जिया। आप दोनों से बहुत-बहुत प्यार।'

रिद्धिमा ने शेयर की रणबीर संग बचपन की फोटो



रिद्धिमा कपूर साहनी ने भाई रणबीर कपूर और कजिन्स आदर जैन, अरमान जैन के साथ इंस्ट्राग्राम स्टोरी पर तस्वीरें शेयर की हैं। इसमें रणबीर कपूर वाली तस्वीर बेहद प्यारी है। उन्होंने किसी नई तस्वीर की बजाय, बचपन की फोटो दिखाई है, जिसमें रणबीर और रिद्धिमा अपनी मां नीतू कपूर के साथ स्कूल ड्रेस में नजर आ रहे हैं। बचपन की यादों से लेकर जिंदगी के हर मोड़ तक, कुछ चीजें कभी नहीं बदलतीं। वो प्यार, वो हंसी-मजाक, वो बहस, वो कभी न खत्म होने वाली कहानियां, वो बिना कहे एक-दूसरे को समझ लेना... हम हमेशा एक-दूसरे के साथ रहेंगे।

जिनिलिया ने 'निगु-पिगु' भाई को बांधी राखी



एक्ट्रेस जिनिलिया डिसूजा ने इस खास मौके पर भाई निगेल डिसूजा के साथ रक्षा बंधन मनाते हुए वीडियो शेयर किया है। वह उन्हें तिलक लगा रही हैं, आरती उतार रही हैं। जिनिलिया लिखती हैं, 'हर साल होने वाली लड़ाई... बड़ी बहन को ही हमेशा तोहफे देने और लाड़-प्यार करने वाला होना चाहिए, उल्टा नहीं हो सकता - इसकी इजाजत नहीं है। लेकिन इस बार निगु-पिगु ने 'छोटी गैंग' की मदद ली और मैं बुरी तरह हार गई। रक्षाबंधन की बधाई, निगु-पिगु। मैं हमेशा तुम्हारे साथ खड़ी रहूंगी।'





चिंतन

पाक जासूसों की घरों में घुसपैठ रोकनी होगी

सीमा पार से जासूसी का चेहरा तेजी से बदल रहा है। कभी किसी विदेशी एजेंट को वर्षों तक तैयार किया जाता था, गुप्त मुलाकातों के जरिए सूचनाएं हासिल की जाती थीं और उन्हें सीमा पार पहुंचाने के जटिल रास्ते तलाशे जाते थे। अब इंटरनेट और सामाजिक माध्यमों ने इस पूरी प्रक्रिया को काफी आसान बना दिया है। विदेश में बैठा कोई व्यक्ति भारतीय नागरिक से लगातार संपर्क कर सकता है, उसकी गतिविधियों को समझ सकता है और छोटी रकम या किसी दूसरे लालच के जरिए उसे अपने नेटवर्क में शामिल कर सकता है। अब यह खतरा घरों तक भी पहुंच गया है। दिल्ली में एक दंपति की गिरफ्तारी से पाकिस्तान से जुड़े जासूसी नेटवर्क का जो खुलासा हुआ है, उसने इसी बदलते खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, दोनों वर्ष 2024 से पाकिस्तान में बैठे हैंडलर्स के संपर्क में थे। उन पर आठ भारतीय सिम कार्ड दुबई के रास्ते पाकिस्तान भेजने, संवेदनशील सूचनाएं जुटाने और दूसरे लोगों को जासूसी गतिविधियों से जोड़ने में मदद करने के आरोप हैं। इन नंबरों से वहां सामाजिक माध्यमों पर खाते सक्रिय किए गए और भारत में लोगों से संपर्क साधने की कोशिश हुई। यदि जांच में यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह दूरसंचार व्यवस्था की कमजोरियों पर भी सवाल खड़ा करेगा। किसी व्यक्ति की पहचान पर जारी मोबाइल नंबर का दूसरे देश में संदिग्ध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल होना केवल एक अपराध नहीं, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद संभावित छेद का संकेत है। हालांकि असली चुनौती उन लोगों तक पहुंचने की है जो सीमा पार बैठकर इस तरह के नेटवर्क को संचालित करते हैं। पैसा कौन भेज रहा था? संपर्क किसने स्थापित किया? भारतीय नागरिकों को किस तरह चुना गया? किन सूचनाओं की मांग की गई? इन सवालों के जवाब पूरे नेटवर्क की तस्वीर सामने ला सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति को दूसरे लोगों की भर्ती का काम सौंपा गया था तो यह संकेत है कि नेटवर्क एक-दो लोगों तक सीमित नहीं हो सकता। इसलिए जांच को स्थानीय संपर्कों से आगे बढ़ाकर पूरे आर्थिक और डिजिटल तंत्र तक पहुंचना होगा। किसी दूसरे के लिए सिम लेना, कुछ रुपये के बदले जानकारी देना या सैन्य प्रतिष्ठान से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी साझा करना देखने में छोटा काम लग सकता है, लेकिन यही छोटी कड़ियां बड़े जासूसी नेटवर्क को मजबूत करती हैं। इसलिए नागरिकों को भी समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा केवल सैनिकों की जिम्मेदारी नहीं है। सैन्य छावनियों और सुरक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी जानकारी को लेकर विशेष सावधानी की जरूरत है। सोशल मीडिया पर अनजाने लोगों से होने वाले संपर्कों को सामान्य मानकर छोड़ देना भी जोखिम पैदा कर सकता है। इसलिए स्थानीय मददगारों को पकड़ना बेहद जरूरी है, लेकिन सीमा पार बैठे संचालकों तक पहुंचना उससे भी ज्यादा जरूरी है। देश की सीमाओं की रक्षा हथियारों से होती है, लेकिन उसकी आंतरिक सुरक्षा सतर्कता से मजबूत होती है। पाकिस्तान में बैठे कथित संचालक यदि भारतीय नागरिकों को माध्यम बनाकर देश के भीतर पहुंच बनाने की कोशिश कर रहे हैं तो हर सिम, हर संदिग्ध संपर्क और हर आर्थिक लेन-देन की कड़ी को गंभीरता से लेना होगा। जासूसी का नेटवर्क जितना चुपचाप घरों तक पहुंचने की कोशिश करेगा, सुरक्षा व्यवस्था को उतनी ही तेजी से उसके रास्ते बंद करने होंगे। सीमा पर चौकसी के साथ अब घर की चौखट पर भी पहरा जरूरी है। घरों में पाकिस्तानी जासूसों की घुसपैठ रोकनी होगी, तभी पाक जासूसी के नेटवर्क को ध्वस्त किया जा सकेगा।



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

आमजन के लिए मुश्किलें बढ़ाती महंगाई

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोव्रैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है।

इन दिनों महंगाई पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में भारत में महंगाई बढ़ने से आम आदमी के जीवन की मुश्किलें बढ़ने संबंधी चिंताएं प्रस्तुत की जा रही हैं। हाल ही में 27 अगस्त को क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल ने मध्य पूर्व में जारी तनाव के कारण ऊंची ऊर्जा कीमतों और अलनीनो से प्रभावित कमजोर मानसून की चुनौतियों की वजह से चालू वित्त वर्ष 2026-27 में भारत में खुदरा महंगाई (सीपीआई) के बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान जताया है।

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति सहित प्रमुख आर्थिक एजेंसियों ने भारत में खुदरा महंगाई बढ़ने की चेतावनी दी है। एचडीएफसी बैंक ने सितंबर से खुदरा महंगाई दर लगातार 5 प्रतिशत से ऊपर रहने का अनुमान लगाया है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स व जेपी मॉर्गन ने खाद्य और कच्चे तेल की बढ़ती लागत के कारण महंगाई में और वृद्धि की चिंता जाहिर की है। एसबीआई इकोव्रैप रिपोर्ट के मुताबिक भारत में जो खुदरा महंगाई अगस्त में 4.7 प्रतिशत अनुमानित है, वह अक्टूबर-नवंबर में 6 प्रतिशत के पार पहुंच सकती है। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2026 में भारतीय बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया है। मौसम की अनिश्चितता और फसल प्रभावित होने से चीनी के खुदरा भाव ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। सीमित आपूर्ति के कारण प्याज के दाम पिछले साल की तुलना में तेजी से बढ़े हैं। इसके अलावा सरसों तेल, रिफाइंड तेल और दालों के दाम भी ऊंचे स्तर पर बने हुए हैं। त्योहारों के मौसम में मांग बढ़ने, चारे की लागत और परिवहन खर्च में वृद्धि के कारण दूध, मिठाइयों, पैकबंद खाद्य पदार्थों और पैक्ड चाय की कीमतों में और बढ़ोतरी होने की आशंका जताई जा रही है। यह परिदृश्य स्पष्ट संकेत देता है कि कमजोर मानसून और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतें आने वाले महीनों में आम नागरिक के बजट पर अतिरिक्त दबाव डाल सकती हैं। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में जुलाई महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 4.45 प्रतिशत हो गई है, जो जून में 4.38 प्रतिशत थी। यह आंकड़ा भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 4 प्रतिशत के तय लक्ष्य से ऊपर बना हुआ है। महंगाई में इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतें हैं। निश्चित रूप से खाद्य वस्तुओं की बढ़ती महंगाई के कारण आम आदमी की थाली महंगी हो गई है। जीवन निर्वाह लागत बढ़ गई है। क्रिसिल की अगस्त 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, जुलाई 2026 में घर पर बनने वाली शाकाहारी थाली की औसत लागत सालाना आधार पर 4 प्रतिशत बढ़कर 29.1 रूपए हो गई। यह पिछले 7 महीनों का उच्चतम स्तर है। वहीं, मांसाहारी थाली की कीमत 9 प्रतिशत बढ़कर 58.3 रुपये पर पहुंच गई। थाली महंगी होने का मुख्य कारण प्याज, खाद्य तेल और रसोई गैस की दरों में वृद्धि है। इस परिप्रेक्ष्य में महत्वपूर्ण है कि आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि वैश्विक आर्थिक उथल-पुथल और कमजोर मानसून की चुनौतियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित महंगाई का अनुमान 5.0 प्रतिशत कर दिया है। जहां खाद्य वस्तुओं के क्षेत्र में महंगाई में कुछ वृद्धि के संकेत हैं, वहीं अन्य क्षेत्रों में महंगाई बढ़ने के संकेत नहीं हैं। रिजर्व बैंक ने यह भी कहा है कि आने वाले दिनों में मानसून, अलनीनो और पश्चिम एशिया के संघर्ष की वजह से खाने-पीने की वस्तुएं और ईंधन महंगे हो सकते हैं। निसंदेह अब ऊंची ऊर्जा लागत, अलनीनो और कमजोर मानसून के कारण महंगाई की चिंता बढ़ती जा रही है। इससे कृषि पर मंडराता खतरा भी दिखाई दे रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक जून-सितंबर के बीच देश में सामान्य वर्षा के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत की कमी अनुमानित की गई है। इस स्थिति के पीछे अल-नीनो प्रभाव को मुख्य कारण माना जा रहा है, जिसने मानसून की गति को धीमा कर दिया है। शुरुआत में कम बारिश और मिट्टी में नमी की कमी के कारण इस वर्ष खरीफ फसलों की बुआई का कुल रकबा प्रभावित हुआ है। जिन क्षेत्रों में सिंचाई के पर्याप्त साधन नहीं हैं, वहां फसलों के सूखने का जोखिम काफी बढ़ गया है। बारिश की लगातार कमी से मिट्टी में नमी का स्तर घट रहा है। इससे न केवल कुल खाद्यान्न उत्पादन घट सकता है, बल्कि किसानों की आय प्रभावित होने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल दबाव पड़ सकता है। यहां यह उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा जुलाई की शुरुआत से लेकर अब तक महंगाई नियंत्रण के लिए बहुआयामी रणनीतिक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में खाद्य और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण खुदरा मुद्रास्फीति में तेजी के कारण आर्थिक दबाव से आम जनता को राहत देने और बाजार में स्थिरता बनाए रखने के लिए सरकार तथा भारतीय रिजर्व बैंक ने व्यावहारिक रणनीतियां अपनाई हैं। खाद्य पदार्थों और ईंधन के दामों को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक वस्तुओं के राष्ट्रीय बफर स्टॉक का उपयोग किया जा रहा है। खुले बाजार में कृषि उत्पादों की आपूर्ति बढ़ाकर कीमतों को थामने का सीधा प्रयास किया जा रहा है। महंगाई के प्रभाव को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के कर्मचारियों के लिए औद्योगिक महंगाई भत्ते की संशोधित दरों की घोषणा की गई है। वित्तीय बाजार में नकदी के संतुलन को बनाए रखने और अत्यधिक मांग से मूल्य वृद्धि रोकने के लिए केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक समीक्षा के तहत नकदी प्रवाह पर सख्त नियंत्रण रखा है। दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति और फसलों की बुआई की लगातार समीक्षा की जा रही है, ताकि आने वाले समय में खाद्यान्न की कमी न हो और कीमतों में उछाल को रोका जा सके। वैश्विक भू-राजनीतिक तनावों से ईंधन और आयातित वस्तुओं पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव को कम करने के लिए व्यापारिक रणनीतियों में आवश्यक बदलाव किए गए हैं। संभावित मुद्रास्फीति के दबाव को देखते हुए आवश्यक उपभोग योग्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का खाका तैयार किया गया है। वहीं, सरकार आगामी महीनों में अलनीनो तथा कमजोर मानसून की चुनौतियों से निपटने के लिए भी सावधानी और सतर्कतापूर्वक आगे बढ़ रही है। उम्मीद करें कि सरकार महंगाई नियंत्रण के लिए और अधिक नए रणनीतिक कदमों के साथ आगे बढ़ेगी। सरकारी गोदामों से गेहूं, चावल और दालों को उपयुक्त रूप से खुले बाजार में जारी किया जाना होगा, ताकि त्योहारी सीजन में आपूर्ति बनी रहे। प्याज, टमाटर और आलू की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए नाफेड जैसे सरकारी संगठनों के माध्यम से उपभोक्ताओं को रियायती दरों पर सीधी बिक्री बढ़ाई जानी होगी। आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी रोकने के लिए व्यापारियों के स्टॉक सीमाओं की सख्त निगरानी आवश्यक होगी। खाद्य तेलों और दालों की उपलब्धता सुधारने हेतु आयात शुल्क में अस्थायी कटौती की जानी होगी।



(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

आपदा

रोहित कौशिक



नेपाल की बाढ़ से भारत को लेना चाहिए सबक

हाल ही में नेपाल में आई बाढ़ ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पर्यावरण से जुड़े इन सवालों पर यदि गंभीरता से चिंतन नहीं किया गया तो भविष्य में ऐसी आपदाओं के बढ़ने की उम्मीद है। इस आपदा में कई लोगों की जान चली गई जबकि अनेक लोग लापता हैं। बाढ़ से कई पुल बह गए और अनेक जलविद्युत परियोजनाएं क्षतिग्रस्त हो गईं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ग्लेशियर के ढहने से भूकंपीय गतिविधि शुरू हुई और नेपाल-तिब्बत सीमा के पास पहाड़ी से चट्टानों के खिसकने के बाद बाढ़ आई। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हम विकास के चक्कर में हिमालय के पारिस्थितिक तंत्र को समझने का प्रयास नहीं कर रहे हैं। नेपाल में आई बाढ़ तो एक उदाहरण भर है। हमारे देश में भी बाढ़ और भूस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं लेकिन हम इन आपदाओं से कोई सबक नहीं लेते हैं। पहाड़ों में नदी, नालों और पानी के रास्ते के किनारे होने वाले निर्माण और अतिक्रमण को हम रोक नहीं पाए हैं। अभी भी धड़ल्ले से इस तरह के निर्माण और अतिक्रमण हो रहे हैं। जाहिर है कि जब इस तरह की आपदाएं आती हैं तो किनारे पर होने वाले अतिक्रमण और निर्माण की वजह से जान-माल की हानि ज्यादा होती है। हमारे देश में भी उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ों में बादल फटने, भूस्खलन और हिमस्खलन जैसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। निश्चित रूप से कई बार मौसम खराब होने के कारण भी ऐसी आपदाएं आती हैं लेकिन मौसम खराब होना ऐसी आपदाओं का एक कारण है। मानवीय गतिविधियां बढ़ने के कारण भी ऐसी आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। इस तरह की कई आपदाएं पहाड़ों पर जान और माल का नुकसान बढ़ा रही हैं। इसलिए इस दौर में इन आपदाओं के कारणों पर व्यापक रूप से चिंतन करना होगा। कई भूवैज्ञानिकों का मानना है कि पहाड़ों पर हिमनदों के पिघलने की दर बढ़ रही है। बढ़ते तापमान और पहाड़ों के भीतर हो रहे कई तरह के बदलावों के कारण हिमनदों के टूटने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। कुछ समय पहले संसद में पेश की गई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि हिमालय के विभिन्न हिमनद जलवायु परिवर्तन के कारण तेजी से पिघल रहे हैं। इस कारण वहां किसी भी समय बड़ी प्राकृतिक आपदा आ सकती है। कुछ समय पहले उत्तराखंड में हिमनद पिघलने की वजह से ऐसी कई प्राकृतिक आपदाओं ने भारी तबाही मचाई थी। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम केदारनाथ आपदा से सबक नहीं ले पाए और पहाड़ों पर जल प्रलय के शास्त्र को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को हरी झंडी देते चले गए। यही कारण है कि हमें लगातार इस तरह की आपदाओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रारम्भ से ही पहाड़ों पर अत्यधिक जल विद्युत परियोजनाओं का विरोध होता रहा है। अनेक वैज्ञानिकों और पर्यावरणविदों का मानना है कि पहाड़ों पर ये जल विद्युत परियोजनाएं भविष्य में और भी बड़ी तबाही मचा सकती हैं। हर क्षेत्र का अपना अलग पर्यावरण होता है। हम पहाड़ के पर्यावरण की तुलना मैदानी क्षेत्रों के पर्यावरण से नहीं कर सकते। यदि हम पहाड़ के पर्यावरण को समझे बिना विकास की परियोजनाओं को आगे बढ़ाएंगे तो इस तरह की आपदाओं को ही निमंत्रण देंगे। यह विडम्बना ही है कि मानव हस्तक्षेप के चलते पहाड़ों पर इस तरह की आपदाएं बढ़ती जा रही हैं। गौरतलब है कि पहाड़ों पर बनने वाले बांधों ने ग्लेशियरों को कमजोर किया है। ग्लेशियरों के मुहाने पर बनने वाले बांध पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। वैज्ञानिकों के अनुसार उत्तराखंड में ज्यादातर ग्लेशियरों पर बर्फबारी के कारण कई लाख टन बर्फ का भार बढ़ जाता है, जिसकी वजह से ग्लेशियरों के खिसकने व टूटने का खतरा बना रहता है। हालांकि सर्दियों में ग्लेशियर टूटने की घटनाएं कम होती हैं। दरअसल विकास की विभिन्न परियोजनाओं के लिए जिस तरह से जंगलों को नष्ट किया गया और पेड़ों की कटाई की गई, उसने स्थिति को और भयावह बना दिया। इस भयावह स्थिति के कारण मानसून तो प्रभावित हुआ ही, ग्लेशियरों का टूटना, भू-क्षरण एवं नदियों द्वारा कटाव किए जाने की प्रवृति भी बढ़ी। आज विकास का जो हवा महल बनाया जा रहा है, वह किसी न किसी रूप से आम आदमी की कब्र खोदने का काम ही कर रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि हम बड़े ही शर्मनाक तरीके से इस विकास पर अपनी पीठ थपथपाते रहते हैं। क्या हम विकास का ऐसा माडल नहीं बना सकते जिससे पहाड़ भी सुरक्षित रहे और पहाड़ के निवासियों को स्थायी रूप से फायदा हो। आज निश्चित रूप से विज्ञान निरन्तर प्रगति की ओर अग्रसर है लेकिन वह प्रकृति के सामने बौना ही है। अगर विश्व के बुद्धिजीवी प्रकृति के साथ विज्ञान की प्रतियोगिता कराएंगे तो किसी न किसी रूप में वे तबाही को ही जन्म देंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित

दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

बिन बुलाए किसी के घर न जाए



संकलित

प्रेरणा

माता सती के पिता प्रजापति दक्ष शिव जी को पसंद नहीं करते थे, क्योंकि शिव जी ने ब्रह्मा जी का पांच में से एक सिर काट दिया था। अपने पिता ब्रह्मा जी के साथ हुई इस घटना की वजह से दक्ष शिव जी को अपमानित करने के अलग-अलग अवसर खोजते रहते थे। दक्ष की पुत्री सती ने भगवान शिव से विवाह कर लिया था और दक्ष इस विवाह को रोक नहीं सके। विवाह के कुछ समय बाद दक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया और इस यज्ञ में सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। माता सती को नारद से मालूम हुआ कि उनके पिता दक्ष यज्ञ करवा रहे हैं। सती इस यज्ञ में जाने के लिए तैयार हो गईं। शिव जी ने देवी सती को समझाया कि बिना बुलाए हमें यज्ञ जैसे आयोजन में नहीं जाना चाहिए, लेकिन शिव जी के समझाने पर भी देवी नहीं मानीं और यज्ञ में चली गईं। जब सती यज्ञ स्थल पर पहुंची तो उन्होंने देखा कि यज्ञ में शिव जी के अतिरिक्त सभी देवी-देवता आए हुए हैं। सती ने पिता दक्ष से शिव जी को न बुलाने का कारण पूछा तो दक्ष ने शिव जी के लिए अपमानजनक बातें कहना शुरू कर दीं। शिव जी का अपमान सती सहन नहीं कर सकीं और उन्होंने हवन कुंड में कूदकर अपनी देह त्याग दी। जब ये बात शिव जी को मालूम हुई तो वे बहुत क्रोधित हो गए। शिव जी के क्रोध से वीरभद्र प्रकट हुए। इसके बाद शिव जी के कहने पर वीरभद्र ने यज्ञ स्थल को उजाड़ दिया और दक्ष का सिर काट दिया।

हाथियों का स्वागत



मैसूर में शुक्रवार को सालाना दशहरा उत्सव से पहले नौ दशहरा हाथियों के पहले बैच का मैसूर पैलेस में पारंपरिक स्वागत किया गया।

आज की पाती

बच्चों की सेहत से बड़ा कोई पाठ नहीं

राजस्थान हाई कोर्ट का स्कूलों में जंक फूड की बिक्री पर रोक लगाने का फैसला केवल एक न्यायिक आदेश नहीं, बल्कि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और स्वस्थ भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। स्कूल कैंटीन तथा स्कूल गेट के 50 मीटर के दायरे में ज्यादा वसा, चीनी और नमक वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोक और उसके पालन के लिए नियमित औचक निरीक्षण की व्यवस्था दूसरे राज्यों के लिए भी अनुकरणीय है। आज जब बच्चों की जीवनशैली तेजी से बदल रही है, ऐसे समय में स्कूलों को केवल शिक्षा का केंद्र मानना पर्याप्त नहीं है। स्कूल वह स्थान है जहां बच्चे पढ़ना ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की आदतें भी सीखते हैं। इसलिए उन्हें पौष्टिक भोजन और सक्रिय जीवनशैली का वातावरण देना चाहिए।

- सुभाष वर्मा, अंबिकापुर

ट्रेंड

रिसर्च पर ध्यान



आज भारत वेंटिलेटर बना रहा है और 2028 से पहले बैंडेज से लेकर एमआरआई मशीन तक सब कुछ बनाने की तैयारी में है। फार्मा सेक्टर का रिसर्च पर ध्यान इस कोशिश को और गति देगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

संचार साथी



'संचार साथी' ने खोए हुए फोन के मामले में बाजी पलट दी है...सच में यह एक गेम-चेंजर है! पूरे देश में सिर्फ एक महीने में 75,000 से ज्यादा हैंडसेट बरामद किए गए हैं...यह कामयाबी स्मार्ट टेक्नोलॉजी और टेलीकॉम ऑपरेटर्स और देशभर के पुलिस विभागों के बीच बेहतरीन तालमेल से मिली है।

-ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया, केंद्रीय मंत्री

बदलाव की वजह



पेंगुइन वर्ल्डवाइड, सोनिया गांधी की आने वाली किताब को दुनिया भर में उसके मूल रूप में प्रकाशित करने के लिए तैयार है, लेकिन पेंगुइन इसे भारत में लॉन्च करने के लिए इसमें बदलाव चाहता है। क्या वजह है जो उसे भारत में प्रकाशित नहीं कर सकते?

-अशोक गहलोत, पूर्व सीएम, राजस्थान

पुनर्निर्माण कार्यों में मदद



नेपाल में तबाही के दृश्य भयानक और दिल दहला देने वाले हैं। मैं खोज और बचाव कार्यों में नेपाल की स्थानीय क्षमताओं के इस्तेमाल की सराहना करता हूँ। इस मुश्किल समय में राहत और पुनर्निर्माण के कार्यों में मदद के लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे।

- आनंद महिंद्रा, उद्यमी

करंट अफेयर

नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन, बेटे ने संभाली गद्दी

नॉर्वे के महाराजा हेराल्ड पंचम का निधन हो गया है। वह 89 वर्ष के थे। राजमहल ने शुक्रवार सुबह इसकी सूचना दी। नाजी कब्जे के दौरान बचपन का कुछ समय निर्वासन में अमेरिका में बिताने वाले हेराल्ड ने उस महिला से शादी करने के लिए यूरोप की कई कुलीन महिलाओं के विवाह प्रस्ताव ठुकरा दिए थे जिससे वह स्कूल के समय से प्रेम करते थे। हेराल्ड यूरोप के सबसे उम्रदराज सम्राट थे। लोकप्रिय महाराजा के रूप में उन्होंने राजशाही को आधुनिक रूप दिया, लेकिन हाल के वर्षों में पद छोड़ने वाले अन्य उम्रदराज राजाओं की तरह उन्होंने गद्दी छोड़ने से इनकार कर दिया था। हेराल्ड के निधन के बाद उनके बेटे हाकोन अष्टम को स्वत: ही राज गद्दी मिल गई है। यूरोप के अन्य राजतंत्रों की तरह नॉर्वे के राजा की भूमिका भी मुख्य रूप से प्रतीकात्मक है। हालांकि, उन्हें देश में काफी लोकप्रियता हासिल है। करीब 55 लाख की आबादी वाले इस लोकतांत्रिक देश में वास्तविक सत्ता निर्वाचित संसद के पास है। हेराल्ड ने जनवरी 1991 में उनके पिता राजा ओलाव पंचम के निधन के बाद राजगद्दी संभाली थी। उनके शासनकाल में नॉर्वे ने तेल और गैस के सहारे आर्थिक समृद्धि का दौर देखा। हेराल्ड का जन्म 1937 में ओस्लो के पास अस्केर में हुआ था।



ऑफ बीट

वसीयत, पासवर्ड और जरूरी संवाद: अभी करें तैयारी

हममें से ज्यादातर लोग अपनी मौत के बारे में सोचना पसंद नहीं करते। लेकिन ऐसा करने की एक व्यावहारिक वजह है: जब व्यक्ति की मृत्यु होती है, तो उसके पीछे छूटी चीज़ों को समेटने और उनका निपटारा करने की जिम्मेदारी किसी और को उठानी पड़ती है। उन्हें अंतिम संस्कार की व्यवस्था करनी पड़ सकती है, वसीयत तलाशनी पड़ सकती है, बैंकों और पेंशन कोषों से संपर्क करना पड़ सकता है, घर से जुड़े मामले निपटाने पड़ सकते हैं, बिल चुकाने पड़ सकते हैं, बिजली-पानी जैसी सेवाओं और डिजिटल खातों को बंद करना पड़ सकता है और आखिर में छोड़ी गई संपत्ति का बंटवारा करना पड़ सकता है। और यह सब वे आपके जाने के दुख के बीच कर रहे होंगे। आप कुछ ऐसे कदम उठा सकते हैं, जिनसे उनका यह बोझ कम हो सके। संपत्ति की अच्छी योजना का मतलब सिर्फ यह तय करना नहीं है कि आपकी रकम और संपत्ति किसे मिलेगी। इसका मकसद यह भी है कि आपके जाने के बाद लोगों के लिए पूरी प्रक्रिया आसान हो। वसीयत बनाना इसकी एक अहम शुरुआत है। ऑस्ट्रेलिया में केवल करीब 40 प्रतिशत लोगों ने वसीयत तैयार की है। उम्र बढ़ने और संपत्ति जुटने के साथ वसीयत बनाने की प्रवृत्ति भी बढ़ती जाती है। आप खुद भी वसीयत बना सकते हैं जिसके लिए स्वयं तैयार करने वाली या ऑनलाइन वसीयत की किट उपलब्ध हैं।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

एफआईआर



दो बच्चों की मां के प्यार में कुंवारा युवक इस कदर डूब गया था। वह उसे अपनी आंखों से भी दूर होना नहीं देना चाहता था। वह दिनरात उसकी यादों में खोया रहता था। दोनों के बीच गहरे रिश्ते भी बन गए थे। जिसे वह चाहता था उसकी बेवफाई भला वह कैसे बर्दाश्त कर पाता। हुआ भी कुछ ऐसा ही और इसकी परिणति रोंगटे खड़े कर देने वाली रही। विवाहिता का एक अन्य पुरुष से भी प्रेम प्रसंग चल रहा था। एक दिन कुंवारे युवक ने अपनी विवाहिता प्रेमिका को उस शख्स के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया। फिर क्या था युवक का खून खौल उठा। उसने प्रमिका को बहलाकर घुमाने के बहाने दुर्ग जिले के ग्राम अंडा गांव की ओर ले गया। सुनसान जगह पर उसने महिला की हत्या कर उसकी लाश के कई टुकड़े कर दिए। इस पर भी जब उसे तसल्ली नहीं हुई तो उसने लाशों के टुकड़ों को दो अलग-अलग बोरियों में भरकर एक बोरी को तालाब में तथा दूसरी बोरी को काफी दूर एक नाले में फेंक दिया ताकि उसके शरीर को मछलियां और जानवर खा जाए।

बेवफाई का ऐसा बदला, प्रेमिका की लाश को टुकड़ों में बांटा

भिलाई से जेएम तांडी

यह घटना ग्राम कुथरेल में देखने को मिली है। पुलिस के मुताबिक बीआरपी कालोनी मरोदा निवासी सुभद्र यादव (40) अपने घर में बिना बताये 28 जुलाई 2016 से अचानक लापता हो गई थी। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने घर के आसपास खोजबीन कर नहीं मिलने पर गुमशुदगी का अपराध नेवई थाने में दर्ज कराया। दो दिन बाद 30 जुलाई को ग्राम कुथरेल थाना अण्डा के गतवा तालाब के पास बोरे में बंद शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर तत्कालीन पुलिस अफसरों में एसपी अमरेश कुमार मिश्रा, एएसपी विवेक शुक्ला, एसडीओपी पाटन पीसी तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जैसे ही पुलिस ने बोरा को खोलवाया आसपास में मौजूद लोगों को होश उड़ गए। बोरे में पुलिस को एक महिला की लाश मिली थी, जिसके दोनों हाथ, पैर सिर गायब था। लाश में पहचान का कोई निशान भी नहीं था। घटना के बाद पुलिस आसपास से गायब हुई महिलाओं के बारे में पतासाजी करने जुट गई। बकायदा पुलिस ने जांच के लिए एक टीम भी गठित कर दिया। पुलिस महिला के शिनाख्त के लिए बालोद, राजनांदगांव समेत आसपास के थानों में महिला की जानकारी दे दी गई थी। घटना के कुछ दिन बाद पता चला कि नेवई थाना क्षेत्र से सुभद्र यादव नामक महिला की गुशुदगी रिपोर्ट है। अंडा पुलिस ने नेवई थाना में संपर्क कर परिजनों को शिनाख्त करने के लिए बुलाया था। तब परिजनों ने महिला की साड़ी व शरीर के बनावटी आधार पर सुभद्र के नाम से शव का शिनाख्त किया । पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई। परिजनों का बयान पुलिस लगातार लेती रही है। इससे पुलिस को पता चला कि नेहरु नगर स्थित अस्पताल में सुभद्र हाउस कीपिंग इंचार्ज के रूप में काम करती थी। जहां टाइल्स का काम करने वाला मरोदा नेवई निवासी कमल देशमुख से सुभद्रा का परिचय हुआ था।

लाश को काटकर मछलियों और जानवरों को खाने के लिए फेंका

पुलिस हर संदिग्ध पर पैनी नजर लगाई हुई थी

घटना के बाद से बस्ती से कमल भी लापता होना बताया जा रहा था। पुलिस की शंका कमल पर बढ़ते चले गई। उसे पकड़ने पुलिस ने अपने मुखबिरों को तैयार किया। जगह-जगह दबिश दी गई, रिश्तेदारो के घर भी पुलिस पहुंची थी। उसके बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिल पा रही थी। मुखबिर ने पुलिस को सूचना दिया कि 29 जुलाई को ग्राम कुथरेल में सुभद्रा के साथ एक व्यक्ति को देखा गया है। जिस पर पुलिस की पूरी टीम को कुथरेल गांव में झोंक दिया गया। पुलिस हर संदिग्ध पर पैनी नजर लगाई हुई थी। पुलिस को ये पता चला कि नेवई क्षेत्र में कमल घूम रहा है। पुलिस देर न करते हुए दबिश देकर उसे 4 अगस्त को गिरफ्तार कर इस हृदय विदारक घटना से पर्दा उठा दिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि घटना को अंजाम देने की काफी पहले साजिश रची थी। सुभद्रा को पहले मिलने के बहाने बुलाया और दोनों ने जमकर शराब पी। इस बीच दोनों के मध्य विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि कमल ने सामने रखे टाईल्स काटने वाले मशीन से शरीर के एक-एक हिस्सों को काटता चला गया। पुलिस को इसकी भनक ना लग सके, इसके लिए सुभद्रा के शरीर के अंगों को अलग-अलग जगह काट कर फेंकना स्वीकार किया था। इस कारवाई में तत्कालीन एसडीओपी पीसी तिवारी समेत क्राइम ब्रांच के चंद्रशेखर सोनी, अजय सिंह, समित मिश्रा, रमेश यादव, संतोष गुप्ता समेत पूरी टीम का बड़ा योगदान रहा है।



साजिश की भनक तक नहीं लगी

पुलिस ने बताया कि आरोपी कमल ने अस्पताल के ईपीएफ की रकम निकालने के बहाने सुभद्रा को बुलाया था। दोनों की मुलाकात नेवई क्षेत्र में हुई उसके बाद सुभद्रा व कमल घुमने निकल गए। ईपीएफ की जानकारी नहीं होने से आरोपी के झांसे में आ गई। इसी तरह शाम हो गई और कमल उसे कुथरेल जाने की जिद करने लगा। काफी जिद के बाद ही जैसे तैसे सुभद्रा जाने को तैयार हो गई। कमल के साजिश के तहत सब ठीक चल रहा था। कुथरेल के एक मकान में सुभद्रा को लेकर गया। जहां दोनों ने शराब पी, उसके बाद सुभद्रा को नशा ज्यादा होता देख कमल उसका काम तमाम करना चालू कर दिया। घटना में आरोपी कमल ने कमरे में पूरा व्यवस्था पहले से छिपाकर कर रखा था। आरोपी ने कमरे में टाइल्स काटने की मशीन, एक बोरा, रस्सी सभी चीजों का इंतजाम कर रखा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि रात 12 बजते ही सुभद्रा के शरीर को काटता चला गया।

क्राइम पेट्रोल देखकर बनाया था प्लान

आरोपी कमल ने जिस तरह सुभद्रा की हत्या शरीर के अंग को अलग अलग काटकर किया था। इस तरह की घटना जिले में पहली बार हुई थी। पुलिस ने बताया कि उक्त वारदात को अंजाम देने के पूर्व आरोपी कमल ने क्राइम पेट्रोल के धारावाहिक को देखा था। फिर उसी की तर्ज पर आरोपी ने घटना को अंजाम देने का प्रयास किया था। पुलिस ने जिस तरह से वारदात को निपटाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाई अगर नहीं निभाती तो आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर होता। आरोपी कमल देशमुख ने पुलिस को बताया कि सुभद्रा को बेपनाह प्यार करता था। उसे किसी के साथ देखने के बाद उसके मन में प्यार खत्म हो गया था। अगर सुभद्र मेरी नहीं होगी तो किसी की होने भी नहीं दुंगा तर्ज पर उसे उसी गुस्से में शरीर के एक एक अंग को काटता चला गया। घटना को अंजाम देते समय तो काफी डर भी रहा था, लेकिन सुभद्रा के धोखा की याद में हत्या करनी पड़ी। इसके लिए उसे कोई पछतावा नहीं होने तक की जानकारी पुलिस को दिया।

पुलिस के लिए था चैलेंज

सुभद्रा हत्याकांड के आरोपी को पकड़ने के लिए तत्कालीन एसपी अमरेश मिश्रा ने एक जंबो टीम बनाकर हत्याकांड के आरोपी को पकड़कर सफलता हासिल की थी। आरोपी को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच टीम, थाना नेवई, अंडा समेत पुलिस के कई मुखबिर इसे ट्रेस करने में जुटे रहे। आखिरकार आरोपी कमल को पकड़ने में दुर्ग पुलिस सफल रही। जिस तरह से आरोपी ने घटना को अंजाम दिया था उसके बाद महिला का शिनाख्त भी हो पाना मुश्किल हो रहा था लेकिन पुलिस ने हर पहलूओं बारीकी से पतासाजी कर हत्याकांड से पर्दा उठाया।

घर में बेटे के शादी की तैयारी चल रही थी, मां ने बहू के लिए जेवरात भी तैयार कर लिए थे, लेकिन इसी बीच कुछ ऐसा हुआ कि शादी की शहनाई मातम में बदल गई। अज्ञात लूटेरों ने जेवरात चोरी कर मां को मौत के घाट उतार दिया।



जगदलपुर से राजेश दास



बेटे के विवाह की तैयारी के बीच ड्राइवर ने साथियों के साथ मिलकर कर दी मां की हत्या

लूट के दौरान प्रोफेसर पत्नी जागी, पहचान ना सके इसलिए उतार दिया मौत के घाट

महज 48 घंटे के भीतर पुलिस ने खौफनाक हत्याकांड का खुलासा करते हुए पांच साल से काम कर रहे मास्टर माइंड घर के ड्राइवर समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इस लूट व हत्याकांड को डॉक्टर व प्रोफेसर दंपति के घर के ड्राइवर ने जेवरात व नगद लूटने की नीयत से अपने साथियों के साथ अंजाम दिया था। उसने अपने तीन साथियों के साथ घर में प्रवेश किया और जेवरात चोरी कर रहे थे, तभी डाक्टर की पत्नी की नींद खुल गई और पहचान के डर से ड्राइवर ने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रोफेसर पत्नी की हत्या कर दी। सनसनीखेज हत्याकांड की खबर लगते ही एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर तत्कालीन बोधघाट थाना प्रभारी निरीक्षक लीलाधर राठौर, डॉग स्क्वाड, एफएसएल एक्सपर्ट व अन्य टीम दलबल के साथ मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी और इस बीच आरोपियों की पतासाजी के लिए पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी एवं मोबाइल नम्बरों का विश्लेषण कर आरोपियों को 48 घंटे के भीतर चिन्हांकित किया और उन्हे धर दबोचा। सनसनीखेज हत्या की वारदात 1-2 जनवरी 2025 की दरम्यानी रात अंजाम दिया गया था, जब पूरा शहर नए साल के जश्न में डूबा हुआ था। तभी अज्ञात आरोपियों ने अर्चना घोष पति डॉ वासुदेव राय, निवासी अनुकुल देव वार्ड करकापाल की बेरहमी से हत्या कर दी थी। जघन्य हत्याकांड की 3 जनवरी को प्रार्थी डॉ वासुदेव राय द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराते हुए अपनी पत्नी डॉ अर्चना घोष की लाश घर के बेडरूम में मिलने की बोधघाट थाने में सूचना दी थी।



दंपति के आर्थिक रूप से सम्पन्न होने की ड्राइवर को थी जानकारी

मामले की गंभीरता को देखते हुए बस्तर पुलिस द्वारा घटना स्थल का तत्काल एफएसएल की टीम द्वारा विस्तृत निरीक्षण कराकर 100 से अधिक सीसीटीवी खंगालते हुए तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण करना प्रारंभ किया। विवेचना के दौरान परिस्थितिजन्य एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मृतका के ड्रायवर व पूरी घटना के मास्टरमाइंड रोहित कश्यप, निवासी कुरन्दी बड़े पारा थाना नगरनार से पूछताछ की गई। रोहित को मृतका की आर्थिक सम्पन्नता एवं गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी थी। जिसके बाद उसने अपने तीन अन्य साथी जोसेफ कश्यप निवासी खड़गघाट थाना कोतवाली, नीलू बघेल निवासी डोगाघाट थाना कोतवाली व पप्पू बघेल निवासी डोगाघाट थाना कोतवाली के साथ लूट की नीयत से साजिश कर अपराध कारित करना स्वीकार किया।

लूट की घटना को ऐसे दिया अंजाम

चारों आरोपियों ने पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि मुख्य आरोपी रोहित कश्यप घटना से पूर्व मृतका के घर बीते 5 वर्षों से चालक का काम कर रहा था, जिसकी वजह से आरोपी को मृतका की आर्थिक सम्पन्नता एवं गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी थी। आरोपी द्वारा घर में प्रवेश कर लूट करने की योजना तैयार की गई। एक जनवरी की रात तीन आरोपी साथियों द्वारा आरोपी ड्रायवर के बताए अनुरूप घर में प्रवेश किया गया। इस दौरान घर में मौजूद मृतका का मोबाइल, कुछ धन राशि एवं जेवरात की लूट करते समय मृतका की आंख खुल गई और उसने इसका विरोध किया। जिसके बाद पहचानने के डर से उसकी हत्या कर दी गई। घटना के 48 घंटे के भीतर पुलिस चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया और सभी को न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया गया। बोधघाट पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने की कनौटी, चांदी की पायल, बिछिया, चांदी का पिन, लॉकेट, सिंदूर दानी, मृतका का मोबाइल, सीसीटीवी कैमरा, आरोपियों द्वारा घटना में प्रयुक्त दो बाईक व नगद लगभग 36 हजार रुपए बरामद किया।

एक माता-पिता के लिए संतान संसार की सबसे बड़ी पूंजी होती है। लंबे समय से संतान के लिए तरस रहे किसी दंपति को काफी जतन के बाद संतान सुख की प्राप्ति होती है, लेकिन शराब की लत के कारण एक कलयुगी पिता ने रिश्तों को कलंकित करते हुए अपने तीन वर्ष के मासूम बेटे के सिर में टंगिया मारकर उसकी हत्या कर दी। इस बेरहम पिता को 15 महीने के भीतर उम्रकैद की कठोर सजा दी गई। यह झकझोर कर देने वाली घटना नगरी ब्लॉक के ग्राम आमदी थाना दुगली क्षेत्र में वर्ष 2025 के 18 मई की है।

पिता-पुत्र के रिश्तों को किया कलंकित

शराब ने बना दिया पिता को अपने मासूम बच्चे का कातिल



धमतरी से संतोष सोनकर

गांव के 33 वर्षीय संजय मरकाम शराब पीने का आदी था। संजय अक्सर शराब के नशे में धुत्त रहता था, जिसके कारण वह हमेशा अपने घर में लड़ाई-झगड़ा करता था। उसका एक तीन वर्ष का बेटा शौर्य मरकाम था। 18 मई 2025 को संजय दिनभर शराब पीकर इधर-उधर घूमता रहा। नशा उतरने पर संजय रात्रि में घर पहुंचा। घरवालों से से शराब पीने के लिए पैसा मांगने लगा। नशे में झूम रहे संजय की हालत को देखते हुए घरवालों ने पैसे देने से मना कर दिया। रुपए नहीं मिलने से युवक ने घर में लड़ाइ-झगड़ा करना शुरू कर दिया। घरवाले युवक को लड़ाई-झगड़ा नहीं करने की समझाइश दे रहे थे, लेकिन आंखों पर नशे की पट्टी बांधे संजय को घर-परिवार कुछ भी नहीं दिख रहा था। उसे बस शराब ही नजर आ रहा था। शराब के लिये पैसा नहीं मिलता देख युवक आक्रोशित हो मारकाट पर उतर आया और घर में रखे धारदार टंगिया को उठा लाया। इस दौरान अपने शराबी पिता द्वारा घरवालों से झगड़ता देख मासूम शौर्य वहीं पर डरा-सहमा खड़ा था। शराब की लत में अंधे हो चुके संजय ने घरवालों से पैसा नहीं मिलने का गुस्सा पास में खड़े अपने तीन वर्ष के मासूम बेटे शौर्य मरकाम पर उतार दिया। संजय ने हाथ में रखे टंगिया से मासूम बच्चे के सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। टंगिया से हुए हमले से मासूम खून से लथपथ जमीन पर गिर गया। परिजनों ने रात्रि में ही आनन-फानन में बच्चे को उपचार के लिए नरहरपुर अस्पताल पहुंचाया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही मासूम ने दम तोड़ दिया था। डाक्टर ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। 18 मई की रात्रि हुई इस खूनी घटना की जानकारी दूसरे दिन 19 मई की सुबह गांव में आग की तरह फैल गई। पिता द्वारा मासूम बेटे की हत्या की खबर सुन पूरा गांव सकते में आ गया। सूचना मिलते ही दुगली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी संजय मरकाम को धारा 10-1 बीएनएस के तहत हत्या के मामले में गिरफ्तार कर लिया।

उम्रकैद की सजा काट रहा आरोपी

पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण व गवाहों का बयान दर्ज कर आरोपी संजय मरकाम की निशानदेही पर खूनी हथियार टंगिया को जब्त किया। पुलिस ने 21 जुलाई 2025 को अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायालय में लगभग 14 महीने चले इस प्रकरण में दोष सिद्ध होने पर आरोपी पिता संजय मरकाम को अगस्त 2026 में आजीवन कारावास की कठोर सजा दी गई। वर्तमान में आरोपी धमतरी जिला जेल में सजा काट रहा है।

टैंकों का काल बनेगी जैवलिन मिसाइल, अमेरिका संग खरीद के लिए भारत तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब नापाक मंशा लिए दुश्मन की तरफ से भारत की धरती की ओर बढ़ने वाले टैंकों की खैर नहीं होगी क्योंकि इसके लिए नई दिल्ली अमेरिका के साथ टैंक नाशक गाइडेड जेवलिन मिसाइल प्रणाली की खरीद करने के लिए तैयार है। इस संबंध में भारतीय सेना ने विदेशी सैन्य खरीद के तहत स्वीकृति पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। वहीं, अभी फिलहाल इस समझौते को अंतिम रूप से अमलीजामा नहीं पहनाया गया है। उधर, अमेरिका की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो दोनों देशों की सशस्त्र सेनाओं के मध्य लंबे समय से चली आ रही साझेदारी और अधिक स्पष्ट रूप से प्रदर्शित होती है। इसकी मदद से भारत, अमेरिका के रक्षा उद्योगों के बीच सहयोग के नए मार्ग खुलते हैं। अमेरिका की रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी ने इस समझौते की कुल लागत 45.7 मिलियन डॉलर की बताई है।

गोर बोले- भारत-अमेरिका में सहयोग उच्चतम स्तर पर : भारत में अमेरिकी राजदूत गोर ने कहा, 'बड़ी खबर! भारत लड़ाई में परखा हुआ जेवलिन एंटी-टैंक सिस्टम खरीदने की योजना बना रहा है। जैसा कि अमेरिका के रक्षा मंत्री ने मई 2026 के शांगरी-ला डायलॉग में बताया था, यह अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों में एक बड़ा कदम है और इससे मिलकर उत्पादन की संभावनाओं के रास्ते खुलते हैं। हमारे दोनों देशों के बीच सहयोग अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर है।'

ये समझौता भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा में अभूतपूर्व कदम : गोर



जैवलिन मिसाइल की विशेषताएं

जैवलिन मिसाइल फायर एंड फॉरगेट यानी दागो और भूल जाओ के सिद्धांत पर काम करने वाली एक पोर्टेबल और मध्यम दूरी की एक मिसाइल है। जिससे दूरी से भी दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद वाहनों पर निशाना लगाया जा सकता है। 25 से 30 किलोग्राम वजनी, लगभग 2.5 किलोमीटर तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल की एक खासियत यह भी है कि इसे जवान अपने कंधे पर रखकर भी लक्ष्य पर निशाना लगा सकता है, जिसमें यह 60 से 70 मीटर की ऊंचाई तक जाती है।

100 से अधिक मिसाइल खरीदने की तैयारी

उक्त मामले में सेना के लिए लगभग 100 से अधिक बनी बनाई मिसाइलों की खरीद की जा सकती है। साथ ही 100 एफजीएम-148 जैवलिन राउंड, 1 जैवलिन एफजीएम-148 मिसाइल, 25 जैवलिन लाइटवेट कमांड लांच यूनिट, जैवलिन ब्लॉक 1 कमांड लांच यूनिट जैसी सामग्री भी इस समझौते का हिस्सा होगी।

क्या है जेवलिन प्रणाली की खासियत?

जेवलिन की सबसे बड़ी विशेषता है कि ये बख्तरबंद वाहन पर ऊपर से हमला करने में सक्षम है, जहां कवच सुरक्षा आम तौर पर कमजोर होती है। हल्का होने के चलते सैनिक इसे दागने के फौरन बाद अपनी स्थिति बदल सकते हैं। इसके सॉफ्ट-लॉन्च डिजाइन के कारण इसे इमारतों और बंकरों सहित बंद संरचनाओं से भी सुरक्षित रूप से दागा जा सकता है। ये 2,500 मीटर की रेंज में अपने लक्ष्य को पहचान कर उसे बर्बाद करने में सक्षम है।

अमेरिका की सेनाएं करती इस्तेमाल

जैवलिन मिसाइल को अमेरिका संयुक्त उपक्रम की मदद से तैयार करता है। जिसमें उनकी रक्षा क्षेत्र की लॉकहीड मार्टिन नामक कंपनी और आरटीएक्स की साझेदारी है। वर्तमान में इस मिसाइल का उपयोग वहां की सेना और नौसेना कर रही है। इसके अलावा दुनिया के कई देशों की सेनाओं के जंगी बेड़े इस मिसाइल से लैस है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत की दो टूक

समाधान बाहर से न थोपें विकास को दें प्राथमिकता

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत हरीश परवथानेनी ने यूएनडीपी प्रशासक के साथ संवाद किया। उन्होंने यूएनडीपी/ यूएनएफपीए/ यू ए न ओ पी ए स कार्यकारी बोर्ड के दूसरे सत्र को संबोधित किया। परवथानेनी ने कहा कि भारत यूएन80 पहल में विकास स्तंभ को सर्वोच्च प्राथमिकता मानता है। भारत संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम की संरचनाओं, कार्यबल और संचालन मॉडल को वर्तमान वास्तविकताओं के साथ समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि भारत समग्र, समावेशी और टिकाऊ आर्थिक वृद्धि मॉडल का पक्षधर है। यह राष्ट्रीय स्वामित्व और देश-नेतृत्व वाले विकास मार्गों पर केंद्रित है। भारत मानता है कि समाधान बाहर से तय नहीं होने चाहिए। इसके बजाए, उन्हें सदस्य देशों द्वारा पेश किया जाना चाहिए और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं, क्षमताओं व परिस्थितियों से प्रेरित होना चाहिए। परवथानेनी ने जोर दिया कि साझेदार देशों की विकास प्राथमिकताओं का सम्मान हो।



यूएन में पी. हरीश

अनावश्यक बदलाव ठीक नहीं

पी. हरीश ने मौजूदा प्रणालियों में अनावश्यक बदलावों के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि हमें ऐसी चीज को ठीक करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए जो खराब नहीं है। भारत ने राष्ट्रीय स्वामित्व और देश-नेतृत्व वाले विकास मार्गों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने यूएनडीपी के साथ भारत के सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा कि भारत इंडिया-संयुक्त राष्ट्र विकास साझेदारी कोष और भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका (इब्सा) कोष के माध्यम से संगठन के साथ काम कर रहा है। इन कोषों से भारत ने डिजिटल बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य और जलवायु लचीलेपन के लिए 150 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक दिए हैं।

समझौते को दिया गया अर्ली हार्वेस्ट नाम, 2027 में भारत में होगी एसआर स्तर की अगली बैठक

भारत-चीन 8 सूत्रीय समझौते से निकालेंगे सीमा मसले का जल्द समाधान : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने राजधानी में मीडिया ब्रीफिंग में एक प्रश्न के जवाब में कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच इस सप्ताह मंगलवार को बीजिंग में हुई विशेष प्रतिनिधियों के (एसआर) स्तर की 25 वीं बैठक का महत्वपूर्ण और विस्तृत परिणाम वह आठ सूत्रीय 'अर्ली हार्वेस्ट' समझौता है। जिसके मार्फत अब दोनों देश सीमा निर्धारण (डिलिमिटेशन) के मामले का जल्द और ठोस समाधान निकालने के लिए राजी हो गए हैं। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए वर्ष 2005 में हस्ताक्षर किए गए समझौते को आधार बनाया जाएगा। दोनों पक्ष सीमाई विवाद के निष्पक्ष, तर्कसंगत और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान पर वार्ता करने के लिए भी तैयार हैं। सीमा क्षेत्रों में शांति, स्थिरता कायम रखना दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों व स्थिर विकास के लिए जरूरी है। इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए शीर्ष राष्ट्राध्यक्षों के मार्गदर्शन पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। -भविष्य की बातचीत 2005 के समझौते में तय राजनीतिक मानदंडों, मार्गदर्शक सिद्धांतों व बाद की एसआर वार्ताओं में बनी सहमति के तहत की जाएगी। -सीमा मामलों पर परामर्श, समन्वय के लिए गठित डब्ल्यूएमसीसी के तहत दो समूह बनाए जाएंगे। पहला सीमा निर्धारण पर विशेषज्ञ समूह और दूसरा सीमा प्रबंधन पर कार्य समूह होगा। शुरुआत में दोनों अपने-अपने कार्यक्षेत्र, जिम्मेदारियां तय करेंगे। बाद में आगे का कार्य किया जाएगा। एलएसी पर गलतफहमी या किसी भी लंबित मुद्दे को मौजूदा कूटनीतिक-सैन्य माध्यमों से तुरंत हल करने की कोशिश की जाएगी।



सुरक्षा को बनाए रखने को प्रतिबद्ध भारत

रणधीर ने ब्रीफिंग में कुछ अन्य प्रश्नों के भी जवाब दिए हैं। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुए मक्का समझौते को लेकर बांग्लादेश के विदेश मंत्री के बयान को लेकर पूछे गए एक प्रश्न के जवाब में कहा, हम लगातार अपने पड़ोस में होने वाले सभी घटनाक्रमों पर पैनी नजर बनाए रखते हैं। जिसमें भारत की सुरक्षा मुख्य रूप से केंद्र में होती है और उसे सुरक्षित बनाए रखने के लिए हम सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। बांग्लादेश के आंतरिक हालातों को लेकर उन्होंने कहा कि इसके लिए वहां की सरकार की जिम्मेदारी बनती है क्योंकि कानून व्यवस्था स्थानीय सरकार की जिम्मेदारी है।

विदेश मंत्री की पुतिन से भी हुई मुलाकात

विदेश मंत्री डॉ.जयशंकर की रूस यात्रा को लेकर रणधीर ने बताया कि उन्होंने मॉस्को में आईआरजीसी की बैठक की सह अध्यक्षता की थी। विदेश मंत्री लावरोव और राष्ट्रपति पुतिन से भी उनकी मुलाकात हुई है। रूस में हुई विदेश मंत्री की बातचीत में दोनों देशों के बीच बने हुए ऊर्जा सहयोग का मुद्दा प्रमुखता के साथ शामिल किया गया था। दोनों पक्ष अपने सहयोग से जुड़े विभिन्न मामलों को मजबूत बनाने के पक्ष में हैं। उर्वरक के विषय पर भी विदेश मंत्री की बैठकों में चर्चा की गई है।

बैठकों के लिए दो अतिरिक्त स्थल बनाए जाएंगे

समझौते के तहत सीमा प्रबंधन को सशक्त बनाने के लिए दोनों सैन्य अधिकारियों की बैठकों के लिए 2 अतिरिक्त बैठक स्थल बनाए जाएंगे। पूर्वी, मध्य सेक्टर में दो अतिरिक्त सीमा सैन्य हॉटलाइन स्थापित की जाएंगी। जिससे संवाद में तेजी आएगी और विवाद का जल्द समाधान होगा। -कैलाश मानसरोवर यात्रा को लेकर जत्थों की संख्या बढ़ाने के चीन के प्रयास का भारत ने स्वागत किया। तीन सीमाई व्यापार केंद्रों की पुनः शुरुआत को लेकर भी दोनों पक्ष रजामंद हैं।

दुबई के रास्ते 8 भारतीय सिम भेजीं पाक हैंडलर से 2 साल से संपर्क में थे

दिल्ली की दंपती पर पाक के लिए जासूसी का आरोप



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े जासूसी नेटवर्क का खुलासा किया है। पुलिस ने जासूसी के आरोप में दिल्ली के कपल साहिल (25) और उसकी पत्नी समीरा (21) को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, दोनों 2024 से पाकिस्तान में बैठे खुफिया अधिकारियों के संपर्क में थे। वे भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटाने, 8 भारतीय सिम कार्ड पाकिस्तान भेजने और दूसरे लोगों को जासूसी के लिए तैयार करने में मदद कर रहे थे। दिल्ली पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार करने के बाद शुक्रवार को यह जानकारी दी।

सैन्य इलाकों की जानकारी जुटाने का आरोप

पुलिस का आरोप है कि साहिल को भारत के अलग-अलग हिस्सों में कैंटोनमेंट इलाकों की रेकी करने का काम दिया गया था। उसे जासूसी और फील्ड ऑपरेशन के लिए लोगों को भर्ती करने की जिम्मेदारी भी दी गई थी। जांच में सामने आया कि साहिल ने ट्रिब्यूनल के सामने कोर्ट मार्शल की कार्रवाई का सामना कर रहे सेना के जवानों से जुड़ी जानकारी भी कथित तौर पर उपलब्ध कराई थी।

तमिलनाडुः टीचर की पिटाई से 12 साल के छात्र ने दी जान

विरुधुनगर। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक बेहद दुखद घटना सामने आई है, जिसने सबको चौंका दिया है। यहां छठी कक्षा में पढ़ने वाले 12 साल के एक छात्र ने कथित तौर पर अपने शिक्षक की पिटाई और अपमान से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि छात्र ने अपना नोटबुक का काम पूरा नहीं किया था, जिसके बाद टीचर ने उसे पीटा और सबके सामने बेइज्जत किया। पुलिस ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिसकर्मी यह जानने के लिए शिक्षकों और छात्र के सहपाठियों से पूछताछ कर रहे हैं कि आखिर क्या हुआ था। पुलिस को छात्र का एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसकी जांच की जा रही है।

ऑटो-टैक्सी चालकों का लाइसेंस रद्द करना असंवैधानिक

मुंबई। केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने शुक्रवार को कहा कि महाराष्ट्र में मराठी नहीं जानने वाले ऑटो-रिक्शा और टैक्सी चालकों का लाइसेंस रद्द करना ''असंवैधानिक'' होगा और भाषा सीखने के लिए किसी तरह का दबाव नहीं बनाया जाना चाहिए। महाराष्ट्र सरकार द्वारा प्रवासी चालकों को बुनियादी मराठी सीखने की अनिवार्यता से एक साल की राहत दिए जाने के एक दिन बाद आठवले ने कहा, ''मराठी नहीं जानने पर किसी का लाइसेंस रद्द करने का फतवा कैसे जारी किया जा सकता है?''

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com

CLASSIFIED

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

सिक्योरिटीगार्ड

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 22000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 20000 योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019. (आरो-815)

Wanted- URGENT REQUIREMENT OF SECURITY GUARDS FOR REPUTED HOSPITAL OF RAIPUR आवश्यकता है: रायपुर हॉस्पिटल हेतु सिक्योरिटी गार्ड 10वीं पास वेतन 12000+PF & ESIC संपर्क Contact: 9907330741, 9826022167, 9993700020, 9907330740, 9826114377. (आरो-1344)

केयर टेकर

आवश्यकता है- रायपुर स्थित घर की देखरेख करने 24 घंटे रहने योग्य महिला / युवती चाहिए, रहना खाना फ्री+ वेतन. डिटेल्स व्हाट्सअप करें 9993707000.(आरो-931)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

कुक/ घरेलू कार्य

आवश्यकता है- तेलीबांधा के आगे वीआईपी चौक के पास, घर में शाकाहारी भोजन बनाने व साफ-सफाई हेतु कुक/स्टाफ (महिला/पुरुष) की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट / शराब-गुटखा आदि निषेध। संपर्क: 9300593000. (आरो-109)

हाऊस कीपिंग

आवश्यकता है- हाउस कीपिंग – पुरुष उम्मीदवार (इन-हाउस रहने हेतु), ऑफिस बॉय – केवल रायपुर लोकल उम्मीदवार एवं कंसल्टेंसी वाले संपर्क करें :- मो.6232022676. (आरो-309)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रियल स्टेट हेतु मार्केटिंग कार्य के लिए लड़को(उम्र 18 से 35) की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार + कमीशन, पता - शंकरनगर, चौपाटी रायपुर (मिले - सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक) 9098334681. (आरो-209)

आवश्यकता

आवश्यकता है- मंदिर हसौद, रायपुर के ग्राम कुटेसर स्थित दो एकड़ में खेती के लिए अनुभवी व्यक्ति की । रहने एवं परिवार के अन्य सदस्य के लिए नौकरी उपलब्ध । संपर्क: 9300049800.(आरो-300)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

ड्रायवर

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है । ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक , रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/- प्रतिमाह । रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी । जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें । पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222. (आरो-15)

डिलीवरी बॉय

आवश्यकता है- एक डिलीवरी बाय रायपुर निवासी (टू-व्हीलर लाइसेंस जरूरी) और ऑयल फैक्ट्री मशीन स्टाफ (फुल/पार्ट टाइम)। पता: महादेव घाट रोड, रायपुर। संपर्क: 9977067874. (आरो-398)

पैकिंग/ऑपरेटर कार्य

आवश्यकता है- ऑटोपार्ट्स की दुकान में पैकिंग एवं कंप्यूटर ऑपरेटर कार्य हेतु लड़को और लड़कियों की आवश्कता हैं। वेतन योग्यतानुसार । संपर्क - तृप्ति सेल्स कार्पोरेशन, एम. जी.रोड,रायपुर । मोबाइल 9340273375. (आरो-255)

हरिभूमि क्लासीफाईड

फार्महाऊस कार्य

आवश्यकता है- फार्महाऊस में कार्य के लिये एक परिवार की आवश्यकता है फार्महाऊस जुलुम गांव में टेकरी रोड पर रायपुर मे स्थित है। वेतन 15000/- दिया जाएगा साथ ही रहना बिजलीपानी मुफ्त रहेगा। संपर्क:- 9131910194, 9131655209. (आरो-061)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- विरदी साड़ी शोरूम हेतु पुरुष और महिला , सेल्समेन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्रायवर सभी रायपुर निवासी अनिवार्य, अनुभवी को प्राथमिकता विरदी साड़ी कंकालीपारा रोड रायपुर संपर्क समय 10:30 से 9:00, 9425522577,

सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- एक सेल्स गर्ल्स की आवश्यकता है वेतन 10000 से स्टार्ट ओम ज्वैलर्स शॉप नंबर 64 बी प्रिया सिंगार सदन के सामने इंदिरा मार्केट दुर्ग (आरो -4169)

Property प्रापर्टी

प्लाट

बेचना है - सरस्वती कुंज, धनोरा रोड रिसाली, भिलाई में (शांति वाटिका के पीछे) 40 फीट× 70 फीट= 2800 वर्गफीट का डाईवर्टेड और सीमांकन किया हुआ प्लॉट बेचना है। सम्पर्क करें- 7999363065, 9827471831. (आरो-41714)

हरिभूमि

प्लॉट बेचना है - आदिवासी प्लॉटः न्यू धमतरी रोड हाईवे पर ग्राम- बिरेझर 265x230 फीट प्लाट डबल रोड प्लाट अतिशीघ्र बेचना है। संपर्क करें:- 88789-20002.(आरो-837)

बेचना है - हाईवे पर सरोरा खार मे 10,000 वर्गफीट प्रीमियम कॉर्नर कमर्शियल प्लॉट 240 फीट शानदार फ्रंट जिसमें 40 फीट हाईवे एवं 200 फीट डामररोड फ्रंट पूर्व-दक्षिण मुखी, DPC व कमर्शियल डायवर्सन, NH रिंगरोड No.4, जिओ पंप के सामने, शोरूम, वेयरहाउस या स्मार्ट निवेश के लिए शानदार लोकेशन संपर्क:- रोशन अग्रवाल 8878008500. (आरो-062)

For Rent किराया

किराये से देना है - न्यू आदर्श नगर दुर्ग में महाराजा चौक के पास घर किराए से देना है 96690-99300, 79995-42363.(आरो-328)

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कहीं भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, शिक्षा संबंधित) या किसी भी सौदे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छे तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी प्रकार या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, मुद्रक संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

ASTROLOGY ज्योतिष

ज्योतिष तांत्रिक विशेषज्ञ



पति-पत्नि में अनबन, प्रेम विवाह, राजयोग, धनयोग, विवाह योग, संतान योग, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष प्रश्नोता, 9 ग्रह, 27 नक्षत्र 64 योगिनी, वास्तु शास्त्र तथा अन्य प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।

चुनाव विजय हेतु संपर्क करें।

तांत्रिक सम्राट डॉ. जे.पी. दुबे तंत्र पी.एच.डी. (जोतू मेट्रिकुलेट)

गली नंबर-3, शुभकामना हॉस्पिटल के पास, दुबे कॉलोनी मोवा रायपुर 96302-33918, 9238384295

नोट: भूत, भविष्य, वर्तमान की जानकारी प्राप्त करें।

स्वामी जी प्रत्येक दिन रायपुर में मिलेंगे।

आने से पूर्व एपाइंटमेंट अवश्य लें।



RAIPUR SMART BUSINESS

GST ITR फाइल बनवाएं मात्र 500/-
25 वर्ष का अनुभव
• CMA Data • Balance Sheet • प्रोजेक्ट रिपोर्ट
• फूड लाइसेंस • Income Tax Audit • TDS रिफंड
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार हैं।
संपर्क: शेखर गुप्ता RIFCO Tax Consultants
C-74, सेक्टर-1, जुबेस्टा हॉस्पिटल के पास, देवेन्द्र नगर, रायपुर
Whatsaap पर बनवाएं 9300755544, 8878655544

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

Healthcare





रक्षाबंधन पर पीएम ने बच्चों संग बिताए खूबसूरत पल

मोदी ने बच्चों से बंधवाई राखी, करेले का नाम सुनते ही बच्ची ने नाक-भौं सिकोड़ी...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग में स्कूली बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ हंसी-मजाक, हाई-फाइव और बातचीत की। बच्चों ने पीएम को जन्मदिन की पहले ही बधाई दी। प्रधानमंत्री ने बच्चों की बातें सुनीं और कई सवाल भी पूछे। पीएम मोदी ने इस खास मुलाकात का करीब तीन मिनट का वीडियो अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है।

करेले की सब्जी पर बच्ची का मजेदार जवाब

पीएम ने एक छोटी बच्ची से कहा कि मम्मा कहती हैं कि तुम दूध नहीं पीती हो और सब्जी भी नहीं खाती हो। इसके बाद पीएम ने पूछा कि क्या तुम करेले की सब्जी नहीं खाती हो। करेले का नाम सुनते ही पहले तो बच्ची ने नाक-भौं सिकोड़ी फिर मासूमियत से जवाब दिया कि करेला तो उसका भाई भी नहीं खाता। उसने कहा कि कोई भी करेला नहीं खाता वो कड़वा होता है।



मोदी बोले- महाकाल से मेरे लिए प्रसाद लाना

एक बच्ची ने पीएम मोदी से कहा कि वह महाकाल के दर्शन करने जाएगी। इस पर प्रधानमंत्री ने उससे पूछा कि कब जाओगी। इसके बाद पीएम ने मुस्कुराते हुए कहा कि मेरे लिए महाकाल का प्रसाद लेकर आना। बच्ची ने भी उत्साह के साथ कहा जरूर लेकर आऊंगी।

आप नेचर लवर हैं, इसलिए खुद बनाई राखी : एक बच्ची ने प्रधानमंत्री के लिए खुद राखी बनाई थी। उसने बताया कि उसने यह राखी इसलिए बनाई है क्योंकि सभी जानते हैं कि प्रधानमंत्री नेचर लवर हैं। इस दौरान एक बच्ची से मोदी ने पूछा- क्या लेकर आई हो। बड़ी मासूमियत से उसने कहा वह आपके लिए लोटस वाली राखी लेकर आई है। एक बच्ची ने पीएम को उनके जन्मदिन से पहले ही शुभकामनाएं दे दीं।

एआई को लेकर बच्चे ने किया खास वादा

रक्षाबंधन के इस कार्यक्रम में तकनीक की भी चर्चा हुई। एक जेन-अल्फा छात्र ने पीएम मोदी को एआई से जुड़ी राखी बांधी। बच्चे ने कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा एआई फॉरऑल की बात करते हैं। उसने कहा कि वह जिम्मेदारी के साथ एआई सीखेगा। उसे समझेगा और इसका सही इस्तेमाल करेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री बच्चों से उनकी पढ़ाई और रुचियों को लेकर भी बातचीत करते नजर आए।

कई बच्चों ने पीएम को सुनाईं कविता

रक्षाबंधन के मौके पर कई बच्चों ने प्रधानमंत्री के लिए कविताएं भी तैयार की थीं. बच्चों ने पीएम मोदी को अपनी लिखी कविताएं सुनाईं। प्रधानमंत्री ने उनकी बातें सुनीं और बच्चों का उत्साह बढ़ाया। इस पूरे कार्यक्रम में बच्चों की मासूमियत और पीएम मोदी के साथ उनकी सहज बातचीत देखने को मिली। प्रधानमंत्री ने इन खास पलों की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर भी साझा किए।

जैकेट के शेष

मलबे में जिंदगी ....

भारतीय शामिल हैं। पर्यटन बोर्ड के मुताबिक, बचाए गए पर्यटकों में दक्षिण कोरिया के नौ और चीन के 16 नागरिक शामिल हैं।

त्रिशूली साइट से 350 मजदूरों का रेस्क्यू, 63 भारतीय शामिल : नेपाल में बाढ़ के बीच राहत और बचाव अभियान जारी है। रसुवा में नेपाली सेना ने अपर त्रिशूली हाइड्रोपावर की टनल में फंसे 350 मजदूरों और स्थानीय लोगों को बाहर निकाला है। इनमें 63 भारतीय नागरिक भी शामिल बताए जा रहे हैं।सेना के मुताबिक, टनल के अंदर अभी भी 100 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं।

जलस्तर बढ़ा, दूसरी ....

प्राधिकरण ने कहा कि उसी स्थान पर जलस्तर बढ़ने से इलाके में एक बार फिर बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है। यह चेतावनी रसुवा और मध्य नेपाल के अन्य हिस्सों में बुधवार को अचानक आई भीषण बाढ़ के बाद जारी की गई है।

320 भारतीय लापता, 400 ...

वर्तमान में इंग्लैण्ड के टोरकी में निवास करती हैं। डॉ. मीना गुप्ता ब्रिटेन में अपने डॉक्टर पति और तीन बेटियों के साथ रहती हैं और वे ईशा योगा फाउंडेशन सतगुरु ग्रुप के साथ 14 अगस्त को भारत आई थी। उनके साथ इस ग्रुप में लगभग 77 लोग शामिल थे जो दिल्ली से काठमांडू गए थे। 23 अगस्त को दल ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी कर ली थी और 25 अगस्त को दल के सदस्य नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित इमिग्रेशन कार्यालय में अपनी औचारिकता पूरी करने के लिए गए हुए थे। बताया जा रहा है कि जिस समय वे इमिग्रेशन कार्यालय में मौजूद थे उसी समय यह भीषण त्रासदी आई। इस त्रासदी के बाद से ही उनका परिवार से सम्पर्क नहीं हो पाया है। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क नहीं है और उनसे किसी प्रकार का सम्पर्क घटना के बाद से संभव नहीं हुआ है जिसके बाद परिवार की बेचैनी बढ़ गई है। परिवार का कहना है कि अपनी कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान डॉ. मीना गुप्ता काफी खुश थी। इस दौरान उन्होंने अंबिकापुर में अपने परिवार के सदस्यों को ऑनलाइन दर्शन भी कराया था। अब परिवार के लोग अपने स्तर पर लगातार संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं। परिवार का कहना है कि 27 अगस्त को 58 विदेशी नागरिक मिले हैं लेकिन उनमें मीना नहीं थी।

वरिष्ठ भाजपा नेता ....

वर्तमान में इंग्लैण्ड के टोरकी में निवास करती हैं। डॉ. मीना गुप्ता ब्रिटेन में अपने डॉक्टर पति और तीन बेटियों के साथ रहती हैं और वे ईशा योगा फाउंडेशन सतगुरु ग्रुप के साथ 14 अगस्त को भारत आई थी। उनके साथ इस ग्रुप में लगभग 77 लोग शामिल थे जो दिल्ली से काठमांडू गए थे। 23 अगस्त को दल ने कैलाश मानसरोवर की यात्रा पूरी कर ली थी और 25 अगस्त को दल के सदस्य नेपाल और तिब्बत की सीमा पर स्थित इमिग्रेशन कार्यालय में अपनी औचारिकता पूरी करने के लिए गए हुए थे। बताया जा रहा है कि जिस समय वे इमिग्रेशन कार्यालय में मौजूद थे उसी समय यह भीषण त्रासदी आई। इस त्रासदी के बाद से ही उनका परिवार से सम्पर्क नहीं हो पाया है। क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क नहीं है और उनसे किसी प्रकार का सम्पर्क घटना के बाद से संभव नहीं हुआ है जिसके बाद परिवार की बेचैनी बढ़ गई है। परिवार का कहना है कि अपनी कैलाश मानसरोवर की यात्रा के दौरान डॉ. मीना गुप्ता काफी खुश थी। इस दौरान उन्होंने अंबिकापुर में अपने परिवार के सदस्यों को ऑनलाइन दर्शन भी कराया था। अब परिवार के लोग अपने स्तर पर लगातार संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं। परिवार का कहना है कि 27 अगस्त को 58 विदेशी नागरिक मिले हैं लेकिन उनमें मीना नहीं थी।

बेटी से मिलने ....

थे। इस दौरान 25 अगस्त की देर शाम उनकी आखरी बार अपनी बेटी से बात हुई थी और 26 अगस्त को हादसे के बाद से उनका किसी से सम्पर्क नहीं हो पाया है। पिता करताराम गुप्ता वर्तमान में दिल्ली में मौजूद है। नगर निगम एल्डरमैन करताराम गुप्ता का कहना है कि संचार का कोई साधन नहीं होने के कारण बेटी से अभी तक संपर्क नहीं हो सका है। परिवार ईश्वर से सकुशल वापसी की प्रार्थना कर रहा है। स्वजन और शहरवासी भी उनके सकुशल वापसी की प्रतीक्षा में हैं।

कैबिनेट मंत्री ने ....

हम लगातार इन्डियन एंबेसी नेपाल और अधिकारी कर्मचारियों के माध्यम से सम्पर्क कर रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने भी हमें ई मेल आईडी दिया ताकि उनकी डिटेल भेजी जा सके। ईश्वर से कामना है कि इस त्रासदी में फंसे सभी लोग सकुशल वापस लौट आए।

पत्नी नेपाल भागी, पति ...

युवती के साथ डिगेश्वर ने पिछले वर्ष दिसंबर में शादी की थी। उसके साथ सात महीने रहने के बाद युवती अपने पति को बगैर कुछ बताए जुलाई में नेपाल चली गई। पतासाजी करने पर डिगेश्वर को अपनी पत्नी के नेपाल में होने की जानकारी मिली। इसके बाद से उसका अपनी पत्नी के साथ किसी प्रकार से संपर्क नहीं हो पाया। युवक ने थाने में 25 जुलाई को अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट भी दर्ज कराई।

इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद की थी शादी : पुलिस के मुताबिक, डिगेश्वर की इंस्टाग्राम के माध्यम से युवती के साथ दोस्ती हुई। सोशल मीडिया पर एक-दूसरे के संपर्क में रहने के बाद दोनों ने शादी करने का निर्णय लिया। इसके बाद दोनों ने दिसंबर में शादी कर ली। किसी बात को लेकर दोनों के बीच दरार पैदा हुई। इसके बाद जुलाई में युवती अपने पति को बताए बगैर नेपाल चली गई।

बिलासपुर एयरपोर्ट पर ....

बाद बिलासपुर से आगे जाने वाली फ्लाइट को अलाइंस एयर द्वारा रद्द कर दिया गया है। बिलासपुर एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान विमान का टायर फट गया। शुक्रवार दोपहर अलायंस एयर की फ्लाइट 9I613 (VT-UDA) जब दिल्ली से बिलासपुर पहुंची तभी यह हादसा हुआ। विमान की सुरक्षित लैंडिंग करा ली गई। विमान में सवार सभी 37 यात्री और 4 क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। इसी फ्लाइट को बिलासपुर से प्रयागराज जाना था, लेकिन एयरपोर्ट प्रबंधन ने उसे कैंसिल कर दिया है।

लैंडिंग के बाद ....

आ गए। हालांकि, पायलट ने स्थिति को संभालते हुए विमान को सुरक्षित रोक लिया। एयरपोर्ट पर मौजूद स्टाफ तुरंत एक्टिव हुआ और सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

दूर तक घिसटता ....

राहत की बात है कि किसी यात्री के घायल या हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई। इसके साथ ही घटना के बाद विमान की तकनीकी जांच की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि लैंडिंग के दौरान पहिया फटने की वजह क्या थी। तकनीकी जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। क्षतिग्रस्त विमान की प्रयागराज उड़ान भी रद्द कर दी गई है।

रामदेव ने कंगना ....

चाहिए। इसीलिए हमने सारी दुश्मनी पूरी तरह छोड़ दी है। कोई भी झगड़ा बातचीत से सुलझाना चाहिए। आज मैं कंगना को भी फोन करूंगा।'

यह हुआ था विवाद....

आरोप नहीं लगा है।बाबा रामदेव ने कुछ दिन पहले ही सरकारी नौकरी के इंटरव्यू में गड़बड़ियों को लेकर सवाल उठाया था। उन्होंने कहा था कि अगर हालात नहीं सुधरे तो ऐसा ना हो कि उन्हें एक और आंदोलन करना पड़ जाए।

पेज एक के शेष

एआई रोकेगा धान ...

(पीसीएसएपी) पर साक्ष्यों की एआई-आधारित स्क्रीनिंग और 100 प्रतिशत खरीदे गए धान के ऑनलाइन भौतिक सत्यापन की शुरुआत होगी। दरअसल धान खरीदी को लेकर 1 सितंबर को देशभर के खाद्य सचिवों की बैठक होने वाली है। इस दौरान नई व्यवस्था पर मंथन होगा। छत्तीसगढ़ में इन तकनीकी और डिजिटल प्रणालियों के रोलआउट और अनुपालन पर विशेष नजर रहेगी। देश के खाद्य सचिवों की बैठक में खाद्य और सार्वजनिक वितरण व्यवस्था को मजबूत करने, खाद्यान्न खरीद, भंडारण और वितरण प्रणालियों में सुधार पर व्यापक चर्चा की जाएगी। इस बैठक में छत्तीसगढ़ की खाद्य सचिव भी शामिल होंगी। पूरी प्रक्रिया में छत्तीसगढ़ राज्य के दृष्टिकोण और उसकी तैयारियों पर विशेष फोकस रहने की संभावना है। इसमें राज्य से सेंट्रल पूल के लिए लिए जाने वाले चावल की मात्रा बढ़ाने की भी बात हो सकती है।

चार साल के मासूम ...

दौड़कर बाहर आए और देखा तो बच्चे की लाश पड़ी हुई थी। ट्रैक्टर चालक को मौके पर ही ग्रामीणों ने दबोच लिया और जमकर पिटाई कर उसे अधमरा कर दिया। चालक इतना नशे में था कि वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। मौके पर क्षेत्र के तहसीलदार सूरज बंछोर भी पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को शांत कराने की कोशिश की लेकिन दुर्घटना से गुस्साई बेकाबू ग्रामीणों की भीड़ ने किसी की नहीं सुन रही थी। ग्रामीणों ने गाड़ियों की स्पीड पर लगाम लगाने, रेत खदान बंद कराने की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया। बस स्टैंड में ब्रेकर बनाने की मांग की। कुरूद थाना प्रभारी अवधराम साहू, उपनिरीक्षक अजय सिंह सहित पुलिस बल ने सूझबूझ दिखाते हुए मामले को नियंत्रण में लिया और ग्रामीणों को शांत कराया। पुलिस ने एम्बुलेंस से बच्चे की लाश को परिजनों के साथ पीएम के लिए भेजा। 108 की मदद से चालक को भी इलाज के लिए सिविल अस्पताल भेजा गया। ट्रैक्टर चालक की हालत गंभीर होने के कारण उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं ट्रैक्टर को जब्त किया गया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

बिजली कनेक्शनों के...

और बिजली कनेक्शन का बीपी नंबर लगेगा। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने प्रदेश में पहली बार बिजली कनेक्शनों का भी ई-केवाईसी कराने का फैसला किया है। इसके लिए बड़ी तैयारी की गई है। इस बात का खास ध्यान रखा जा रहा है कि इसको लेकर उपभोक्ताओं को परेशानी न हो और उनको किसी च्वाइस सेंटर में जाकर लाइन लगाने की जरूरत भी न पड़े।

नाम सुधारा जाएगा,,,

जाएगा। अगर कनेक्शन परिवार के किसी और के नाम से होगा और उनका निधन हो गया होगा तो उनका मृत्यु प्रमाणपत्र लेकर बिजली कनेक्शन में नाम परिवर्तन भी किया जाएगा। इसके बाद ई-केवाईसी किया जाएगा।

4 शूटर, ताबड़तोड़ ...

इलाके में सनसनी फैल गई थी और पुलिस के बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। अब इस हत्याकांड से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें पूरी वारदात कैद हो गई है। फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि चार बदमाशों ने सिंगर पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं और उसे घायल हालत में छोड़कर फरार हो गए। पुलिस के मुताबिक अंकित बालियान बुधवार शाम जिम से बाहर निकल रहे थे। उसी दौरान सीसीटीवी कैमरे में यह पूरी घटना रिकॉर्ड हो गई। फुटेज में दिखाई दे रहा है कि सिंगर जैसे ही जिम से बाहर आते हैं, वैसे ही चार बदमाश अचानक वहां पहुंच जाते हैं। इसके बाद बदमाश बिना किसी देरी के सिंगर पर एक के बाद एक कई गोलियां चला देते हैं। गोलियां लगते ही सिंगर वहीं गिर पड़ते हैं और बदमाश मौके से भाग निकलते हैं। यह पूरा घटनाक्रम कुछ ही सेकंड में हो जाता है, जो फुटेज में साफ नजर आ रहा है।

राखी पर सीएम ...

उनका आशीर्वाद प्रदेश की सेवा के संकल्प को और मजबूत करता है।मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे लिए यह बड़े सौभाग्य का दिन है कि समाज के अलग-अलग क्षेत्रों से आप सभी बहनें रक्षाबंधन का पवित्र त्योहार मनाने मुख्यमंत्री निवास आई हैं। कार्यक्रम में स्वर्गीय कर्नल अशोक कुमार दुबे की धर्मपत्नी सरला दुबे ने मुख्यमंत्री श्री साय को राखी बांधी। मुख्यमंत्री ने कहा, स्वर्गीय कर्नल अशोक कुमार दुबे सेना में शामिल होने वाले छत्तीसगढ़ के पहले जवान थे। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती दुबे से राखी बंधवाना उनके लिए विशेष रूप से भावुक और गौरवपूर्ण क्षण है। कार्यक्रम में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की सविता दीदी एवं स्मृति दीदी, श्रीमती सावित्री जायसवाल, पद्मश्री डॉ. उषा बारले, छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती ममता साहू, छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष सुश्री मोना सेन सहित स्व-सहायता समूहों की दीदियों, लखपति दीदियों, ड्रोन दीदियों, ई-रिक्शा दीदियों, टीम प्रहरी, विभिन्न समाजों की महिलाओं और दिव्यांग बहनों ने मुख्यमंत्री को राखी बांधी।

जवानों की कलाई ...

सुरक्षा बलों के लगभग 1600 जवानों की कलाई पर राखी बांधकर उनके प्रति अपना स्नेह और सम्मान व्यक्त किया।

अब लद्दाख में खुलेगी हाईकोर्ट की बेंच, नहीं जाना पड़ेगा जम्मू

राष्ट्रपति ने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लद्दाख के पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों और मुकदमों के मुवक्किलों के लिए न्याय पाना अब बेहद आसान और सुलभ होने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख साझा हाई कोर्ट की नियमित बेंच (पीठ) के आयोजन का रास्ता पूरी तरह साफ कर दिया है। गुरुवार को राष्ट्रपति की ओर से जारी किए गए इस नए नियम के तहत अब लद्दाख के वादकारियों



(मुकदमेबाजों) को सुनवाई के लिए श्रीनगर या जम्मू के चक्कर काटने से बड़ी राहत मिलेगी। बता दें कि यह कदम केंद्र सरकार की 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' नीति के अनुरूप है। यह लद्दाख में सुशासन और विकास को बढ़ावा देने में सहायक होगा।

खंडपीठ किसी भी स्थान पर बैठ सकते हैं

इसके अनुसार, हाई कोर्ट के न्यायाधीश और खंडपीठ लद्दाख में किसी भी स्थान पर बैठ सकते हैं। इस स्थान का निर्धारण मुख्य न्यायाधीश द्वारा लद्दाख के उपराज्यपाल की मंजूरी से किया जाएगा। हालांकि, हाई कोर्ट की मौजूदा प्रधान पीठ में कोई बदलाव नहीं होगा। मुख्य न्यायाधीश को यह अधिकार भी होगा कि वे लद्दाख से संबंधित किसी भी मामले को श्रीनगर या जम्मू में सुनवाई के लिए निर्देशित कर सकें।

लद्दाख के लिए यह कदम क्यों महत्वपूर्ण है?

लद्दाख एक दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्र है, जहां के निवासियों को न्याय के लिए जम्मू या श्रीनगर जाना पड़ता था। इस विनियमन से हाई कोर्ट की पीठ स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगी। यह न्यायिक प्रक्रिया को अधिक सुलभ और कुशल बनाएगा। स्थानीय लोगों को कानूनी सहायता प्राप्त करने में आसानी होगी।

महंगे स्मार्टफोन की जिद ने ली 15 वर्षीय किशोरी की जान

विशाखापत्तनम। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में गुरुवार को एक 15 वर्षीय किशोरी ने अपनी मां से महंगा स्मार्टफोन खरीदने को लेकर हुए विवाद के बाद कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। वह पिछले कई दिनों से वह फोन मांग रही थी ताकि अपने उन दोस्तों के साथ तालमेल बिठा सके जिनके पास वैसे ही फोन थे। हालांकि, दिहाड़ी मजदूरी करने वाली उसकी मां आर्थिक तंगी के चलते उसे फोन दिला पाने में असमर्थ थी।

फोन को लेकर एक बार फिर बहस होने के बाद लड़की ने खुद को अपने कमरे में बंद कर लिया। कुछ देर बाद वह अचेत अवस्था में मिली। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए बरामद कर लिया गया है।

कांग्रेस ने चुनावी राज्यों में सोशल मीडिया पदाधिकारियों को किया तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आगामी चुनावों से जुड़ी गतिविधियों को लेकर कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया विभाग में पांच राज्यों के लिए राष्ट्रीय पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां तय की हैं। कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफॉर्म विभाग की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गोवा और मणिपुर में आगामी चुनाव संबंधी सोशल मीडिया गतिविधियों के समन्वय के लिए राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों को तैनात किया गया है।

किस राज्य में कौन पदाधिकारी नियुक्त

उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय संयोजक प्रणव वच्छराजानी और राष्ट्रीय समन्वयक आयुष पांडेय, उत्तराखंड के लिए राष्ट्रीय समन्वयक संदीप गुप्ता और राष्ट्रीय समन्वयक अक्षय सिंह, वहीं पंजाब में राष्ट्रीय समन्वयक अमरजीत सिंह और राष्ट्रीय समन्वयक अभय तिवारी, गोवा में राष्ट्रीय समन्वयक विपिन यादव और राष्ट्रीय समन्वयक अभिषेक महानंदा, मणिपुर में राष्ट्रीय समन्वयक सुमित दुबे को आगामी चुनाव संबंधी सोशल मीडिया गतिविधियों के समन्वय के लिए नियुक्त किया गया है।

30,000 करोड़ के साइबर फ्रॉड का भंडाफोड़, 5 जालसाज पकड़ाए

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय ने गोवा में एक बड़े साइबर धोखाधड़ी मामले का भंडाफोड़ किया है, जिसका मूल्य करीब 30,000 करोड़ रुपये है। इस मामले में ईडी ने 3 लोगों को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत हिरासत में लिया है। इससे पहले, 23 अगस्त को ईडी ने फहीम मोइन हुसैन सैयद और नईम मुईन सैयद नाम के 2 लोगों को भी गिरफ्तार किया था। अब सभी 5 आरोपी ईडी की हिरासत में हैं और मामले की जांच आगे बढ़ रही है।

ईडी ने अब इन गतिविधियों को लगभग 300 साइबर धोखाधड़ी शिकायतों और 20 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज 163 एफआईआर से जोड़ा है। जांच में सामने आया है कि इस बड़े घोटाले में शेल कंपनियां और एक कमरे से चलाए जा रहे छोटे दफ्तर भी शामिल थे।

ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सिर्री, प.ह.नं. 29, तह. कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 1818, 1820 रकबा क्रमशः 0.44, 0.63 हे. कुल खसरा 02 कुल रकबा 1.07 हे. जो कि रामनाथ तारक पिता खेदू राम तारक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज चली आ रही है। उक्त भूमि मेरे पक्षकार रोहित कुमार साहू पिता जेठूराम साहू व धनेश्वर साहू पिता सुकालू साहू के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा ब्याना राशि प्रदान कर दिया गया है। जिसका पंजीयन नियत तिथि 15 दिवस के अंतर्गत नियत तिथि है। उक्त सौदा एवं पंजीयन में जिस किसी भी व्यक्ति शासकीय एवं अर्धशासकीय संस्थान को आपत्ति हो तो नियम समय के साथ दिवस पूर्व मेरे पास आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। अवधि म्याद समाप्ति पश्चात कोई दावा आपत्ति शून्य माना जायेगा।

दिनांकः-27/08/2026

हेमंत सिन्हा (अधिवक्ता)
तहसील कार्यालय मगरलोड
जिला- धमतरी (छ.ग.)
मो.नं. 8839209845

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance) Under Ministry of Education, Govt. of India

क्र./ एनआईटीआरआर / रजिस्ट्रार / 2026 / 790 दिनांक 28/08/2026

एनआईटी रायपुर में एम.टेक. / एम.एससी. प्रवेश हेतु सेकंड स्पॉट राउंड काउंसलिंग की सूचना

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर, शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न एम.टेक./एम.एससी. कार्यक्रमों में उपलब्ध रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को स्पॉट राउंड काउंसलिंग में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। पंजीकृत अभ्यर्थी दिनांक 31.08.2026 को आयोजित स्पॉट राउंड काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं।

पात्रता, रिक्त सीटों की उपलब्धता, प्रवेश प्रक्रिया, शुल्क एवं अन्य निर्देशों की विस्तृत जानकारी के लिए एनआईटी रायपुर की वेबसाइट देखें।

कुलसचिव

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

क्रमांक/948/नि.आ.सू./न.पा.परि/2026-27 दन्तेवाड़ा दिनांक 27/08/2026

ई-टेण्डर निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म / ठेकेदारों / एजेंसी / कंपनी से निम्नलिखित कार्य हेतु नगरपालिका परिषद, दन्तेवाड़ा द्वारा ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम ई-टेण्डर नं.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि (लाख में)	निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
198416	Construction Of Over Head RCC Water Tank 200 KL & 50 KL sump well For ward 03 Nagar Palika DANTEWADA	36.90	18.09.2026
198417	Construction Of Over Head RCC Water Tank 200 KL & 50 KL sump well For ward 06 Nagar Palika DANTEWADA	36.90	
198430	Construction Of Over Head RCC Water Tank 200 KL & 50 KL sump well For ward 12 Nagar Palika DANTEWADA	36.90	

2. उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाइट http://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

राशिफल

मेष रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

वृष परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

मिथुन तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

सिंह कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

कन्या परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृश्चिक भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

धनु कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

मकर व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

कुंभ तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

मीन दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

शब्द पहेली - 6331



बाएँ से दाए-
1. दयालु,उदार-5
4. गगन,आकाश-4
7. सरिता-2
8. चोगा,गाऊन-3
9. छुट्टी,अवकाश-2
10. आबे हयात,काबा कूप-4
11. रिहा-2
13. खाना,भोजन करना-3
14. जिद-2
15. हिम्मत,बल-3
17. कारागार-2
19. रइसे आजम,सूरी-5
22. दुत्कारना,डांटना-5
25. सराबोर-2
26. भोर,सवेरा-3
28. मूल्य,कीमत-2
29. महीन,बहुत छोटा-3
30. फूंक,दम,सुट्टा -2
32. झंकार,प्रतिध्वनि-4
34. उष्णता,ज्वर-2
36. ओट,चिलमन-3
37. छोटा टुकड़ा-2
38. सराबोर,सना हुआ-4
39. निर्माता,रचना करने वाला-5

ऊपर से नीचे
1. कैदी,बंधक-2
2. मुलायम-3
3. यात्री पोत,तैरता होटल-5
4. उर्दू में अभिवादन-3
5. पिटाई,चोट-2
6. नाजुकता-4
7. नया जीवन-5
10. मर्यादा-4
12. खाली,रिक्त-2
16. लाईन,पंक्ति-3
17. गर्मी का महीना-2
18. उदर-2
20. दीनहीन,दरिद्र-3
21. लश्कर,फौज-2
22. नष्ट,अद्वैतभाव-2
23. व्यवसाय,धंधा-4
24. नाम रखना -2,3
25. होशियार-5
26. सुर आलाप-2,2
27. अधिकार-2
31. प्रतिज्ञा-3
33. आकांक्षा,अभिलाषा-3
35. राह,मार्ग-2
37. टैक्स,हाथ-2

शब्द पहेली - 6330 का हल

■	खा	दि	म	■	■	■	र	ह	ना
दा	द	■	■	हा	ति	म	ता	ई	■	क	प
न	■	■	न	ल	■	र	स	■	■	■	ना
व	च	न	■	स्म	र	ण	■	व	रा	ह	■
■	क	ल	म	■	ण	■	नी	र	ज	■	■
■	ना	■	री	स	■	जा	ल	■	कु	■	■
■	चू	स	ना	■	प	■	म	हि	मा	■	■
च	र	खा	■	ग	रि	मा	■	ना	र	द	■
र	■	■	त	म	■	य	म	■	■	ली	■
म	स्त	■	स	ला	ह	का	र	■	क	ल	■

खबर संक्षेप

विप्रो 10 हजार एआई विशेषज्ञ करेगी तैयार

नई दिल्ली। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी विप्रो उद्यमों के



लिए गूगल जेमिनी आधारित नए समाधान विकसित करने के लिए 10,000 कृत्रिम मेधा (एआई) प्रमाणित विशेषज्ञों की टीम तैयार करेगी। कंपनी ने कहा कि इन 10,000 एआई विशेषज्ञों में 1,500 ''फॉरवर्ड डिप्लॉयड इंजीनियर (एफडीई)'' भी शामिल होंगे, जो ग्राहकों के परिसर में जाकर प्रौद्योगिकी सहायता उपलब्ध कराएंगे।

टीवीएस मोटर ने पेमैन को किया सीईओ नियुक्त

मुंबई। टीवीएस मोटर कंपनी ने शुक्रवार को कहा कि उसने वृद्धि के अपने अगले चरण को समर्थन देने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार के अपने अध्यक्ष पेमैन कारगर को निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है। टीवीएस मोटर कंपनी ने एक बयान में कहा कि पेमैन की नियुक्ति अगले साल 27 जनवरी से प्रभावी होगी और वह के एन राधाकृष्णन का स्थान लेंगे। बयान में कहा गया कि अपनी नई भूमिका में, पेमैन कंपनी का नेतृत्व करेंगे क्योंकि कंपनी उत्पाद नवाचार, प्रीमियमीकरण और विकसित बाजारों में विस्तार के माध्यम से भारत और विश्व स्तर पर अपने व्यापार को और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

वारबर्ग पिन्कस ने अपोलो टायर्स में हिस्सेदारी बेची

नई दिल्ली। निजी इक्विटी कंपनी वारबर्ग पिन्कस ने खुले बाजार में लेनदेन के जरिये अपोलो टायर्स में 4.25 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,175 करोड़ रुपये में बेच दी। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका स्थित वारबर्ग पिन्कस की इकाई एमराल्ड सेज इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने गुरुग्राम स्थित अपोलो टायर्स में 4.25 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर कुल 2,70,10,000 शेयर बेचे।

विनिर्माण कंपनियों के लिए कच्चे माल की लागत बढ़ी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने के बीच वित्त वर्ष 2026-27



की पहली तिमाही में सूचीबद्ध विनिर्माण कंपनियों का कच्चे माल पर खर्च सालाना आधार पर 27.5 प्रतिशत बढ़ गया। हालांकि, कंपनियां उत्पादों की कीमत तय करने की अपनी क्षमता बनाए रखने में सफल रहीं और उनका लाभ भी बढ़ा।

टाटा मोटर्स की नई ब्रांड पहचान 'टाटा.कार्स' पेश

मुंबई। घरेलू वाहन कंपनी टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड (टीएमपीवी) ने अपने यात्री वाहन कारोबार के लिए नई ब्रांड पहचान ''टाटा.कार्स'' पेश की। टाटा समूह की कंपनी ने कहा कि इस ब्रांड के तहत उसके हैचबैक, सेडान, प्रीमियम एसयूवी और इलेक्ट्रिक वाहनों सहित यात्री वाहन पोर्टफोलियो को एक साझा पहचान दी जाएगी। टीएमपीवी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने कहा, ''''भारत की पहली स्वदेशी कार से लेकर इलेक्ट्रिक वाहन खंड की अगुवाई करने और सुरक्षा को आम बनाने तक, हमने लगातार सीमाओं को चुनौती दी।

कैपिटल ग्रुप ने वेलस्पन कॉर्प में खरीदी हिस्सेदारी

नई दिल्ली। कैपिटल ग्रुप, एबरडीन इन्वेस्टमेंट्स और घरेलू निवेशकों ने भवन निर्माण सामग्री कंपनी वेलस्पन कॉर्प में सामूहिक रूप से 2.4 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,433.44 करोड़ रुपये में खरीदी है। यह खरीद एनएसई पर कई थोक सौदों के जरिये की गई। हिस्सेदारी खरीद की खबर के बाद वेलस्पन कॉर्प के शेयर में करीब छह प्रतिशत की तेजी आई और कारोबार के दौरान यह 2,437.30 रुपये के 52-सप्ताह के उच्च स्तर पर पहुंच गया। निवेशकों ने कुल 63 लाख शेयर खरीदे, जो मुंबई स्थित इस कंपनी में 2.39 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

यूपीआई आने से कैश निकालना भूले लोग, गायब हो रहे मोहल्ले से एटीएम, बैंकों पर मार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक समय था जब पैसे निकालने के लिए लोग अपने घर के आसपास एटीएम ढूंढते थे। लेकिन अब तस्वीर बदल रही है। मोहल्लों और बाजारों में नजर आने वाले कई एटीएम धीरे-धीरे अब कम हो रहे हैं। इसकी बड़ी वजह लोगों की बदलती पेमेंट की आदतें हैं। यूपीआई के ज्यादा इस्तेमाल ने कैश की जरूरत काफी कम कर दी है, जिसका असर एटीएम नेटवर्क पर भी दिखाई दे रहा है। भारत में एटीएम और कैश रीसाइक्लर मशीनों की संख्या लगातार तीसरे साल कम हुई है। आरबीआई के आंकड़ों के हिसाब से जुलाई 2026 की रिपोर्ट के मुताबिक, मार्च 2024 में देश में 2,18,815 एटीएम और कैश रीसाइक्लर मशीनें थीं। मार्च 2026 तक इनकी संख्या कम होकर 2,09,331 हो गई। जुलाई 2026 में संख्या थोड़ी ज्यादा होकर 2,09,812 हुई, लेकिन फिर भी मार्च 2024 के मुकाबले करीब 9 हजार मशीनें कम हैं।

अलग खबर

यूपीआई के ज्यादा इस्तेमाल ने कैश की जरूरत काफी कम कर दी

यूपीआई पेमेंट का आसान गेटवे बना

अब छोटे बड़े कई दुकानों पर भी यूपीआई से आसानी से पेमेंट हो जाता है। लोगों को रोजमर्रा के खर्च के लिए जेब में ज्यादा कैश रखने की जरूरत नहीं पड़ती। इसी बदलाव का असर एटीएम के इस्तेमाल पर दिख रहा है। जब मशीनों पर कस्टमर्स का आना जाना और लेनदेन कम होते हैं, तो बैंकों के लिए हर जगह एटीएम बनाए रखना भी पहले जितना जरूरी नहीं रह जाता।



सरकारी बैंक आगे प्राइवेट बैंक पीछे

एटीएम नेटवर्क में सरकारी और प्राइवेट बैंकों की हालात भी अलग रही। सरकारी बैंकों की हिस्सेदारी मार्च 2024 में 61.56 प्रतिशत थी, जो मार्च 2026 तक ज्यादा होकर 64.18 प्रतिशत हो गई। इसके दूसरी तरफ प्राइवेट बैंकों की हिस्सेदारी 36.51 प्रतिशत से कम होकर 33.76 प्रतिशत हो गई।

यूपीआई ने बदली पेमेंट की आदत

इस दौरान ऑनलाइन लेनदेन 20.69 करोड़ से ज्यादा होकर 33.51 करोड़ हो गया। वहीं, डेबिट कार्ड से खर्च भी 3.21 लाख करोड़ रुपए से कम होकर 2.57 लाख करोड़ रुपए रह गया। साफ है कि लोग अब कैश निकालने या कार्ड स्वाइप करने के बजाय यूपीआई से सीधे पेमेंट करना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसी बदलती आदत के वजह से बैंक अब पहले के मुकाबले नए एटीएम लगाने की रफ्तार कम कर दे रहे हैं।

एटीएम का इस्तेमाल भी हुआ कम

सिर्फ एटीएम की संख्या ही नहीं कम हुई, बल्कि लोग इनका इस्तेमाल भी कम कर रहे हैं। मार्च 2024 में एटीएम और कैश रीसाइक्लर से 2.77 लाख करोड़ रुपए के लेनदेन हुए थे। जुलाई 2026 में ये रकम कम होकर 2.20 लाख करोड़ रुपए रह गई।

सरकार ने कहा, चीनी की खुदरा कीमतों में नरमी आनी शुरू

चीनी मिलों को सितंबर से पखवाड़ा के हिसाब से बिक्री कोटा, कीमतों में नरमी आई: मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने शुक्रवार को कहा कि चीनी की खुदरा कीमतों में नरमी आनी शुरू हो गई है और मिल स्तर पर कीमतें पिछले कुछ दिनों में करीब 20 प्रतिशत घट चुकी हैं। इसके साथ ही सरकार ने कहा कि घरेलू बाजार में चीनी की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने और कृत्रिम किल्लत रोकने के लिए सितंबर से मिलों को पखवाड़े के हिसाब से बिक्री कोटा दिया जाएगा। फिलहाल खाद्य मंत्रालय चीनी मिलों को बिक्री के लिए मासिक कोटा आवंटित करता है। मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि वह चीनी की उपलब्धता और कीमतों पर करीबी नजर रख रहा है तथा देश में चीनी की कोई कमी नहीं है। बयान के मुताबिक, चीनी मिलों में मौजूद स्टॉक का भौतिक सत्यापन कराया गया। इसमें कुछ मिलों के पास मासिक रिटर्न में घोषित मात्रा से अधिक भंडार पाया गया, जबकि कुछ मिलों ने उन्हें आवंटित मासिक कोटे से कम चीनी बेची।

कीमतें पिछले कुछ दिनों में करीब 20 प्रतिशत घट चुकी

सरकार कृत्रिम किल्लत रोकने सितंबर से उठाएगी कदम

माह के अंत में उठान से दाम बढ़े

कुछ मामलों में महीने की शुरुआत में मिलों द्वारा बेची गई चीनी की आपूर्ति या खरीदारों द्वारा उठान महीने के अंत में किया जा रहा था। इससे बाजार में कृत्रिम किल्लत की स्थिति पैदा हुई। मंत्रालय ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए सितंबर से पखवाड़े के आधार पर कोटा व्यवस्था लागू की जाएगी। इसके तहत मिलों को पहले सप्ताह में आवंटित मात्रा की कम-से-कम 40 प्रतिशत चीनी बेचनी होगी और शेष मात्रा अगले सप्ताह में बेचनी होगी।



जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त भंडार हो सकता है जारी

इस पहल से मांग और आपूर्ति की स्थिति पर बेहतर नजर रखने, बाजार परिस्थितियों में बदलाव के अनुरूप तेजी से कदम उठाने और कृत्रिम किल्लत रोकने में मदद मिलेगी। जरूरत पड़ने पर बाजार में पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के लिए अतिरिक्त भंडार जारी किया जा सकेगा। सात दिनों के भीतर मिलों को आपूर्ति का निर्देश

10 लाख टन कच्ची चीनी आयात की अनुमति

मंत्रालय ने कहा कि घरेलू बाजार में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने हाल में कई कदम उठाए हैं। इनमें 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन कच्ची चीनी के आयात की अनुमति और डीलरों एवं पेय पदार्थ विनिर्माताओं जैसे थोक उपभोक्ताओं पर भंडार सीमा लगाना शामिल है। चीनी के निर्यात पर कुछ महीने पहले ही रोक लगाई जा चुकी है।

बदलाव का असर जल्द आएगा नजर

मंत्रालय ने कहा कि इन कदमों के बाद मिल स्तर पर चीनी की कीमतें हाल के दिनों में करीब 20 प्रतिशत घट गई हैं और खुदरा कीमतों में भी नरमी शुरू हो गई है। आपूर्ति श्रृंखला में कीमतों में बदलाव का असर होने के कारण खुदरा कीमतों में भी जल्द गिरावट आने की उम्मीद है।

चीनी की किल्लत नहीं घबराकर खरीदारी

मंत्रालय ने कहा कि मिल स्तर और खुदरा कीमतों में गिरावट का रुख बताता है कि हाल की तेजी मुख्य रूप से 'जमाखोरी और सट्टेबाजी' का नतीजा थी। उसने कहा कि देश में चीनी की कोई किल्लत नहीं है और घबराकर खरीदारी करने या जरूरत से ज्यादा भंडार रखने का कोई औचित्य नहीं है। अक्टूबर से शुरू होने वाले नए विपणन सत्र 2026-27 के लिए गन्ने की पेराई 15 अक्टूबर से शुरू होगी। अक्टूबर में 10 लाख टन से अधिक चीनी उत्पादन होने की उम्मीद है।

चांदी के 77 लाख से अधिक आभूषणों को मिला हॉलमार्क

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चांदी के 77 लाख से अधिक आभूषणों और कलाकृतियों पर पिछले साल सितंबर से छह अंकों वाली विशिष्ट पहचान संख्या (एचयूआईडी) अंकित की जा चुकी है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने यह जानकारी दी।

■ चांदी पर हॉलमार्किंग के मामले में दक्षिणी राज्य सबसे आगे

बीआईएस के अनुसार, चांदी पर हॉलमार्किंग के मामले में दक्षिणी राज्य सबसे आगे हैं।

बीआईएस ने एक बयान में कहा कि एक सितंबर, 2025 को चांदी के लिए एचयूआईडी पोर्टल शुरू किए जाने के बाद अब तक 77 लाख से अधिक चांदी के आभूषणों पर एचयूआईडी अंकित किया जा चुका है। चांदी के आभूषणों पर 'हॉलमार्किंग' अक्टूबर 2005 से स्वैच्छिक है।

सितंबर 2025 से हॉलमार्क वाले चांदी के आभूषणों पर छह अंकों वाली एचयूआईडी अंकित की जा रही है। इससे खरीदार आभूषण की शुद्धता की जांच कर सकते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में 32 लाख चांदी के आभूषणों पर हॉलमार्क लगाया गया था, लेकिन उन पर एचयूआईडी अंकित नहीं था। बीआईएस के अनुसार, हॉलमार्क वाले चांदी के आभूषणों में 925 और 800 शुद्धता वाले आभूषणों की हिस्सेदारी करीब 95 प्रतिशत है। एचयूआईडी शुरू होने के बाद चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग में लगातार बढ़ोतरी हुई है।बीआईएस के लिए अब तक 25,000 से अधिक चांदी के आभूषण विक्रेता हॉलमार्किंग के लिए पंजीकरण करा चुके हैं।

पश्चिमी क्षेत्र हॉलमार्क में दूसरे स्थान पर

इसके बाद पश्चिमी क्षेत्र 18 प्रतिशत और मध्य क्षेत्र 10 प्रतिशत के साथ दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। हॉलमार्क वाले प्रत्येक आभूषण पर बीआईएस का मानक चिह्न, 'सिल्वर', शुद्धता का स्तर और लेजर से अंकित छह अंकों वाली अक्षर-अंक पहचान संख्या (एचयूआईडी) होती है। हॉलमार्किंग से उपभोक्ताओं को कीमती धातु के आभूषण की शुद्धता के बारे में स्वतंत्र पक्ष से प्रमाण मिलता है।

सेंसेक्स 331 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

आईटी शेयरों में खरीदारी से शेयर बाजार में तेजी लौटी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच प्रमुख आईटी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार दो दिन की गिरावट से उबरकर बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 331 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 85 अंक चढ़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 330.92 अंक बढ़कर 77,264.51 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 424.38 अंक बढ़कर 77,357.97 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी 84.80 अंक की बढ़त के साथ 24,175.65 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, टाइटन और इटर्नल के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके उलट, आईसीआईसीआई बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स और आईटीसी के शेयरों में गिरावट रही।



एआई से जुड़े निवेश को लेकर उम्मीद मजबूतः जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"आईटी शेयरों में मजबूत बढ़त से भारतीय शेयर बाजार ऊंचे स्तर पर बंद हुए। एनवीडिया के मजबूत तिमाही नतीजों और सकारात्मक परिदृश्य से आईटी क्षेत्र को समर्थन मिला, जिससे कृत्रिम मेधा (एआई) से जुड़े निवेश को लेकर उम्मीद मजबूत हुई।/"

ब्रेंट क्रूड टूटकर 89.63 डॉलर प्रति बैरल

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक गिरावट में बंद हुए, जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में सकारात्मक रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.17 प्रतिशत टूटकर 89.63 डॉलर प्रति बैरल पर था।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 12.42 अरब डॉलर बढ़ा

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 21 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 12.42 अरब डॉलर बढ़कर 729.33 अरब डॉलर के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 9.90 अरब डॉलर बढ़कर 716.91 अरब डॉलर रहा था। इससे पहले भारत के विदेशी मुद्रा भंडार का रिकॉर्ड 728.49 अरब डॉलर था।

सोना 3,300 रुपए टूटा, तीन दिन में 4,700 रुपए की गिरावट

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत शुक्रवार को 3,300 रुपये टूटकर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अमेरिकी डॉलर में मजबूती और कारोबारियों की मुनाफावसूली से सोने में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट रही।

स्थानीय कारोबारियों ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,300 रुपये की गिरावट के साथ 1,62,400 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। बृहस्पतिवार को इसका भाव 1,65,700 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था।यह सराफा



बाजार में सोने की गिरावट का लगातार तीसरा सत्र रहा। इन तीन दिनों में सोने में कुल 4,700 रुपये यानी करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है। सोना 25 अगस्त को 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर रहा था। सोने की तरह चांदी भी घरेलू बाजार में 5,000 रुपये गिरकर 2,45,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में इसका भाव 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष एवं शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि पिछले कुछ हफ्तों की तेजी के बाद अमेरिकी डॉलर के 99.15 के स्तर से ऊपर मजबूत होने और कारोबारियों की लगातार तीसरे सत्र में मुनाफावसूली करने से सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा।

टेम्पसेंस का शेयर पहले दिन करीब 96 प्रतिशत चढ़ा

नई दिल्ली। टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लि. का शेयर शुक्रवार को कारोबार के पहले दिन 300 रुपये के निर्गम मूल्य के मुकाबले करीब 96 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही तापमान मापने और ताप संबंधी समाधान उपलब्ध कराने वाली कंपनी टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स (इंडिया) लिमिटेड इस साल अब तक सबसे अधिक बढ़त के साथ सूचीबद्ध होने वाली कंपनी बन गई है। बीएसई में कंपनी का शेयर निर्गम मूल्य से 110.4 प्रतिशत की बढ़त के साथ 631.20 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के दौरान यह 111.66 प्रतिशत तक उछलकर 635 रुपये पर पहुंच गया था। अंत में शेयर 95.6 प्रतिशत की बढ़त के साथ 586.80 रुपये पर बंद हुआ। एनएसई में शेयर 111.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 634 रुपये पर सूचीबद्ध हुआ। कारोबार के अंत में यह 95.55 प्रतिशत चढ़कर 586.65 रुपये पर रहा। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 4,919.30 करोड़ रुपये रहा। टेम्पसेंस इंस्ट्रूमेंट्स की शानदार शुरुआत के साथ उसने इस साल 19 जनवरी को सूचीबद्ध हुई।

चालू वित्त वर्ष में निर्यात बढ़कर 7,700 करोड़

भारत का टायर निर्यात पहली तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश का टायर निर्यात चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 7,700 करोड़ रुपये रहा। वैश्विक स्तर पर जारी अनिश्चितताओं, आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने और कच्चे माल तथा लॉजिस्टिक की बढ़ी लागत के बावजूद टायर निर्यात बढ़ा है।

वाहन टायर बनाने वाली कंपनियों का संगठन एटीएमए ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एटीएमए (ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन) ने वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि टायर का निर्यात मूल्य वित्त वर्ष 2025-26 में 27,312 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। इसके बाद अब अप्रैल-जून 2026 में भी टायर निर्यात का प्रदर्शन मजबूत रहा है।

संघ ने कहा कि व्यापार समझौतों के जरिये बाजार तक बेहतर पहुंच और अनुकूल निर्यात नीतियों से उद्योग इस गति को बनाए रख सकता है तथा वैश्विक टायर विनिर्माण और निर्यात केंद्र के रूप में भारत की स्थिति और मजबूत हो सकती है।



एसोसिएशन के अनुसार, पैसेंजर कार रेडियल (पीसीआर) टायर के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई और पहली तिमाही में इसका निर्यात मूल्य के लिहाज से 21 प्रतिशत बढ़ा है। एटीएमए के चेयरमैन अरुण मैमन ने कहा, पहली तिमाही में टायर निर्यात की उल्लेखनीय वृद्धि नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत को दर्शाती है।

यूरोप प्रमुख केंद्र के रूप में उभराः यह वैश्विक बाजारों में भारत में निर्मित टायरों की बढ़ती स्वीकार्यता तथा प्रौद्योगिकी, क्षमता, उत्पाद विकास और गुणवत्ता में उद्योग द्वारा किए जा रहे निरंतर निवेश को बताती है। यूरोप भारत के टायर निर्यात की वृद्धि के प्रमुख केंद्र के रूप में उभरा है।

170 से अधिक देशों को निर्यात

यूरोप को टायर निर्यात पहली तिमाही में 25 प्रतिशत बढ़कर 3,003 करोड़ रुपये हो गया है। कुल भारतीय टायर निर्यात में यूरोप की हिस्सेदारी करीब 40 प्रतिशत रही। वहीं, अमेरिका सबसे बड़ा एकल निर्यात बाजार बना रहा है। पहली तिमाही में कुल टायर निर्यात मूल्य में अमेरिका की हिस्सेदारी 16 प्रतिशत रही। एटीएमए के मुताबिक, भारत में निर्मित टायर फिलहाल 170 से अधिक देशों को निर्यात किए जा रहे हैं।

मुथूट फाइनेंस और मणप्पुरम फाइनेंस देश की बड़ी गोल्ड कंपनियों में शामिल

गोल्ड लोन ने देश के दो परिवारों को बनाया अरबपति, तिजोरी में 273 टन सोना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में सोने को अक्सर लोग मुश्किल समय की बचत मानते हैं, लेकिन इसी सोने ने दो भारतीय परिवारों के लिए अरबों डॉलर की दौलत खड़ी कर दी। गोल्ड लोन के ज्यादा बिजनेस ने मुथूट फाइनेंस और मणप्पुरम फाइनेंस को देश की बड़ी गोल्ड लोन कंपनियों में शामिल कर दिया है। इन कंपनियों के पीछे खड़े परिवारों की जायदाद भी अब अरबों डॉलर में पहुंच चुकी है।

■ मुथूट और उनके परिवार की जायदाद करीब 9.9 अरब डॉलर

मुथूट फाइनेंस के जॉर्ज अलेक्जेंडर मुथूट और उनके परिवार की जायदाद करीब 9.9 अरब डॉलर है। वहीं, मणप्पुरम फाइनेंस के चेयरमैन वीपी नंदकुमार की कुल जायदाद करीब 1.4 अरब डॉलर आंकी गई है। दोनों की जायदाद ज्यादा होने में गोल्ड लोन बिजनेस का बड़ा हिस्सा रही है।

1887 में शुरू हुआ मुथूट परिवार का बिजनेस

मुथूट परिवार का बिजनेस 1887 में केरल से शुरू हुआ था। मुथूट निनान मथाई ने उस समय सामान बेचने की एक दुकान शुरू की थी। बाद में परिवार ने चिट फंड के जरिए किसानों और एस्टेट में काम करने वाले लोगों को पैसे उधार देने का काम शुरू किया। साल 1939 में परिवार ने सोने के बदले कर्ज देना शुरू किया। करीब 40 साल बाद बिजनेस तीन भाइयों में बांटा गया। सबसे बड़े बेटे मथाई जॉर्ज मुथूट ने उस लेंडिंग कंपनी को आगे किया, जो बाद में मुथूट फाइनेंस बनी।



दोनों परिवारों ने फैलाया व्यापार

आज मणप्पुरम माइक्रोफाइनेंस, हाउसिंग फाइनेंस, बिजनेस और गाड़ी लोन जैसे इलाकों में भी काम कर रही है। वहीं मुथूट ने मॉर्गेज, आईटी, ऊर्जा, रियल एस्टेट, शिक्षा, हेल्थकेयर और हॉस्पिटैलिटी जैसे इलाकों में बिजनेस फैलाया है। लेकिन, दोनों कंपनियों के बिजनेस की सबसे मजबूत नींव आज भी गोल्ड लोन ही है।

मणप्पुरम ने भी बदला व्यवसाय

मणप्पुरम फाइनेंस के चेयरमैन वीपी नंदकुमार ने अपने पिता के गिरवी रखने और पैसे उधार देने वाले बिजनेस को संभालकर शुरुआत की। 32 साल की उम्र में उन्होंने केरल के वालापड में बिजनेस की जिम्मेदारी ली। 1990 के करीब 5,6 साल बाद तक कंपनी शेयर बाजार में लिस्ट हो गई। बाद में कंपनी ने गोल्ड लोन पर ज्यादा ध्यान देना शुरू किया। 2007 में नंदकुमार ने इकरा की मदद से भारतीय परिवारों के पास मौजूद सोने का अंदाजा लगाया। रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय परिवारों के पास करीब 18,000 से 25,000 टन सोना था। इसके बाद कंपनी ने गोल्ड लोन को अपने बिजनेस का मुख्य हिस्सा बनाया और सिक्वोया कैपिटल से 1.4 करोड़ डॉलर की फंडिंग भी जुटाई।

रोमांचक फाइनल में जीत के साथ अपने नाम किए 1.91 करोड़ रुपए

'प्रज्ञाना' ने 6 अंक पिछड़ने के बाद रचा इतिहास, कारुआना को दी मात

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड शतरंज टूर (जीसीटी) का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने यहां ग्रैंड फाइनल में अमेरिका के फैबियानो कारुआना को हराया। प्रज्ञानानंदा ने कारुआना से 6 अंक से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की।



ग्रैंड शतरंज टूर जीतने वाले पहले भारतीय बने प्रज्ञानानंदा

अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर में प्रज्ञानानंदा की जगह पक्की

एजेंसी ▶▶ सेंट लुई

भारतीय खिलाड़ी ने आखिर में कारुआना को 15-13 से हराकर अपना पहला जीसीटी खिताब जीता और पुरस्कार राशि के रूप में 200,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग एक करोड़, 91 लख रुपए) अपने नाम किए। इस तरह से प्रज्ञानानंदा, कारुआना और एक अन्य अमेरिकी वेस्ली सो ने अगले साल होने वाले ग्रैंड शतरंज टूर में जगह पक्की कर दी। वेस्ली ने जर्मनी के विन्सेंट कीमर को 18-12 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

रैपिड राउंड जीतना महत्वपूर्ण : प्रज्ञानानंदा

प्रज्ञानानंदा ने जीत के बाद कहा, 'सच कहूं तो, मुझे नहीं लगता था कि आज मेरे पास जीतने के ज्यादा मौके हैं। ऐसा हर दिन नहीं होता। आप फैबी (कारुआना) से एक गेम जीत सकते हैं लेकिन रैपिड राउंड में दो गेम जीतना महत्वपूर्ण था।'

प्रज्ञानानंदा ने की शानदार वापसी

पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद से प्रशिक्षण लेने वाला चेन्नई का यह 21 वर्ष का खिलाड़ी दिन की शुरुआत में छह अंक से पीछे था लेकिन उन्होंने इसके बाद शानदार वापसी की तथा दोनों रैपिड गेम (प्रति गेम विजेता को चार अंक) जीतकर दो अंकों की बढ़त बना ली। इसके बाद खेले गए चार ब्लिट्ज मैचों में मुकाबला बराबरी का रहा, जिसमें प्रज्ञानानंदा और कारुआना ने एक-एक मैच जीता जबकि शेष दो मैच ड्रॉ रहे। इस तरह से रैपिड राउंड के आखिर में मिली दो अंकों की बढ़त भारतीय ग्रैंडमास्टर के लिए निर्णायक साबित हुई।



ड्रॉ करके खिताब अपने नाम किया

ब्लिट्ज सेक्शन का पहला गेम ड्रॉ रहा, जिसके बाद कारुआना ने दूसरा गेम जीतकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया। प्रज्ञाननंदा ने हालांकि तीसरा गेम जीत कर फिर से दो अंक की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद भारतीय खिलाड़ी ने अगला गेम ड्रॉ करके खिताब अपने नाम कर दिया। प्रज्ञानानंदा इस साल की शुरुआत में नॉर्वे शतरंज खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। इस दौरान उन्होंने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और टूर्नामेंट के प्रबल दावेदार मैग्नस कार्लसन को दो बार हराया था।

अविश्वसनीय सीजन का समापन

ग्रैंड शतरंज टूर ने एक्स पर पोस्ट किया, 'प्रज्ञाननंदा को पहली बार ग्रैंड शतरंज टूर का खिताब जीतने पर हार्दिक बधाई। एक रोमांचक फाइनल मैच में फैबियानो कारुआना को हराकर प्रज्ञानानंदा ने एक अविश्वसनीय सीजन का समापन किया और अपने करियर में पहली बार जीसीटी का खिताब अपने नाम किया।' उसने कहा, 'क्या शानदार वापसी थी। क्या जबरदस्त मुकाबला था। चैंपियन बनने का इससे शानदार तरीका और नहीं हो सकता।'

यूएस ओपन : विमेंस सिंगल्स मेन ड्रॉ के टॉप हाफ में सबालेंका, पेगुला और नोस्कोवा





एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका के साथ टॉप-सीडेड अमेरिकी जेसिका पेगुला और 2026 विंबलडन चैंपियन लिंडा नोस्कोवा को यूएस ओपन 2026 के 'विमेंस सिंगल्स' ड्रॉ के टॉप हाफ में रखा गया है।

वहीं, यूएस ओपन चैंपियन कोको गॉफ (2023) और इगा स्वियातेक (2022) बॉटम हाफ में हैं, उनके साथ 2026 ग्रैंड स्लैम चैंपियन मीरा एंड्रीवा और एलेना रायबाकिना भी शामिल हैं। सबालेंका अपने अभियान की शुरुआत कोलंबिया की वर्ल्ड नंबर 58 कैमिला ओसोरियो के खिलाफ करेंगी, जबकि दूसरी सीड वाली रायबाकिना पहले राउंड में अमेरिका की 580वीं रैंक वाली थिया फ्रोडिन से भिड़ेंगी।

पेगुला, गॉफ और अनिसिमोवा के पास आगे बढ़ने का मौका

टॉप अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला, गॉफ और अनिसिमोवा सभी के पास यूएस ओपन 2026 में आगे बढ़ने का मौका है। अब ऐसा होना भी चाहिए, क्योंकि पिछले साल यूएस ओपन में अनिसिमोवा के बाद से कोई भी अमेरिकी महिला खिलाड़ी ग्रैंड स्लैम फाइनल में नहीं पहुंच पाई हैं। अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश कर रहीं पेगुला क्वार्टर फाइनल में मुचोवा या नंबर 9 एलिना स्वितोलिना से भिड़ सकती हैं। ड्रॉ के निचले हिस्से में होने के कारण, अनिसिमोवा और हाल ही में सिनसिनाटी चैंपियन बनीं गॉफ क्वार्टर फाइनल में आमने-सामने हो सकती हैं। अगर सब कुछ सही रहा, तो नंबर 3 पेगुला और नंबर 4 गॉफ फाइनल में भी मिल सकती हैं।



खबर संक्षेप

महिला आयरिश ओपन प्रणवी की शानदार शुरुआत



स्ट्राफ़न। प्रणवी उर्स ने केपीएमजी महिला आयरिश ओपन में शानदार शुरुआत करते हुए तीन अंडर 69 का स्कोर बनाया लेकिन अन्य भारतीय खिलाड़ियों दीक्षा डागर, अवनी प्रशांत और त्वेसा मलिक पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। प्रणवी ने 10वें होल से शुरुआत की। उन्होंने 10वें, 16वें और 17वें होल पर बर्डी बनाई और फिर पहले होल पर एक और बर्डी जोड़ी। उन्होंने प्रणवी ने आठवें होल पर अपना एकमात्र शॉट गंवाया। वर्तमान में एलईटी रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज दीक्षा और त्वेसा दोनों ने 74 का स्कोर बनाया और वे संयुक्त 69वें स्थान पर हैं। कट में जगह बनाने के लिए उन्हें दूसरे राउंड में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी अवनी प्रशांत का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। उन्होंने सात ओवर में 79 का स्कोर बनाया।

बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश फाइनल में सेंथिलकुमार



बुडापेस्ट। भारत के वेलावन सेंथिलकुमार ने सेमीफाइनल मुकाबले में अपने हमवतन वीर चोटरानी को हराकर हंगरी की राजधानी में चल रहे 43,500 अमेरिकी डॉलर के पीएसए कॉपर टूर्नामेंट बुडापेस्ट ओपन स्क्वाश के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में सेंथिलकुमार का मुकाबला स्थानीय खिलाड़ी बालाज फरकास से होगा। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज और यहां आठवीं वरीयता प्राप्त सेंथिलकुमार ने तीसरी वरीयता प्राप्त चोटरानी को 9-11, 11-8, 11-7, 1-11, 12-10 से हराकर अपने 15वें पीएसए टूर फाइनल में जगह बनाई। सेंथिलकुमार ने क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के विश्व के नंबर 18 और शीर्ष वरीयता प्राप्त ईन यो एनजी को 11-2, 11-9, 11-8 से हराया था। यह टूर पर सेंथिलकुमार और फरकास की तीसरी भिड़ंत होगी।

डायमंड लीग : फाइनल में खेलेंगे नीरज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा ने प्रतिष्ठित एक दिवसीय प्रतियोगिता की सीरीज के केवल दो टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के बावजूद 5 सितंबर को ब्रसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

चोपड़ा ने 19 जून को दोहा और 21 अगस्त को लुसाने में हुई डायमंड लीग में क्रमशः दूसरा स्थान हासिल करके 12 अंक जुटाए। इसके साथ वह अंक तालिका में छठे स्थान पर रहे और ब्रसेल्स में होने वाले फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहे, जिसमें विजेता सीधा चैंपियन बनता है।

ज्यूरिख में अंक तालिका की गई अपडेट

ज्यूरिख में सीरीज के 14वें और आखिरी चरण के समाप्त होने के बाद अंक तालिका अपडेट की गई। इस साल हुई 14 डायमंड लीग प्रतियोगिता में से पांच में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा शामिल थी, लेकिन नीरज चोपड़ा ने इनमें से केवल दो प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया। अठाईस वर्षीय



- डब्ल्यूए अल्टीमेट चैंपियनशिप में जगह बनाने की दौड़ में
- 05 सितंबर को ब्रसेल्स में होगा टूर्नामेंट

चोपड़ा चोट से उबरने के बाद वापसी की राह पर हैं, उन्हें पिछले साल सितंबर से कमर के निचले हिस्से में लगी चोट परेशान कर रही थी। इस चोट के कारण उनकी वापसी में देरी हुई और उन्होंने दोहा डायमंड लीग में वापसी की।

ब्रसेल्स में दो दिन तक होगा फाइनल

डायमंड लीग फाइनल ब्रसेल्स में दो दिन तक आयोजित होगा, जिसमें 4 सितंबर को 16 स्पर्धाएं होंगी जबकि बाकी 16 स्पर्धाएं अगले दिन आयोजित की जाएंगी। पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा पांच सितंबर को होगी। विजेता को ट्रॉफी के साथ कम से कम 30,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। वहीं आठवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को 1,000 अमेरिकी डॉलर मिलेंगे। अगर पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा को डायमंड 'प्लस' स्पर्धाओं में चुना जाता है तो विजेता को 60,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिलेगी। श्रीलंका के उभरते हुए स्टार रुमेश पथिरागे 39 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर हैं। ऐसे में उन्हें ब्रसेल्स में डायमंड लीग की ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार माना जा रहा है।

दूसरा टेस्ट : इंग्लैंड के गेंदबाजों का कहर, पाकिस्तान महज 110 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶ लंदन

इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को चाय के विश्राम से पहले पाकिस्तान की पहली पारी को महज 110 रन पर समेट कर बड़ी बढ़त के साथ अपना दबदबा कायम कर लिया।

दिन की शुरुआत में इंग्लैंड की पहली पारी 290 पर सिमटी, जिसके बाद उसके चारों तेज गेंदबाजों ने पाकिस्तान के बल्लेबाजों पर कहर बरपाते हुए महत 37.2 ओवर में पूरी पारी समेट दी। ओली रॉबिन्सन इंग्लैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 13 ओवर में छह मेडन डालते हुए सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट झटके। जोफ्रा आर्चर ने 11.2 ओवर में 26 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि जोश टंग को दो सफलताएं मिलीं। गस एटकिंसन थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे और उन्हें कोई सफलता नहीं मिली।

पहली पारी में रॉबिन्सन ने 6 ओवर डाले मेडन



अवैस ने खेली 46 रन की पारी

पाकिस्तान की ओर से युवा सलामी बल्लेबाज अजान अवैस ने सबसे ज्यादा संघर्ष दिखाया। लीड्स में पिछले सप्ताह खेले गए पहले टेस्ट में शून्य और 9 रन बनाने वाले अवैस ने इस बार 102 गेंदों का सामना करते हुए 46 रन बनाए और 35वें ओवर तक क्रीज पर डटे रहे। वह पुल शॉट खेलने के प्रयास में बाउंड्री के पास कैच दे बैठे। अवैस की पारी इसलिए भी खास रही कि पाकिस्तान के स्कोर में उनके बाद सबसे ज्यादा योगदान 20 अतिरिक्त रनों का था।

योहान ने गुआर्डा एफसी के साथ किया करार

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पुर्तगाल के फुटबॉल क्लब गुआर्डा एफसी ने मुंबई में जन्में भारतीय युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी योहान बेंजामिन के साथ दो साल का करार किया है। हालांकि यह अनुबंध अंतरराष्ट्रीय मंजूरी और वीजा प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही प्रभावी होगा।

योहान के यूरोपीय फुटबॉल करियर में यह करार एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही, यह गुआर्डा एफसी के उस लक्ष्य के अनुरूप है, जिसमें वह भारत, एशिया और अन्य उभरते फुटबॉल बाजारों की युवा प्रतिभाओं को यूरोपीय फुटबॉल में आगे बढ़ने का मौका देना चाहता है।



यूरोप में मेरे सफर का अहम कदम

योहान बेंजामिन ने कहा, 'गुआर्डा एफसी के साथ जुड़ना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यूरोप में मेरे सफर में यह एक और अहम कदम है। मुझे इस स्तर पर आगे बढ़ने, मुकाबला करने और खुद को साबित करने का मौका मिलेगा। मुझ पर भरोसा करने और मौका देने के लिए मैं क्लब का आभारी हूं।' मिडफील्डर योहान ने अपने फुटबॉल करियर की शुरुआत फुटबॉल स्कूलों और अकादमियों से की, जिसमें कॉनशिएंट फुटबॉल मुंबई, बेंगलोर फुटबॉल अकादमी और मिनर्वा फुटबॉल अकादमी शामिल हैं।

सितंबर में 4 टी20 और 2 वनडे खेलेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली। श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज 1-0 से जीतने के बाद भारतीय टीम सितंबर 2026 में केवल लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में खेलती दिखेगी। सितंबर में उसे 4 टी20 मैच और 2 वनडे खेलने हैं। 17 दिन के ब्रेक के बाद भारतीय टीम 13 सितंबर को मैदान पर उतरेगी। अफगानिस्तान के खिलाफ उसे 3 मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है।

इसके बाद वेस्टइंडीज के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के दो मैच सितंबर में होंगे। इसी दौरान जापान में एशियन गेम्स भी आयोजित होगा, जिसके क्वार्टर फाइनल मैच 28 सितंबर से शुरू होंगे। भारत-अफगानिस्तान के बीच 3 मैचों की टी20 सीरीज नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में 13 से 17 सितंबर के बीच खेला जाएगा। अफगानिस्तान इस सीरीज का मेजबान है।भारत और वेस्टइंडीज के बीच 3 मैचों की वनडे सीरीज 27 सितंबर से 3 अक्टूबर के बीच खेली जाएगी।

ला लीगा: बार्सिलोना ने बिलबाओ को दी शिकस्त



एजेंसी ▶▶ बार्सिलोना

ला लीगा 2026/27 सीजन की शुरुआत एफसी बार्सिलोना के लिए शानदार रही है। पहले मैच में जीत दर्ज करने के बाद बार्सिलोना ने दूसरे मुकाबले में कैंप नोउ में एथलेटिक बिलबाओ को 2-0 से हराया। एफसी बार्सिलोना के लिए राफिन्हा (37वें मिनट) और फर्मिन लोपेज (82वें मिनट) ने शानदार गोल करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रतिद्वंद्वी एथलेटिक बिलबाओ की टीम एक भी शॉट टारगेट पर नहीं मार पाई। लामिन यमल ने 15 मिनट बाद एथलेटिक के गोलकीपर उनाई साइमन की परीक्षा ली।

- राफिन्हा-लोपेज ने दागे गोल

बार्सिलोना का बॉल पर कब्जा अधिक

बार्सिलोना का बॉल पर कब्जा अधिक होने के बावजूद, कैटलन क्लब को पेड्री के एक बेहतरीन मूव की जरूरत पड़ी, जिससे राफिन्हा को गोल करने का मौका मिला और ब्राजील के खिलाड़ी ने शानदार अंदाज में गोल दागा। साइमन ने दूसरे हाफ में कई शानदार बचाव किए, लेकिन 82वें मिनट में वह बार्सिलोना का दूसरा गोल नहीं रोक सके। स्पेनिश खिलाड़ी एमेरिक लापोर्टे की गलती का फायदा उठाते हुए लोपेज ने सीजन का अपना तीसरा गोल किया और बार्सिलोना की बढ़त 2-0 कर दी। मैच में सेल्टा विगो ने अच्छी शुरुआत की। इयागो एस्पस ने शुरुआती गोल करके अपनी टीम को ओसासुना के खिलाफ घरेलू मैदान पर बढ़त दिला दी।

दिनुशा का अभावों से शिखर तक का सफर

बहन ने उधार लेकर दिलाया था पहला बल्ला

एजेंसी ▶▶ कोलंबो

भारत को दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में जीत से वंचित करने वाले श्रीलंका के युवा बल्लेबाज सोनल दिनुशा को इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा और यहां तक कि उनके लिए पहला बल्ला उनकी बहन ने पैसे उधार लेकर खरीदा था।

यह क्रिकेटर अपने खेल के प्रति कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि उन्होंने दूसरे टेस्ट में भारत की संभावित जीत को अकेले दम पर टालने के कुछ ही घंटों के भीतर नेट पर अभ्यास करना चाहा। जश्न मनाना उस श्रीलंकाई खिलाड़ी के लिए कोई मायने नहीं रखता था, जिन्होंने अपने जीवन की कठोर वास्तविकताओं से ध्यान हटाने के लिए खेल को चुना था।

स्वीप शॉट का किया शानदार नमूना पेश

भारत के खिलाफ टेस्ट मैच शुरू होने से कुछ दिन पहले दिनुशा ने प्रियांजन को फोन किया था। प्रियांजन ने कहा, 'उसने कहा, 'सर, भारत के पास हर तरह के स्पिनर हैं। हमें अच्छी तैयारी करनी होगी।' यही हमारी चर्चा का मुख्य बिंदु था। वह हर मैच से पहले मुझे फोन करता है।' दिनुशा की कड़ी मेहनत आखिर में रंग लाई और उन्होंने भारत के स्पिनरों रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार (सभी बाएं हाथ के स्पिनर) और सारांश जैन (ऑफ-स्पिनर) के खिलाफ स्वीप शॉट का शानदार नमूना पेश करते हुए उन्हें कुंद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। दिनुशा ने गॉल और कोलंबो टेस्ट मैचों में कुल 420 रन बनाए, जिनमें से 173 रन स्वीप शॉट से आए। इस तरह से उन्होंने किसी एक टेस्ट सीरीज में स्पिन के खिलाफ स्वीप शॉट खेलते हुए सबसे अधिक रन बनाने के मामले में जो रूट (160 रन) को पीछे छोड़ दिया।



नेट पर सिर्फ स्वीप शॉट का अभ्यास

यह 25 वर्षीय खिलाड़ी कड़ी मेहनत करने में विश्वास रखता है और यही वजह है कि प्रियांजन को दिनुशा की भारतीय स्पिनरों के खिलाफ मिली सफलता पर आश्चर्य नहीं हुआ। उन्होंने कहा, 'मैंने उसे पहली बार स्कूल क्रिकेटर के रूप में देखा था। तब वह 11 या 12 साल का था, लेकिन उस उम्र में भी क्रिकेट के प्रति उसका उत्साह और समर्पण सराहनीय था।' उन्होंने कहा, 'मैंने एक बार उससे कहा था कि स्पिनरों के खिलाफ सफल होने के लिए उन्हें स्वीप शॉट अच्छी तरह से खेलना आना चाहिए। इसके बाद से ही उसने लगभग दो घंटे नेट पर सिर्फ स्वीप शॉट का अभ्यास किया।'

अंतरिक्ष में इंसानों के कदम तो अब तक कई बार पड़ चुके हैं, लेकिन जब वैज्ञानिकों ने जमीन पर भनभनाने वाली नन्हीं मधुमक्खियों को स्पेस में भेजा, तो जो नतीजा सामने आया उसने हर किसी को हैरान कर दिया। जरा सोचिए, जहां बिना गुरुत्वाकर्षण के इंसान के लिए एक-एक कदम संभालना मुश्किल हो जाता है, वहां करीब 3,301 मधुमक्खियां जीरो ग्रेविटी में तैर रही हों! साल 1984 में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कुछ ऐसा ही प्रयोग किया था।

स्पेस में भेजीं 3,300 रानी मधुमक्खियां, जीरो ग्रेविटी में टकराने के बाद बनाया अनोखा रिकार्ड!

वॉशिंगटन। नासा के वैज्ञानिक यह देखना चाहते थे कि क्या मधुमक्खियां बिना ग्रेविटी के उड़ सकती हैं और क्या वे अपना छत्ता बना सकती हैं? 7 दिनों के इस मिशन की शुरुआत में मधुमक्खियों को शुरुआती दिनों में काफी समस्या हुई और उड़ते समय वे बॉक्स की दीवारों से टकराने लगीं। लेकिन, कुछ ही दिनों में उन्होंने खुद को अंतरिक्ष के माहौल में ढाल लिया। मिशन के आखिरी दिनों तक मधुमक्खियां सामान्य तरीके से उड़ने लगी थीं और उन्होंने स्पेस में करीब 200 सेंटीमीटर का छत्ता भी बना लिया था।



नासा क्यों करना चाहता था यह प्रयोग?

नासा का यह प्रयोग एसटीएस-41सी मिशन का हिस्सा था और इसके दो उद्देश्य थे। वैज्ञानिक यह देखना चाह रहे थे कि माइक्रोग्रेविटी में मधुमक्खियां कैसा व्यवहार करती हैं और क्या वे वहां जीवित रह भी पाती हैं या नहीं। इसके साथ ही, वैज्ञानिक स्पेस में बने छत्ते की तुलना पृथ्वी पर बनने वाले छत्तों से करना चाहते थे। इन मधुमक्खियों को एक विशेष रूप से डिजाइन किए गए बॉक्स में रानी मधुमक्खी, लकड़ी के फ्रेम और भोजन के साथ रखा गया था। नासा ने उनके भोजन के लिए चीनी, पानी और अगर का एक मिश्रण तैयार किया था, क्योंकि अंतरिक्ष में सामान्य तरल पदार्थ बूंद बनकर तैरने लगते हैं।

शुरुआत में दीवारों से टकराईं मधुमक्खियां

अंतरिक्ष यान की लॉन्चिंग के दौरान मधुमक्खियां सुरक्षित रहीं, लेकिन जीरो ग्रेविटी में उड़ना उनके लिए पूरी तरह से नया एक्सपीरियंस था। शुरुआती जांच में सामने आया कि जब मधुमक्खियों ने उड़ने का प्रयास की, तो वे अपने बॉक्स की ही दीवारों से टकराने लगीं। लेकिन, जैसे-जैसे दिन बीते, उनके व्यवहार में बदलाव आने लगा। सातवें दिन तक अंतरिक्ष यात्रियों ने बताया कि मधुमक्खियों ने जीरो ग्रेविटी के माहौल को पूरी तरह अपना लिया था और वे आत्मविश्वास के साथ उड़ने लगी थीं। क्रू मेंबर्स ने लिखा कि सातवें दिन तक छत्ता अच्छी तरह बन चुका था और मधुमक्खियां जीरो ग्रेविटी में ढल चुकी थीं।



स्पेस में बना दिया 200 सेंटीमीटर का छत्ता

मधुमक्खियों ने स्पेस में न सिर्फ खुद को संभाला, बल्कि अपना काम भी शुरू कर दिया। स्पेस में बंद मधुमक्खियों ने पूरे मिशन के दौरान लगभग 200 सेंटीमीटर लंबा छत्ता तैयार किया। रिसर्चर्स ने पाया कि स्पेस में बने छत्ते और पृथ्वी के छत्ते में कुछ अंतर थे। अंतरिक्ष में बने छत्ते के खानों का व्यास पृथ्वी के मुकाबले छोटा था और उनकी दीवारें ज्यादा मोटी थीं। वहीं, मधुमक्खियां सामान्य गहराई वाले खाने बनाने में सफल रहीं और उन्होंने कुछ खानों में अपनी शुगर सिरप भी जमा की. मिशन के अंत में ज्यादातर मधुमक्खियां जीवित मिलीं। इस दौरान रानी मधुमक्खी ने लगभग 35 अंडे भी दिए थे, लेकिन पृथ्वी पर लौटने के बाद उनमें से बच्चे नहीं निकल सके। इसके पीछे का कारण सामने नहीं आ सका।

रोचक खबरें

जीरो फिगर का खतरनाक नशा, 15 दिन की डाइट के बाद महिला का हुआ बुरा हाल

बीजिंग। आज के समय में स्लिम और सुंदर दिखने की दीवानगी लोगों पर इस कदर हावी हो गई है कि वे अपनी सेहत की कीमत पर जानलेवा नुस्खे अपनाने से भी नहीं कतराते। हाल ही में चीन के हेनान प्रांत से एक ऐसी ही झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जिसने सबको हैरान कर दिया है। 5 फीट 3 इंच की एक 31 वर्षीय महिला का वजन 70 किलो था। उसे जल्दी वेट लॉस करना था। इसके लिए उसने ऐसा खतरनाक रास्ता चुना, जिसने उससे उसका चलना-फिरना ही छीन लिया। महिला ने लगातार 15 दिनों तक बिना कुछ खाए, सिर्फ पानी के सहारे रहने का फैसला किया। इस क्रैश डाइट से उसने 20 किलो वजन तो घटा लिया, लेकिन उसकी हालत ऐसी हो गई कि आज वह अपने पैरों पर ठीक से खड़ी भी नहीं हो पा रही है और उसकी चाल बिल्कुल पेंगुइन जैसी हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जब हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो डॉक्टरों की रिपोर्ट देख पैरों तले जमीन खिसक गई। महिला को 'वर्निके एन्सेफेलोपैथी' नाम की गंभीर दिमागी बीमारी हो गई थी। यह बीमारी शरीर में विटामिन बी1 की भारी कमी और अत्यधिक कुपोषण की वजह से होती है। इसकी चपेट में आने के बाद महिला को भ्रम होने लगा, याददाश्त कमजोर हो गई, आंखों को हिलाने में दिक्कत आने लगी और शरीर का संतुलन पूरी तरह बिगड़ गया। डॉक्टरों के मुताबिक, लंबे समय तक भूखा रहने और पोषण न मिलने से महिला के नर्वस सिस्टम को बहुत गहरा नुकसान पहुंचा है। न्यूरोलॉजिस्ट का कहना है कि तमाम इलाज के बाद भी इस बात की आशंका है कि उसकी यह पेंगुइन जैसी चाल उम्रभर के लिए ऐसी ही बनी रह सकती है।



नीले केकड़ों के खिलाफ इटली ने उतारी 1.30 लाख बेबी ऑक्टोपस की फौज

रोम। इटली ने एक खतरनाक घुसपैठिए से निपटने के लिए नया हथियार खोज लिया है। यह हथियार कोई मशीन नहीं, बल्कि ऑक्टोपस की एक विशाल आर्मी है। इटली के समंदर में ब्लू क्रैब नाम के केकड़ों ने भारी आतंक मचा रखा है। ये क्रैब दशकों पहले गलती से इटली के पानी में आ गए थे। अब इनकी संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। ये क्रैब मछली पकड़ने वाले जाल फाड़ रहे हैं। इसके अलावा ये कीमती सीप और मसल्स को भी खा रहे हैं। इससे इटली की कोस्टल इकॉनमी को भारी नुकसान हो रहा है। इस तबाही को रोकने के लिए साइंटिस्ट्स ने समंदर में लाखों ऑक्टोपस छोड़ने का फैसला किया है। उम्मीद है कि ये ऑक्टोपस बड़े होकर इन केकड़ों को अपना शिकार बनाएंगे। इस बड़े कदम से इटली की फिशिंग इंडस्ट्री को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ब्लू क्रैब का वजन लगभग दो पाउंड होता है। इनके नीले रंग के पंजे काफी आकर्षक लगते हैं, लेकिन ये बहुत खतरनाक होते हैं। इन केकड़ों का कोई नेचुरल शिकारी नहीं है। इसलिए इनकी आबादी तेजी से बढ़ रही है। कोल्डिरेटी नाम के एक संगठन ने इस नुकसान का एनालिसिस किया है। यह संगठन मछुआरों और किसानों का प्रतिनिधित्व करता है। उनके अनुमान के मुताबिक अब तक 200 मिलियन यूरो यानी लगभग 170 मिलियन पाउंड (लगभग 22,24,18,00,000 रुपए) का नुकसान हो चुका है। ये क्रैब समंदर में मिलने वाले क्लैम और मसल्स को पूरी तरह चट कर जाते हैं। एमिलिया-रोमाग्ना के एग्रीकल्चर और फिशरीज इंचार्ज एलेसियो ममी ने कहा, 'ब्लू क्रैब सिर्फ एक आक्रामक प्रजाति नहीं है। यह हमारे पानी में आए अब तक के सबसे गंभीर संकटों में से एक है।' कुछ इलाकों में इन केकड़ों ने 70 प्रतिशत क्लैम प्रोडक्शन को नष्ट कर दिया है।



रिसर्च

हाल की इस रिपोर्ट ने बढ़ा दी है वैज्ञानिकों की चिंता

इलेक्ट्रिक रेन का खतरा! बारिश की बूंदें तोड़ रही हैं लोहे की सुरक्षा

बर्लिन। एसिड रेन के बाद वैज्ञानिकों ने इलेक्ट्रिक रेन के बारे में खोज की है, जो आपके घर या आसपास रखे लोहे के सामान के लिए खतरनाक साबित होगी. वैज्ञानिकों की इस नई रिसर्च ने चिंता बढ़ा दी है। आपके घर या आसपास रखे मेटल या लोहे के सामान पर कई बार जंग लग जाती है। आमतौर पर माना जाता है कि एसिड रेन लोहे या मेटल्स को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाती है। इसके अलावा प्रदूषण से भी लोहे के समानों पर जंग लगती है। इस बीच एक ऐसी रिपोर्ट सामने आई है, जिसने लोगों को हैरान कर दिया है।

दरअसल, जर्मनी की मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट के रिसर्चर्स ने हैरान करने वाला दावा किया है। इस रिसर्च में बताया गया कि इलेक्ट्रिकली चार्ज्ड पानी के कारण भी मेटल्स पर जंग लगती है।



क्या आपने इलेक्ट्रिक रेन के बारे में सुना था?

इलेक्ट्रिकली चार्ज्ड पानी को 'इलेक्ट्रिक रेन' के सामान्य नाम से भी जाना जाता है। वैज्ञानिक पहले से मानते रहे हैं कि बारिश का पानी धातुओं को नुकसान पहुंचाता है। आमतौर पर मुख्य कारण सिर्फ प्रदूषण या पानी की चोट को माना जाता था। अब नए शोध ने पुरानी सोच को पूरी तरह बदल दिया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि पानी में यह छोटा चार्ज काफी नुकसान कर सकता है। इसके कारों या किसी मेटल पर पड़ने से महंगा कोट भी बेकार हो जाता है। वैज्ञानिकों ने माना कि यह चार्ज मेटल को अंदर तक गला देता है।

कैसे कारों पर होता है इसका असर : रिपोर्ट में बताया कि शोध के दौरान लैब में पानी की बूंदों को अलग-अलग चीजों पर गिराया गया। इसमें पौधे के पत्ते, पीवीसी फोम बोर्ड और पालीस्टाइनिन ग्लास शामिल थे। इसके बाद इन बूंदों को टेफ्लॉन से कोट किए गए तांबे पर भी गिराया गया। इसके बाद देखा गया कि बूंदों में काफी हल्का सा इलेक्ट्रिक चार्ज आ गया. यह चार्ज 0.2 से 2 नैनोकूलम्ब के बीच था। वहीं, जब इस प्रकार की 3000 बूंदें तांबे पर गिरीं, तो उसका प्रोटेक्टिव लेयर पूरी तरीके से टूट गया. जिसके बाद तांबे में तेजी से जंग लगी।

जंग से बचने की नई तकनीक की जरूरत?

नई रिसर्च को लेकर वैज्ञानिकों ने चिंता जताई है। रिसर्चर्स का कहना है कि चार्ज्ड पानी नेचुरल तरीके से कई जगह बनता है। हैरान करने वाली बात है कि यह बादलों, आंधी-तूफान, समंदर की लहरों और झरनों में भी खुद से पैदा हो जाता है। कुछ इंडस्ट्रियल प्रोसेस के दौरान भी ऐसा होता है। शोधकर्ताओं ने माना कि यह अनदेखा खतरा दुनिया की तमाम ऐतिहासिक धरोहरों को चुपचाप खोखला कर रहा है। बताया जाता है कि मौजूदा एंटी-करोजन रणनीतियां इस खतरे से निपटने के लिए काफी साबित नहीं हो सकती है।



खतरे से निपटने के लिए उठाए जाने वाले कदम

हालांकि, यह स्टडी केवल लैब तक सीमित नहीं है। नेचर जर्नल की रिपोर्ट बताती है कि इस रिपोर्ट ने अब एक नई परेशानी की ओर वैज्ञानिकों का ध्यान खींचा है। हालांकि, अभी यह पता लगाना बाकी है कि सामान्य जीवन में बारिश का पानी कितना चार्ज होता है। भविष्य में आने वाली रिसर्च में पता चलेगा कि रोजमर्रा की चीजों पर इसका कितना असर होगा। माना जा रहा है कि जब एक बार वैज्ञानिक इस खतरे को पूरी तरीके से समझ लेंगे, फिर इससे बचाव के तरीके भी सामने आएंगे.

चीन की नई क्रांति, बांस से बना डाला दुनिया का पहला फ्लोटिंग सोलर प्लांट



बीजिंग। चीन ने समुद्री ऊर्जा के क्षेत्र में एक ऐसा क्रांतिकारी कदम उठाया है, जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। आमतौर पर समंदर में तैरते हुए सोलर प्लांट बनाने के लिए लोहे, स्टील और भारी प्लास्टिक के ढांचों का इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन, चीन ने शैंडोंग प्रांत के यांताई तट पर दुनिया का पहला 100-किलोवाट क्षमता वाला ऐसा फ्लोटिंग सोलर फार्म उतारे हैं जिसका पूरा ढांचा बांस से बना है। 'जिलिन -2' नाम का यह अनोखा प्लेटफॉर्म बांस के कंपोजिट ट्यूब्स और पाइप्स की मदद से समंदर में तैर रहा है। यह प्रोजेक्ट न केवल चीन को क्लीन एनर्जी देगा बल्कि समंदर में फैलते प्लास्टिक और लोहे के कचरे को भी काफी हद तक कम करेगा।

यह नया फ्लोटिंग सोलर प्लेटफॉर्म जिलिन-2 चीन के वांगताई में प्रदर्शन बेस पर तैनात किया गया है। इसे यांताई सीआईएमसी रैफल्स ओशन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि पारंपरिक स्टील या हाई-डेंसिटी पॉलीथीन ढांचों की तुलना में यह बांस आधारित डिज़ाइन समुद्री पर्यावरण पर होने वाले बुरे प्रभावों को काफी कम कर देता है।

सी बैम्बू का कमालः खारे पानी और धूप से भी नहीं होगा खराब

सबके मन में यही सवाल उठ रहा है कि बांस तो पानी में सड़ जाता है, फिर समंदर की तूफानी लहरों में यह कैसे टिकेगा? दरअसल, बीजिंग फॉरेस्ट्री यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने इसके लिए खास 'सी बैम्बू पाइप्स' तैयार किए हैं। ये फाइबर-रेनफोर्स्ड वुड-बैम्बू कंपोजिट पाइप हैं, जिन्हें खास तकनीक से मॉडिफाई किया गया है। ये पाइप समंदर के खारे पानी, लगातार बनी रहने वाली नमी, तेज नमक की फुहारों और सूरज की हानिकारक अल्ट्रावायलेट (यूवी) किरणों को आसानी से झेल सकते हैं।

लद्दाख में दिखा दुर्लभ कुदरती करिश्मा

नई दिल्ली। लद्दाख का भारत का ठंडा रेगिस्तान कहा जाता है। वहां पर साल भर हाड़ लगा देने वाली ठंडी हवाएं बहती हैं और कई इलाकों में भारी बर्फबारी होती है। हालांकि, काफी इलाके ठंडे और सूखे रहते हैं। अब इसी लद्दाख में एक दुर्लभ नजारा देखने को मिला है। वहां पर एक शिक्षिका ने अपने कैमरे में कुछ खास रिकॉर्ड कर लिया। उन्होंने इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया तो लोग दंग रह गए और देखते ही देखते ही वे तस्वीरें वायरल हो गईं। आखिर प्रेरणा दलाल के कैमरों ने ऐसा किया रिकॉर्ड कर लिया था लोग अवाक रह गए। प्रेरणा दलाल योग शिक्षिका हैं। वे लद्दाख घूमने गई थीं। वहां पर उन्होंने लद्दाख के पहाड़ों पर आसमान में हरे, नीले और बैंगनी रंग के बादल देखे। ऐसा लग रहा था कि जैसे किसी ने हल्के पेस्टल रंगों से आसमान को पेंट कर दिया हो।



अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर तस्वीरें पोस्ट करके प्रेरणा ने लिखा, 'आकाश में जब बादल इंद्रधनुष में बदल जाते हैं। लद्दाख के ग्लेशियरों के ऊपर ड्रोन शॉट लेते समय मैंने यह नजारा देखा। सच कहूं तो मुझे समझ ही नहीं आ रहा था कि मैं क्या देख रही हूं. मैं बस वहां खड़ी होकर सोचती रही कि यह क्या है?' उनकी तस्वीरों को देखकर इंटरनेट यूजर्स बुरी तरह चौंक गए।

क्या होता है बादलों का सतरंगी होना?

रिपोर्ट के मुताबिक, बादलों को सतरंगी हो जाने की घटना को 'क्लाउड इरिडेसेंस' या 'इंद्रधनुषी बादल' कहा जाता है। यह तब होता है, जब सूर्य की रोशनी बादलों में मौजूद पानी की छोटी बूंदों के साथ संपर्क करता है। इस वजह से प्रकाश का बिखराव होता है, जिससे इंद्रधनुष जैसे रंग बनते हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक, हालांकि क्लाउड इरिडेसेंस एक प्राकृतिक घटना है। इसके बावजूद, यह काफी दुर्लभ और क्षणिक घटना होती है। इसे देखना बेहद खास होता है। चूंकि, लद्दाख बहुत ऊंचाई पर है और वहां का वातावरण भी एकदम साफ रहता है। इसलिए वहां पर ऐसी अनोखी वायुमंडलीय घटनाएं देखने को मिल जाती हैं।

ये है दुनिया का सबसे जहरीला पक्षी

केनबरा। दुनिया में कई खतरनाक जीव-जंतु हैं जिन्हें देखकर इंसान दूर भागते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी किसी ऐसे पक्षी के बारे में सुना है जो इतना जहरीला हो कि अनुभवी शिकारी भी उसे छूने से डरें? जी हां, ऐसा पक्षी वाकई मौजूद है। इसका नाम है हुडेड पिटोहुई। इसे दुनिया का सबसे जहरीला पक्षी माना जाता है। इस पक्षी के पंखों, त्वचा और शरीर में जानलेवा जहर छिपा रहता है। न्यू गिनी के घने जंगलों में रहने वाले कबीलाई लोग भी इसे देखते ही छोड़ देते हैं क्योंकि वे अच्छी तरह जानते हैं कि इसका शिकार उन्हें अपाहिज कर सकता है।

इंसानों से बढ़ा टकराव, जापान में 14 हजार भालुओं को मार डाला

टोक्यो। जापान में सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल 2025 से लेकर जनवरी 2026 के बीच 14 हजार से ज्यादा भालुओं को मार दिया गया है। इसकी वजह जापान की खूबसूरत पहाड़ियों और घने जंगलों में इन दिनों इंसानों और भालुओं के बीच टकराव बढ़ना है। जंगलों में रहने वाले भालू अब खाने की तलाश में रिहायशी इलाकों तक पहुंच रहे हैं। हालात, इन बिगड़ गए कि जापान में भालुओं को पकड़कर मार दिया जाने लगा।



शिकारियों की भी घटी संख्या : जापान सरकार की तरफ कहा गया है कि प्रशिक्षित शिकारियों की कमी के कारण समस्या बढ़ी है। 1975 के बाद से लाइसेंस प्राप्त शिकारियों की संख्या आधे से भी कम हो चुकी है। इसके कारण सरकार ने आबादी वाले क्षेत्रों में भालुओं को गोली मारने के नियमों में भी ढील दी, जिसके भालुओं को पकड़ने और मारने की कार्रवाई काफी बढ़ गई।

क्यों रिहायशी इलाकों में पहुंच रहे हैं भालू?

सबसे बड़ा सवाल है कि आखिर जापान में भालू रिहायशी बस्तियों तक क्यों जा हैं? जवाब है कि जंगलों में खाना कम होने पर बस्तियों में भालू पहुंचने लगे। बताया जा रहा है कि जापान के कई इलाकों में भालुओं और इंसानों के बीच टकराव की बड़ी वजह भोजन की कमी है।

बदलते मौसम से खाद्य पदार्थों की उपलब्धता प्रभावित

सर्दी के मौसम में भालू हाइबरनेशन यानी लंबी नींद में जाने से पहले जमकर खाना खाते हैं, जिसके लिए वे जंगलों में मिलने वाले बीच नट्स और एकॉर्न जैसे फलों और बीजों पर निर्भर रहते हैं। लेकिन रिकॉर्ड गर्मी और बदलते मौसम से जंगलों में इन खाद्य पदार्थों की उपलब्धता प्रभावित हुई है। इसका नतीजा हुआ कि भूखे भालू पहाड़ों और जंगलों से गांवों और रिहायशी इलाकों में पहुंचने लगे, क्योंकि वो फलों के पेड़, खेत और इंसानों का छोड़ा खाना आसानी से पा जाते हैं। इसके अलावा एक और सबसे बड़ी वजह जापान के गांवों में इंसानों की आबादी भी कम हुई है। खेतों और बगीचे छोड़ दिए गए हैं, जो धीरे-धीरे जंगलों में बदलते जा रहे हैं। इसके कारण भालुओं के रहने की जगह और इंसानी बस्तियों के बीच की दूरी भी कम हो गई। बीते साल भालू और इंसानों के बीच यह सबसे खौफनाक भिड़ंत थी। भालुओं ने 230 से ज्यादा लोगों पर हमले किए, जिनमें 13 लोगों की मौत हो गई।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com